नई दिल्ली, सोमवार 2 मार्च 2026 ■ फाल्गुन मास शुक्ल पक्ष, पूर्णिमा-14 ■ वर्ष : 12, अंक : 318 ■ पृष्ठ : 12 मूल्य : 2.00 मौसम अधि. 29 न्यून. 17 haribhoomi.com


# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी






श्रीनगर में खामेनेई की मौत के विरोध में प्रदर्शन



खामेनेई (मृतक)



अराफी (ज्यूरिस्ट मेंबर)

## ईरान में कयामत

### दुनिया भर में तेल संकट गहराने का डर

### 24 घंटे के भीतर ईरान की सारी टॉप लीडरशिप के 40 प्रमुख लोगों का सफाया

# 30 'बमों' से इजराइल ने उड़ाए खामनेई के चीथड़े

» **सुप्रीम लीडर खामेनेई की बेटी-दामाद, बहू-पोती की मौत**

» **ईरान के लीडरशिप काउंसिल का ज्यूरिस्ट मेंबर बने अराफी**

- ट्रंप ने कहा- दुनिया के सबसे क्रूर तानाशाह का अंत
- ट्रंप ने कहा- तुरंत सरेंडर करो। इजराइल के रक्षा मंत्री ने कहा- सरेंडर करने तक स्टैंड इन पोजीशन में होते रहेंगे नॉन स्टॉप हमले

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

24 घंटे से पूरा अरब जल रहा है। अमेरिका इजराइल ने मिलकर करीब 1200 बमों व करीब 2 हजार मिसाइलों से तेहरान को मिट्टी-मिट्टी व धुआं-धुआं कर दिया है।




वहीं, ईरान ने भी 8 अरब देशों के साथ इजराइल व अमेरिका के सैन्य अड्डों पर मिसाइलें बरसाई हैं। इन हमलों में इजराइल व अमेरिका का दावा है कि ईरान के सर्वोच्च नेता खामनेई व उसके 40 प्रमुख लोगों का खात्मा कर दिया गया है। हमले के समय खामनेई कमांडर्स के साथ मीटिंग कर रहे थे। खामनेई के मारे जाने पर ईरान में 40 दिन का राजकीय शोक और सात दिन की छुट्टी घोषित कर दी गई है। ईरानी इस्लामिक रेवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स ▶▶ शेष पेज 5 पर

### एयरपोर्ट्स पर हाहाकार जंग के बीच भारत में 444 उड़ानें रद



ईरान पर हुए हमले की वजह से शनिवार को 410 उड़ानें रद्द की गईं थी और अब संभावनाएं जताई गई है कि रविवार को भारत 444 इंटरनेशनल उड़ानें रद्द हैं। एमिरेट्स, कतर एयरवेज समेत कई एयरलाइनों ने उड़ानें निलंबित कीं और 1,800 से ज्यादा फ्लाइट रद्द हुईं। अरब क्षेत्र में करीब 3400 उड़ानें रद्द हैं।

### ईरान में 200 की मौत, 740 घायल

इजराइल और अमेरिका ने ईरान की राजधानी तेहरान समेत 10 बड़े शहरों को निशाना बनाया। हमलों से अब तक 200 से ज्यादा लोगों की मौत हो चुकी है, जबकि 740 से ज्यादा लोग घायल हुए हैं। एक स्कूल पर मिसाइल गिरने से 148 छात्राओं की मौत हो गई और 45 घायल हैं। ईरान ने भी देशों पर जवाबी हमले किए थे।

## » खामेनेई की मौत पर भारत और पाक में प्रदर्शन



पाकिस्तान के कराची में प्रदर्शन करते लोग

श्रीनगर के लाल चौक पर शनिवार को कश्मीरी शिया मुसलमानों ने जमकर प्रदर्शन किया। लाल चौक पर प्रदर्शन कर रहे लोगों ने कहा कि यह हमला पूरी मानवता और संप्रभुता पर प्रहार है। पाकिस्तान के कब्जे वाले गिलगित-बाल्टिस्तान क्षेत्र के स्कर्दू शहर में सैकड़ों प्रदर्शनकारी सड़कों पर उतरे। प्रदर्शनकारियों ने स्कर्दू में संयुक्त राष्ट्र से जुड़े एक कार्यालय में आग लगा दी। प्रदर्शनकारियों ने अमेरिकी दूतावास पर धावा बोल दिया और दीवार फांदकर अंदर घुसने की कोशिश की। इस दौरान हुई गोलीबारी में 12 प्रदर्शनकारियों की मौत हो गई और 30 से अधिक घायल हो गए।

### भोपाल की करोंद मस्जिद में भी श्रद्धांजलि सभा



**भोपाल।** राजधानी की करोंद स्थित शिया मस्जिद में रविवार को जोहर की नमाज के बाद श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई, जिसमें बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए। सभा को संबोधित करते हुए इमाम बाकर हुसैन ने कहा- पूरी दुनिया उस शख्सियत को जानती है, जिसने जुल्म के खिलाफ आवाज उठाई और मजलूमों का साथ दिया। खामेनेई ने अपने जीवन में अत्याचार का विरोध किया और इस्लामी इंकलाब के सिद्धांतों को आगे बढ़ाया।

## लेकिन, बड़ा सवाल ये

- क्या खामनेई जिंदा है? क्योंकि, कह तो नेतन्याहू व ट्रंप भी रहे हैं, ईरान की आर्मी भी कह रही है पर खामनेई के फोटो कहां हैं?
- कहीं, खामनेई ने ट्रंप से कोई गुप्त समझौता तो नहीं किया कि वह कहीं पहाड़ों के नीचे चला जाए और उसे मरा घोषित कर दिया जाए?
- खामनेई ने लीडरिशप से हटना मान लिया हो और तख्ता पलट को मंजूरी दे दी हो ताकि वह सालों बाद सुरक्षित प्रकट हो सके?
- क्योंकि, ईरान से खामनेई और टॉप लीडरिशप के मारे जाने का बयान चौंकाता है, आमतौर पर ऐसा होता नहीं है कि प्रभावित देश तत्काल पुष्टि कर दे?
- ईरान में कभी भी पैदल सेना नहीं उतारी जा सकती है। क्योंकि, वह पहाड़ी इलाका है। वहां आकाशीय हमले ही संभव है। इसलिए, अमेरिका ने सबसे पहले अफगानिस्तान से पाक पर हमला करवाया।

## इन थ्योरी से समझिए युद्ध के पीछे की हकीकत?

### क्या यह सिर्फ परमाणु हथियारों को नष्ट करने व तख्ता पलट के लिए युद्ध है?

- नहीं, यह परमाणु हथियारों को नष्ट करने व तख्ता पलट के लिए युद्ध नहीं है। यह सिर्फ दुनिया को दिखाने के लिए है।
- इसके पीछे दुनिया के देशों में हथियारों की बिक्री,पैसा बटोरने, अपने प्रभुत्व को स्थापित करने व अपनी सीमाओं की विस्तारवादी नीति प्रमुख है।
- ट्रंप ने नारा ही दिया था- ग्रेट अमेरिका, मेक अगेन। अमेरिका इसी नारे को आगे बढ़ा रहा है। साथ ही ट्रंप अपने दामाद की कंपनी में दुनिया के देशों की मनी पार्क करा रहे हैं।
- इजराइल भी अरब देशों को मिलाकर एक ग्रेटर इजराइल बनाने की कल्पना कर रहा है। इसलिए, इस बार उसने सऊदी अरब को साथ मिलाया। सऊदी अरब ईरान को अपने लिए बड़ी धमकी समझता था। सऊदी अरब के साथ आते ही अरब के 8 देश भी इजराइल व अमेरिका के साथ आ गए। ध्यान देने वाली यह है कि इन सभी देशों में अमेरिका के सैन्य बेस हैं। सऊदी अरब के क्राउन प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान ने ईरान को लेकर दोहरा चेहरा अपना रखा था। एक तरफ वो सार्वजनिक तौर पर ईरान के पक्ष में बयान दे रहे थे जबकि अंदर से वो हमला करने के लिए लॉबिंग कर रहे थे। अमेरिकी राष्ट्रपति ने ईरान पर हमला करने का फैसला तब लिया जब ▶▶ शेष पेज 5 पर

## इतने सटीक टारगेटेड हमले कैसे संभव हुए?

### एंथ्रोपिक कंपनी के क्लाउड एआई ने की मदद

इस युद्ध में टेक्नोलजी व इंटेलीजेंस का इस्तेमाल हुआ। ट्रंप ने एंथ्रोपिक कंपनी के क्लाउड एआई की मदद मांगी। उसने इंकार कर दिया। ट्रंप ने उसे ब्लैक लिस्ट कर दिया। शनिवार को राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा एंथ्रोपिक की तकनीक का इस्तेमाल पूरी तरह बंद करने वाले बयान के कुछ घंटे बाद ही रक्षा विभाग ने हमले की तैयारी के लिए क्लाउड का इस्तेमाल किया। बाद में क्लाउड एआई ने ही हमले के रूट व पैटर्न सटीक तरीके से उपलब्ध कराए। ईरान पर हमले के दौरान खुफिया जानकारी के आकलन, सटीक ठिकानों की पहचान और युद्ध के संभावित परिदृश्यों को समझने के लिए क्लाउड एआई की मदद ली गई। इससे पहले वेनेजुएला के तत्कालीन राष्ट्रपति निकोलस मादुरो को पकड़ने के लिए किए गए ऑपरेशन में भी इसी एआई ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। ट्रंप ने ओपन एआई का भी सहयोग लिया। सैम ऑल्टमैन ने इसकी जानकारी सार्वजनिक भी की है।

### ईरान के सर्वोच्च नेता की लक्षित हत्या की कांग्रेस ने की निंदा, अंतरराष्ट्रीय कानून के उल्लंघन का लगाया आरोप

**हरिभूमि ब्यूरोः नई दिल्ली।** कांग्रेस पार्टी ने ईरान के सर्वोच्च नेता अली हुसैनी खामनेई की कथित लक्षित हत्या की कड़ी निंदा की है। पार्टी ने इसे बिना औपचारिक युद्ध घोषणा के सैन्य कार्रवाई बताते हुए अंतरराष्ट्रीय कानून और संप्रभुता के सिद्धांतों का उल्लंघन करार दिया है।कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे की ओर से जारी बयान में कहा गया है कि यह घटना न केवल ईरान की संप्रभुता पर हमला है, बल्कि वैश्विक शांति और स्थिरता के लिए भी गंभीर खतरा है। पार्टी ने सर्वोच्च नेता के परिवार, ईरान की जनता तथा विश्वभर के शिया समुदाय के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की है और इस कठिन समय में एकजुटता जताई है। बयान में कहा गया है कि भारत की विदेश नीति शांतिपूर्ण संवाद, अंतरराष्ट्रीय कानून के सम्मान और संप्रभु समानता के सिद्धांतों पर आधारित है, जैसा कि भारतीय संविधान के अनुच्छेद 51 में उल्लेखित है। कांग्रेस ने कहा कि पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष 'वसुधैव कुटुंबकम' की भावना, महात्मा गांधी के अहिंसा के सिद्धांत और पंडित जवाहरलाल नेहरू की गुटनिरपेक्षता की नीति के विपरीत है।कांग्रेस अध्यक्ष ने अपने वक्तव्य में संयुक्त राष्ट्र चार्टर के अनुच्छेद 2(4) और 2(7) का हवाला देते हुए कहा कि किसी भी संप्रभु राष्ट्र की क्षेत्रीय अखंडता और राजनीतिक स्वतंत्रता के खिलाफ बल प्रयोग अंतरराष्ट्रीय नियमों का सीधा उल्लंघन है। पार्टी का कहना है कि किसी भी देश के मौजूदा प्रमुख की लक्षित हत्या अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था पर गंभीर प्रहार है और इससे "रेजीम चेंज" जैसी ▶▶ शेष पेज 5 पर

---

### मतदाता सूची से घुसपैठिए हटाये गये, तृणमूल सरकार का कुशासन हटाना होगाः नवीन

## भाजपा अध्यक्ष ने कूच बिहार में पार्टी की 'परिक्रमा यात्रा' को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन ने रविवार को कहा कि पश्चिम बंगाल में अवैध प्रवासियों का समय समाप्त हो गया है। उन्होंने दावा किया कि पश्चिम बंगाल में मतदाता सूची से 50 लाख से अधिक घुसपैठियों को हटा दिया गया है। कूच बिहार में पार्टी की 'परिक्रमा यात्रा' को हरी झंडी दिखाकर रवाना करने के बाद एक रैली को संबोधित करते हुए नवीन ने आरोप लगाया कि जिन्हें मतदाता सूची से हटाया गया है वे घुसपैठिए थे, जो सरकारी नौकरियों और वास्तविक नागरिकों के लिए बनी कल्याणकारी योजनाओं का लाभ उठा रहे थे। तृणमूल कांग्रेस पर कुशासन का आरोप लगाते हुए, नवीन ने कहा कि राज्य को भ्रष्ट तृणमूल सरकार से मुक्त किया जाना चाहिए, जो केवल घुसपैठियों के लिए काम करती है। उन्होंने कहा कि मतदाता सूची से 50 लाख से अधिक घुसपैठियों को हटा दिया गया है। ये घुसपैठिए न केवल वैध नागरिकों के अधिकारों का हनन कर रहे थे, बल्कि देश की सुरक्षा को भी खतरे में डाल रहे थे। भाजपा अध्यक्ष नवीन ने आरोप लगाया कि पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने फर्जी दस्तावेज हासिल करने में मदद करके घुसपैठियों को संरक्षण प्रदान किया।' उन्होंने तृणमूल कांग्रेस नेतृत्व पर तीखा हमला करते हुए कहा, ममता बनर्जी ने मतदाता सूची में घुसपैठियों को बचाने के लिए अदालतों का रुख किया, क्योंकि वे उनकी पार्टी का वोट बैंक हैं। लेकिन जब महिलाएं अपमान का सामना करनी हैं तो आप नजरें चुरा लेते हैं। उन्होंने कहा, "घुसपैठियों को हमारा संदेश है कि अब उन्हें बंगाल की धरती से बाहर निकाले जाने का समय आ गया है। हमें न केवल घुसपैठियों को बाहर निकालना है, बल्कि एक ऐसी निर्णायक सरकार भी बनानी है जो विकास ला सके। उन्होंने कहा, बंगाल बदलाव के लिए तरस रहा है। लोग एक वास्तविक 'परिवर्तन' चाहते हैं।

## हरियाणा का एसजीएसटी संग्रह 22 प्रतिशत वृद्धि के साथ 7,918 करोड़ रूपये बढ़ा

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

हरियाणा का सकल एसजीएसटी संग्रह, चालू वित्त वर्ष 2025-26 में भारत सरकार के वित्त मंत्रालय द्वारा जारी नवीनतम आंकड़ों के अनुसार, पिछले वित्त वर्ष की तुलना में रिकॉर्ड 22 प्रतिशत की दर से बढ़ा है। चालू वित्त वर्ष में हरियाणा का सकल एसजीएसटी संग्रह (सेटलमेंट के बाद) 44,460 करोड़ रूपये तक पहुंच गया है, जो पिछले वित्त वर्ष के फरवरी तक के संग्रह से 7,918 करोड़ रूपये अधिक है। इस प्रकार 22 प्रतिशत की वृद्धि दर दर्ज की गई है, जो देश के सभी राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेशों में सर्वाधिक है। विभाग ने बताया कि वित्त मंत्रालय द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार चालू वित्त वर्ष में सभी राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेशों का सकल एसजीएसटी संग्रह राष्ट्रीय औसत 6 प्रतिशत की दर से बढ़ा है। फरवरी माह में भी हरियाणा का सकल एसजीएसटी वृद्धि दर पिछले वित्त वर्ष के फरवरी माह की तुलना में 23 प्रतिशत रही है। सितंबर 2025 में जीएसटी परिषद द्वारा किए गए जीएसटी दर युक्तिकरण के बाद के महीनों में भी हरियाणा एसजीएसटी संग्रह में लगातार स्थिर वृद्धि दिखा रहा है, जो न केवल कुशल कर प्रशासन को दर्शाता है बल्कि राज्य की स्वस्थ अर्थव्यवस्था को भी प्रतिबिंबित करता है। आबकारी एवं कराधान आयुक्त विनय प्रताप सिंह ने बताया कि राज्य में कुल 6,22,478 जीएसटी करदाता हैं और जीएसटी कानून के तहत पंजीकरण को सुगम बनाने के लिए हरियाणा के सभी जिलों में जीएसटी सुविधा केंद्र खोले गए हैं। आयुक्त ने कहा कि पिछले कुछ वर्षों में जीएसटी व्यवस्था में किए गए विभिन्न सुधारों और आबकारी एवं कराधान विभाग के अधिकारियों द्वारा अपनाई गई बेहतर कर विश्लेषण प्रणालियों के कारण कर अनुपालन में सुधार हुआ है, जिससे राज्य में जीएसटी संग्रह में मजबूत वृद्धि दर्ज की जा रही है। जीएसटी नियमों में नवीनतम संशोधनों के साथ जीएसटी के तहत पंजीकरण प्राप्त करने की प्रक्रिया में सुधार किया गया है, जिससे कम जोखिम वाले एवं छोटे व्यवसायों के लिए जीएसटी पंजीकरण प्राप्त करना आसान हो गया है, साथ ही यह भी सुनिश्चित किया गया है कि फर्जी और धोखाधड़ी करने वाले आवेदकों को संचालन की अनुमति न मिले। आयुक्त ने कहा कि यह रुझान वित्त वर्ष 2025-26 के लिए राज्य के आबकारी एवं वैट/सीएसटी संग्रह में भी दिखाई दे रहा है और विभाग वार्षिक लक्ष्यों को प्राप्त करेगा।

### स्थानीय नेताओं में से ही किसी को मौका मिले मेसेज देने की देने की कोशिश

## छग से राज्यसभा के लिए कांग्रेसी चेहरा कौन...बघेल, साहू, सिंहदेव, डहरिया या कोई और, लॉबिंग तेज

शिशिर सोनी ▶▶ नई दिल्ली

हरिभूमि विशेष

छत्तीसगढ़ से राज्यसभा इस बार कौन जाएगा ? किसी बाहरी नेता को फिर शीर्ष नेतृत्व मौका देगा या फिर स्थानीय नेता के हाथ ही आएगी बाजीगरी ? इस सवाल का सीधा जवाब किसी के पास नहीं। यहां तक कि कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के पास भी नहीं। रायपुर से दिल्ली पहुंच चुके पार्टी के वरिष्ठ नेताओं विधायकों में से एक बड़े नेता राज्यसभा जाने की चाहत लिए पार्टी अध्यक्ष से मिले। बताया कि कैसे उन्हें इस बार मौका मिलना चाहिए, खरगे ने कहा, मैं भी आपकी दावेदारी से सहमत हूं। लेकिन नाम तय मैं अकेला नहीं करता हूं। इस तरह के बयान आमतौर पर सभी वरिष्ठ नेता प्रत्याशियों को देते हैं। दिल्ली में सियासी तापमान कांग्रेस के नेताओं के बढ़ा दिया है। छत्तीसगढ़ से स्थानीय नेताओं में से ही किसी को मौका मिले साफ मेसेज देने की कोशिशों में जुटे हैं। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल दल बल के साथ दिल्ली में डेरा डाले हैं। कई विधायक उनके समर्थन में लॉबिंग कर रहे हैं। बतौर पिछड़ा नेता भूपेश को राज्यसभा भेजा जाना चाहिए ऐसा प्रस्ताव दे रहे हैं। भूपेश अभी विधायक हैं। एआईसीसी महासचिव हैं। असम के प्रभारी हैं। उनकी कोशिश है कि राज्य की राजनीति में पकड़ बनाकर रखते हुए दिल्ली में भी उनकी धमक बरकरार रहे। ऐसी ही लॉबिंग उनके लिए अक्टूबर 2021 में तमाम विधायकों ने दिल्ली आ कर की थी। उस समय भूपेश के नेतृत्व में सरकार चल रही थी। ढाई साल बाद उन्हें हटाकर टीएस सिंहदेव को सरकार की कमान दिए जाने की चर्चा उठी थी। अंत में भूपेश बघेल को कामयाबी मिली थी। ठीक उसी तर्ज पर उनके समर्थन के लिए दिल्ली स्थित छत्तीसगढ़ भवन में तमाम विधायकों ने डेरा डाल दिया है। भूपेश सरकार में गृह ▶▶ शेष पेज 5 पर

### डहरिया ने दावेदारी ठोक दी

*पिछड़ों के रस्साकसी के बीच पूर्व कैबिनेट मंत्री शिव डहरिया ने बतौर अनुसूचित जाति नेता अपनी दावेदारी ठोक दी है। अभी जब पिछड़े नेताओं की टोली अपनी उम्मीदवारी के लिए दिल्ली में लॉबिंग कर रही है शिव डहरिया नेतृत्व के समक्ष अपना पक्ष रख कर रविवार को रायपुर रवाना हो गए। शिव डहरिया के समर्थकों का मानना है कि आदिवासी, पिछड़े और अन्य वर्ग के नेताओं को राज्यभा में बार बार मौका मिला। छत्तीसगढ़ का सतनामी समाज जो कांग्रेस को थोक में वोट करता रहा उनकी नुमाइंदगी के तौर शिव डहरिया को राज्यभा भेजा जाना चाहिए। छत्तीसगढ़ से कांग्रेस नेतृत्व ने बिहार की रंजीत रंजन और यूपी के राजीव शुक्ला गत चुनाव में राज्यसभा भेजा था। बाहरी नेता के तौर पर ही सुप्रीम कोर्ट के वरिष्ठ वकील केटीएस तुलसी को भी मौका मिला था, यही वजह है कि इस बार छत्तीसगढ़ के नेताओं ने स्थानीय नेता को राज्यसभा भेजे जाने का दबाव बनाया हुआ है। केटीएस तुलसी और महिला आदिवासी नेता छत्तीसगढ़ महिला कांग्रेस अध्यक्ष फूलो देवी नेताम का कार्यकाल खत्म होने के बाद चुनाव हो रहे हैं। एक सीट पर भाजपा तो एक पर कांग्रेस के उम्मीदवार की जीत पक्की है। किसके हाथ आई बाजी - बहुत उम्मीद है कि आज सोमवार को कांग्रेस पार्टी की ओर से स्थिति साफ हो जाएगी।*

# सीसीटीएनएस लागू करने में दिल्ली पुलिस देश भर में सबसे आगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली



दिल्ली पुलिस ने एक बार फिर टेक्नोलॉजी पर आधारित पुलिसिंग और डेटा गवर्नेंस में अपनी लीडरशिप दिखाई है। यह सीसीटीएनएस प्रगति डैशबोर्ड पर सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में नंबर 1 स्थान पर बनी हुई है। पिछले साल दिल्ली पुलिस ने लगातार तीन महीनों अक्टूबर, नवंबर और दिसंबर 2025 तक 100 प्रतिशत स्कोर के साथ टॉप स्थान हासिल किया था। इस शानदार

**■ प्रगति डैशबोर्ड पर नंबर 1 रैंक बरकरार**

प्रदर्शन को बनाए रखते हुए दिल्ली पुलिस ने एक बार फिर जनवरी 2026 महीने के लिए पहला स्थान हासिल किया है, जिससे डेटा गवर्नेंस और डिजिटल पुलिसिंग में इसकी लगातार बेहतरीन स्थिति की पुष्टि होती है।

स्पेशल सीपी क्राइम देवेश चंद्र श्रीवास्तव के मुताबिक यह शानदार कामयाबी दिल्ली पुलिस के नवीन न्याय संहिता को लागू करने और क्राइम एंड क्रिमिनल ट्रैकिंग नेटवर्क एंड सिस्टम्स (सीसीटीएनएस) और इंटर-ऑपरेबल क्रिमिनल जस्टिस सिस्टम (आईसीजेएस) के तहत नेशनल ई-गवर्नेंस प्लेटफॉर्म के असरदार इस्तेमाल में लगातार और शानदार परफॉर्मेंस को दिखाती है। प्रगति डैशबोर्ड जिसे मिनिस्ट्री ऑफ होम अफेयर्स (एमएचए) और नेशनल क्राइम रिकॉर्ड्स ब्यूरो (एनसीआरबी) मॉनिटर करते हैं, राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को अलग-अलग नेशनल लेवल के एप्लीकेशन पर अपलोड किए गए डेटा की क्वालिटी, क्वांटिटी, टाइमलाइन और एक्यूरेसी के आधार पर इवैल्यूएट करता है। पुलिस कमिश्नर सतीश गोलचा ने क्राइम ब्रांच सीसीटीएनएस टीम और सभी जिलों और यूनिट्स को उनके लगातार शानदार परफॉर्मेंस के लिए बधाई दी। उन्होंने सभी लेवल पर अधिकारियों के प्रोफेशनलिज्म, डेडिकेशन और टीमवर्क की तारीफ की और उन्हें टेक्नोलॉजी-ड्रिवन पुलिसिंग और नागरिक-केंद्रित सर्विस डिलीवरी को मजबूत करते रहने के लिए प्रोत्साहित किया।

### इलाके में भारी पुलिस बल किया गया तैनात

# ओखला विहार में अमेरिका-इजराइल के खिलाफ प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

इजराइल और अमेरिका के हमले में ईरान के सुप्रीम लीडर अयातुल्लाह अली खामेनेई की मौत के बाद देश में अलग-अलग प्रतिक्रियाएं सामने आ रही है। दिल्ली के जामिया नगर के ओखला विहार स्थित मस्जिद बाबुल इल्म के बाहर विरोध जताया गया। इसे देखते हुये दिल्ली पुलिस ने इलाके में पर्याप्त संख्या में पुलिस बल की तैनाती की है। पुलिस राजधानी के अन्य मुस्लिम बाहुल इलाकों पर भी पैनी नजर रख रही है।



मस्जिद के बाहर कथित तौर पर खामेनेई का पोस्टर लगाया गया था। दोपहर की नमाज के दौरान लोगों ने काले कपड़े पहन कर

**■ जामिया नगर में खामेनेई की मौत पर प्रदर्शन**

विरोध जताया और खामेनेई के मौत के विरोध में अमेरिका और इजराइल के खिलाफ जमकर नरेबाजी की। मौके पर सुरक्षा के मद्देनजर भारी पुलिस बल तैनात रहा। आधे घंटे तक चले प्रदर्शन के बाद लोग वापस लौट गए। उधर, जंतर मंतर पर भी हजारों लोग पहुंचे और विरोध प्रदर्शन किया। राजधानी के अलावा देश के अलग-अलग हिस्सों में भी प्रदर्शन किये जा रहे हैं। खासतौर पर यूपी में हाई अलर्ट घोषित किया गया है।

# हॉस्पिटल में पारिवारिक झगड़े ने लिया खूनी रूप, तीन घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

मध्य जिले के चांदनी महल थाना अंतर्गत तुर्कमान गेट पर एक अस्पताल में चाकूबाजी का मामला सामने आया है। घटना में तीन लोग गंभीर रूप से घायल हुये हैं। पुलिस ने पांच घंटे के भीतर चार आरोपियों को गिरफ्तार करने का दावा किया है। इनसे तीन चाकू और स्कूटी बरामद हुई।

पुलिस के अनुसार 24 फरवरी को चांदनी महल पुलिस स्टेशन में एक पीसीआर कॉल आई, जिसमें शारदा मेडिकल सेंटर, तुर्कमान गेट में चाकूबाजी की घटना की जानकारी दी गई थी। पूछताछ में पता चला कि वसीम की पत्नी को उसकी बहन ने मेडिकल दिक्कत की वजह से हॉस्पिटल में भर्ती कराया था। यह जानकारी मिलने पर उसका पति वसीम अपनी मां के साथ हॉस्पिटल पहुंचा। वसीम और उसके ससुराल वालों के बीच कहासुनी हो गई, जो जल्द ही वसीम और उसके जीजा के बीच मारपीट में बदल गई। इसके बाद वसीम ने मदद के लिए अपने भाई फईम को बुलाया। फईम अपने दोस्त सलमान और मोहम्मद अली के साथ हॉस्पिटल पहुंचा। हालात तब बिगड़ गए जब तीनों ने कथित तौर पर वसीम के जीजा पर चाकू से हमला कर दिया। उसके पेट में चाकू घोंपा गया, जिसमें उसे गंभीर चोटें आई। जब घायल व्यक्ति के पिता और उसके मामा उसे बचाने के



**■ पांच घंटे के अंदर चार आरोपी पकड़े गए**

लिए बीच-बचाव करने आए, तो उन पर भी हमला किया गया। पीड़ित के पिता के बयान और एमएलीसी के आधार पर केस दर्ज किया गया है। केस दर्ज होने के पांच घंटे के अंदर वसीम (31), फईम (33), सलमान (27) और मोहम्मद अली (23) को गिरफ्तार किया गया। सभी चांदनी महल इलाके के ही रहने वाले हैं। पूछताछ के दौरान, वसीम ने बताया कि उसकी अक्सर अपनी पत्नी से बहस होती थी। उसे लगता था कि साला पति पत्नी के बीच दिक्कतें पैदा कर रहा है। इस वजह से उसके घर पर अक्सर तनाव रहता था। उसने माना कि उसने अपने जीजा पर हमला करने का फैसला किया ताकि वह उसके घर के मामलों में दखल देना बंद कर दें।

## फायरिंग की घटना में वॉन्टेड आरोपी अरेस्ट

**नई दिल्ली।** क्राइम ब्रांच की नॉर्दर्न रेंज-1 टीम ने फायरिंग केस में वॉन्टेड आरोपी को अरेस्ट किया है। आरोपी जुर्म करने के बाद फरार था। वह पहले भी इसी तरह के केस में शामिल पाया गया है। 22 वर्षीय कृष उर्फ किन्नी ई-ब्लॉक जहांगीरपुरी का रहने वाला है। 25 जनवरी को इसी साल महिंद्रा पार्क थाने में इसके खिलाफ केस दर्ज हुआ था। घटना में आरोपियों ने अपने विरोधी से बदला लेने के लिए यह जुर्म किया है। वारदात के बाद कृष अपने साथी के साथ फरार हो गया था। पुलिस के अनुसार शनिवार को कृष शाह आलम बांध रोड, जहांगीरपुरी के पास देखा गया था। जानकारी पर तुरंत एक्शन लेते हुए और सीनियर अधिकारियों से इजाजत लेने के बाद एक रेडिंग टीम बनाई गई। आरोपी की पहचान सीक्रेट इन्फॉर्मर के कहने पर हुई और टीम ने तुरंत एक्शन लेकर उसे पकड़ लिया। पूछताछ के दौरान कृष ने बताया कि 24 जनवरी को पर्सनल दुश्मनी की वजह से उसने अपने साथी के साथ मिलकर अनमोल और सलमान नाम के दो लोगों पर फायरिंग की थी। खुशकिस्मती से इस घटना में किसी को गोली नहीं लगी थी। कृष के आपराधिक रिकॉर्ड से पता चला कि वह पहले भी जहांगीरपुरी में फायरिंग के ऐसे ही मामले में शामिल था।

## मंडोली जेल के कैदी की इलाज के दौरान मौत, जांच शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

उत्तर-पूर्वी दिल्ली की मंडोली जेल में बंद 35 वर्षीय एक विचाराधीन कैदी की रविवार को जीटीबी अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई। कैदी को बेहोशी की हालत में ले जाया गया था। मृतक की पहचान आजाद के रूप में हुई है। मामले को लेकर मृतक कैदी के परिवार वालों ने अन्य कैदियों पर 10 हजार रुपये ना देने पर पीटने का आरोप लगाया है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

पुलिस के अनुसार गुरु तेग बहादुर (जीटीबी) अस्पताल से सूचना मिली कि मंडोली जेल से एक विचाराधीन कैदी को बेहोशी की हालत में अस्पताल में लाया गया था, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। शव को अस्पताल के शवगृह में रखा गया है और पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा गया है। पुलिस सूत्रों के अनुसार, आजाद

**■ परिवार का अन्य कैदियों पर रुपए ना देने पर पीटने का आरोप**

कथित तौर पर 24 फरवरी की रात जेल के अंदर हुए झगड़े में शामिल था। उसे हाल ही में उसके मामले के सिलसिले में कड़कड़डूमा की एक अदालत में पेश किया गया था और उसने शनिवार देर रात अपने परिवार के सदस्यों से भी बात की थी। उसके परिजनों ने आरोप लगाया कि जेल के अंदर उसके साथ मारपीट की गई। उन्होंने दावा किया कि वार्ड के कुछ कर्मचारियों ने उसे पीटा, जिससे उसकी मौत हो गई। उन्होंने इस घटना की कड़ी कार्रवाई और निष्पक्ष जांच की मांग की है। जल्द ही जांच के तहत कैदियों तथा कर्मचारियों के बयान दर्ज किए जाने की संभावना है। पुलिस ने कहा कि जांच जारी है और पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के सही कारण का पता चलेगा।

# साइबर धोखाधड़ी के आरोप में 27 लोगों को किया गिरफ्तार

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली पुलिस ने एक सप्ताह तक चले अखिल भारतीय अभियान के बाद 11 राज्यों से 1.5 करोड़ रुपये से अधिक के साइबर धोखाधड़ी मामलों के सिलसिले में 27 लोगों को गिरफ्तार किया है। एक अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार, आरोपी कम से कम 10 बड़े साइबर धोखाधड़ी मामलों में शामिल थे, जिनकी कुल राशि 1.5 करोड़ रुपये से अधिक थी जबकि उनके संदिग्ध बैंक खातों की जांच से 13.91 करोड़ रुपये से अधिक के लेनदेन का पता चला। पुलिस ने बताया कि राष्ट्रीय साइबर अपराध रिपोर्टिंग पोर्टल (एनसीआरपी) पर दर्ज की गई लगभग 150 शिकायतें आरोपियों द्वारा कथित तौर पर संचालित मोबाइल नंबरों और बैंक खातों से जुड़ी हुई हैं। ये साइबर गिरोह निवेश धोखाधड़ी, एपीके फाइल धोखाधड़ी, सोशल मीडिया पर प्रतिरूपण, क्रेडिट कार्ड धोखाधड़ी,



कार्य-आधारित धोखाधड़ी और वीजा संबंधी धोखाधड़ी में लिप्त थे। पुलिस ने उन्हें ढूंढने और गिरफ्तार करने के लिए कई टीमें गठित कीं और जम्मू-कश्मीर, पंजाब, उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश, दिल्ली, हरियाणा, मध्य प्रदेश, राजस्थान, महाराष्ट्र, बिहार और पश्चिम बंगाल सहित 11 राज्यों में एक साथ छापेमारी की, जिसके परिणामस्वरूप 27 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। पुलिस के अनुसार, इन गिरोहों ने फर्जी निवेश योजनाओं के माध्यम से लाभ का वादा करके पीड़ितों को लुभाया, बैंक अधिकारियों के रूप में दुर्भावनापूर्ण एपीके फाइलें भेजकर उपकरणों तक दूरस्थ पहुंच प्राप्त की और अधिकारियों का रूप धारण करने के लिए फर्जी सोशल मीडिया प्रोफाइल बनाए। पुलिस ने बताया कि टास्क-आधारित धोखाधड़ी में, वे पीड़ितों को कमीशन का वादा करके ऑनलाइन कार्यों को पूरा करने के लिए प्रेरित करते थे और उनसे बड़ी रकम ठग लेते थे। गिरफ्तार किए गए लोगों में देहरादून का सुखप्रीत सिंह (38), दिल्ली का रमा शंकर राय (42), फरीदाबाद का दीपक (22), सहारनपुर का वंश वालिया (20), अमृतसर का चनप्रीत सिंह (38), नालंदा का अभिषेक (21) और कई अन्य लोग शामिल हैं। इस अभियान के दौरान, पुलिस ने 25 मोबाइल फोन, 28 सिम कार्ड, 20 बैंकिंग कार्ड, एक प्वाइंट-ऑफ-सेल (पीओएस) मशीन, एक मोटरसाइकिल और धोखाधड़ी को अंजाम देने में कथित तौर पर इस्तेमाल किए गए विभिन्न आपत्तिजनक बैंक दस्तावेज और खाता किट बरामद किए। पुलिस ने बताया कि इस अभियान से इसी तरह के अन्य मामलों को सुलझाने में भी मदद मिली।

अधिकारियों ने बताया कि अन्य पीड़ितों की पहचान करने और धन के स्रोत का पता लगाने के लिए आगे की जांच जारी है।

## दिल्ली सरकार ने नहीं किया टैबलेट का भुगतान, शिक्षक परेशान : जीएसटीए

**नई दिल्ली।** विगत दो वर्ष पूर्व दिल्ली में आम आदमी पार्टी सरकार के समय "शिक्षा मॉडल" चर्चा में था। विद्यार्थियों की उपस्थिति से लेकर विभागीय कार्य तक टैबलेट के माध्यम से कराए जा रहे थे। उसी दौरान शिक्षा विभाग द्वारा पंद्रह हजार मूल्य की टैबलेट शिक्षकों एवं अतिथि शिक्षकों को अपने वेतन से खरीदने के आदेश जारी किए गए। राजकीय विद्यालय शिक्षक संघ, दिल्ली (जीएसटीए) के महासचिव अजय वीर यादव ने शनिवार को यह जानकारी देते हुए बताया कि कि सभी शिक्षकों ने आदेश का पालन करते हुए अपने वेतन से टैबलेट खरीदी और लगातार विभागीय कार्य करते रहे। किन्तु दो वर्ष बीत जाने के बाद भी टैबलेट की राशि का भुगतान आज तक नहीं किया गया। इससे पूर्व लगभग पाँच वर्ष पहले भी टैबलेट खरीदवाई गई थी, जिसमें प्रति माह दो सौ रुपए नेटवर्क डेटा भत्ता देने का प्रावधान था, परंतु वह राशि भी आज तक प्रदान नहीं की गई। अजय वीर यादव ने बताया कि तीन माह पहले मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता से मुलाकात कर इस विषय में अवगत कराया गया था, किंतु तीन माह बीत जाने के बाद भी भुगतान लंबित है।

# दो नाबालिग समेत तीन से करोड़ों की ज्वैलरी बरामद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

जनकपुरी इलाके में सेंधमारी के मामले में कथित संलिप्तता के लिए दो नाबालिगों समेत तीन लोगों को पकड़ा गया है। पुलिस ने रविवार को बताया कि आरोपियों के पास से लगभग 1.15 करोड़ रुपये का चोरी का सामान बरामद किया गया है। एक आरोपी की पहचान जनकपुरी निवासी दिव्यांश शर्मा उर्फ बब्बू (18) के रूप में हुई है।

जनकपुरी में 22 फरवरी को एक बिल्डिंग में चोरी की सूचना पुलिस को मिली थी। इसके बाद मौके पर पहुंची पुलिस टीम ने पाया कि पहली, दूसरी और तीसरी मंजिल के कमरों के ताले टूटे हुए थे। शिकायतकर्ता ने बताया कि उसकी एक दुकान है और 21 फरवरी की रात करीब 9:30 बजे वह दुकान बंद करके किराए के मकान पर चला गया था। शिकायतकर्ता के अनुसार

**■ पुलिस ने आरोपियों से सात लाख कैश भी जब्त किया**

अगले दिन पूर्वाह्न करीब 11:15 बजे दुकान पर लौटा तो पता चला कि रात में अज्ञात व्यक्ति परिसर में घुसकर बड़ी मात्रा में सोने और हीरे के आभूषण, चांदी के सामान और नकदी लेकर फरार हो गए। जांच टीम ने पोसांगीपुर पार्क के पास से दोनों किशोरों को पकड़ा। उनसे पूछताछ के बाद शर्मा को भी गिरफ्तार कर लिया गया। आरोपियों की निशानदेही पर लगभग 650 ग्राम सोने के आभूषण, करीब तीन किलोग्राम चांदी का सामान 7 लाख से ज्यादा नकदी और अन्य कीमती सामान बरामद किया गया है। अपराध में इस्तेमाल की गई एक मोटरसाइकिल भी जब्त कर की गई। पुलिस ने बताया कि बरामद किए गए कुल सामान की कीमत करीब 1.15 करोड़ रुपये आंकी गई है।

## 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान मिशन मोड में : कुलजीत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

नई दिल्ली नगरपालिका परिषद (एनडीएमसी) के उपाध्यक्ष कुलजीत सिंह चहल ने रविवार को मंदिर मार्ग स्थित गांधी सदन, एनडीएमसी हाउसिंग कॉम्प्लेक्स में एक पेड़ मां के नाम ऑन संडे अभियान के अंतर्गत वृक्षारोपण अभियान का नेतृत्व, एनडीएमसी के सदस्य अनिल वाल्मीकि की उपस्थिति में किया। इस अवसर पर



रेज़िडेंट वेलफेयर एसोसिएशनों (आरडब्ल्यूए), स्थानीय निवासियों तथा परिषद के विभिन्न विभागों के अधिकारियों और कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया तथा पौधे लगाकर उनकी देखभाल और संरक्षण का संकल्प लिया। इस अवसर पर चहल ने कहा कि यह पहल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के "एक पेड़ माँ के नाम" आह्वान से प्रेरित है, जिसके अंतर्गत नागरिकों से अपनी माताओं के सम्मान में एक पौधा लगाने और उसकी निरंतर देखभाल करने का आग्रह किया गया है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि यह अभियान मिशन मोड में संचालित किया जा रहा है ताकि एनडीएमसी क्षेत्र में अधिकतम हरित क्षेत्र का विस्तार सुनिश्चित किया जा सके।

## मुंडका-किराड़ी की समस्याओं को लेकर सीएम को लिखा पत्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

चौगामा विकास समिति ने मुंडका एवं किराड़ी विधानसभा क्षेत्र की विभिन्न ज्वलंत समस्याओं को लेकर दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता को पत्र लिखा है। समिति ने ग्रामीण क्षेत्रों में बुनियादी सुविधाओं की बदहाल स्थिति पर गंभीर चिंता जताते हुए शीघ्र समाधान की मांग की है। समिति के महासचिव विजेंद्र सिंह डबास ने बताया कि इस समय क्षेत्र की सबसे बड़ी समस्या मुंडका-कराला रोड की खस्ताहाल स्थिति है। मदनपुर डबास से रानीखेड़ा के बीच सीवर लाइन, टीपीडीडीएल की भूमिगत केबल डालने तथा खुदाई के कारण सड़क पूरी तरह जर्जर हो चुकी है। इससे नौ गांवों और एक दर्जन से अधिक अधिकृत -अनाधिकृत कॉलोनियों के लिए परिवहन सेवाएं बाधित हो गई हैं। समिति ने कार्य शीघ्र पूरा कराने तथा तब तक वैकल्पिक मार्ग उपलब्ध कराने की मांग की है।

**■ ग्रामीणों ने जताई गंभीर चिंता, शीघ्र समाधान की मांग की**

पत्र में मुंडका अंडरपास की दयनीय स्थिति का भी उल्लेख किया गया है। ग्रामीणों का कहना है कि अंडरपास की हालत इतनी खराब है कि वहां से पैदल निकलना भी मुश्किल हो गया है। दिल्ली नगर निगम और भारतीय रेल विभाग से समन्वय कर स्थायी समाधान की मांग की गई है। परिवहन सुविधाओं की कमी को लेकर भी ग्रामीणों ने नाराजगी जताई है।

ग्रामीणों ने समिति के माध्यम से उम्मीद जताई है कि दिल्ली सरकार द्वारा शिकायत निवारण के लिए शुरू की गई एप आधारित व्यवस्था के माध्यम से इन समस्याओं का त्वरित समाधान होगा। ग्रामीण क्षेत्रों की इन मूलभूत समस्याओं के समाधान पर अब सरकार और संबंधित विभागों की कार्रवाई पर क्षेत्रवासियों की नजर टिकी हुई है।

### मलबे से भरे गए गड्ढे, ग्रामीणों ने उठाए गुणवत्ता पर सवाल

# दिल्ली देहात की सड़कों पर गड्ढों का खेल: फंड जारी, फिर भी राहत अधूरी'

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली देहात के मुख्य मार्गों पर गड्ढों की समस्या एक बार फिर सुर्खियों में है। यह मुद्दा समय-समय पर दिल्ली नगर निगम और वार्ड समितियों की बैठकों में उठता रहा है। हाल ही में नरेला जोन की वार्ड समिति की बैठक में भी सड़कों की बदहाल स्थिति पर गंभीर चर्चा हुई। बैठक के दौरान दिल्ली नगर निगम के उपमहापौर जय भगवान यादव ने कहा कि प्रत्येक वार्ड में गड्ढे भरने के लिए विभिन्न मदों से लगभग आठ लाख रुपये की राशि जारी की गई थी। उन्होंने सवाल उठाया कि जब फंड उपलब्ध कराया गया था तो सड़कों के गड्ढे अब तक क्यों नहीं भरे गए। इस पर कुछ पार्षदों ने दलील दी कि जारी की गई राशि पर्याप्त नहीं है, जिसके कारण कार्य समय पर पूरा नहीं हो सका।

### पक्की सामग्री की बजाय मलबे से भर दिया

निगम वार्ड समिति में मामला उठने के बाद बख्तावरपुर वार्ड के अंतर्गत सिंघू गांव के मुख्य मार्ग पर हाल ही में गड्ढों को भरा गया, लेकिन स्थानीय ग्रामीणों ने काम की गुणवत्ता पर गंभीर आपत्ति जताई है। उनका कहना है कि गड्ढों को पक्की सामग्री की बजाय मलबे से भर दिया गया है। ग्रामीणों का आरोप है कि इस तरह की मरम्मत कुछ ही दिनों में उखड़ जाएगी और स्थिति पहले से भी बदतर हो जाएगी।

### दोपहिया सवारों के लिए संभावित खतरा

ग्रामीणों का कहना है कि टूटी-फूटी सड़कें विशेषकर छोटे वाहन चालकों और दोपहिया सवारों के लिए खतरा बन चुकी हैं। बरसात के दिनों में ये गड्ढे और भी जानलेवा साबित हो सकते हैं। स्थानीय निवासियों ने निगम प्रशासन से मांग की है कि केवल खानापूर्ति करने के बजाय स्थायी और गुणवत्तापूर्ण मरम्मत कार्य कराया जाए, ताकि बार-बार की परेशानी से राहत मिल सके। जनहित से जुड़े इस मुद्दे पर अब सबकी नजर निगम प्रशासन की अगली कार्रवाई पर टिकी है।



## खड़ी फसलों तथा सब्जियों में आवश्यकतानुसार हल्की सिंचाई करें किसान : पूसा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली देहात एवं एनसीआर क्षेत्र के किसान इस सप्ताह तापमान बढ़ने की संभावना को देखते हुए खड़ी फसलों तथा सब्जियों में आवश्यकतानुसार हल्की सिंचाई करें। सिंचाई ऐसे समय पर करें जब हवा शांत हो अन्यथा पौधे गिरने की संभावना रहती है। भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान (पूसा) के कृषि भौतिकी संभाग में नोड़ल अधिकारी डॉ. अनन्ता वशिष्ठ एव उनकी सलाहकार समिति के कृषि वैज्ञानिकों ने साप्ताहिक मौसम के आधार पर यह सलाह जारी की है। यह कृषि सम्बंधी सलाह 4 मार्च, 2026 तक के लिए है। मौसम को ध्यान में रखते हुए गेहूँ की फसल में रोगों, विशेषकर रतुआ की निगरानी करते रहें। काला, भूरा अथवा पीला रतुआ आने पर फसल में प्रोपिकोनेजोल 25 प्रति (1.0उस/लीटर पानी) का छिड़काव करें। पीला रतुआ के लिये 10-20 डिग्री सेल्सियस तापमान उप्युक्त है। 25 डिग्री सेल्सियस तापमान से उपर रोग का फैलाव नहीं होता। भूरा रतुआ के लिये 15 से 25 डिग्री सेल्सियस तापमान के साथ नमीयुक्त जलवायु आवश्यक है। काला रतुआ के लिये 20 डिग्री सेल्सियस से ऊपर तापमान और नमी रहित जलवायु आवश्यक है। कृषि वैज्ञानिकों के अनुसार इस मौसम में मूंग और उड़द की फसलों की मार्च में बुवाई हेतु किसान किसी प्रमाणित




स्रोत से उन्नत बीजों का संग्रह करें। मूंग - पूसा विशाल, पूसा बैसाखी, पी.डी एम-11, एस एम एल-32, उड़द- पंत उड़द-19, पंत उड़द-30, पंत उड़द-35, पी डी यू-1, बुवाई से पूर्व बीजों को फसल विशेष राईजोबीयम तथा फास्फोरस सोलूबलाईजिंग बेक्टीरिया से अवश्य उपचार करें। मौसम को ध्यान में रखते हुए किसानों को सलाह है कि भिंडी की अगेती बुवाई हेतु ए-4, परबनी क्रांति, अर्का अनामिका आदि किस्मों की बुवाई करें। बुवाई से पूर्व खेतों में पर्याप्त नमी का ध्यान रखें। बीज की मात्रा 10-15 कि.ग्रा./एकड़। मौसम को ध्यान में रखते हुए किसान सभी सब्जियों तथा सरसों की फसल में चेपा के आक्रमण की निगरानी करें। इस कीट के नियंत्रण के लिए वे सब्जियों में इमिडाक्लोप्रिड / 0.25-0.5 मि.ली./लीटर पानी की दर से सब्जियों की तुड़ाई के बाद करें। सब्जियों की फसलों पर छिड़काव के बाद एक सप्ताह तक तुड़ाई न करें। बीज वाली सब्जियों पर चेपा के आक्रमण पर विशेष ध्यान दें।

## कार्यकर्ताओं एवं जनता के बीच रखा रिपोर्ट कार्ड

# दिल्ली में अब दोबारा नहीं चढ़ने वाली है धोखाधड़ी की हांडी: रेखा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



आम आदमी पार्टी के मुखिया और पूर्व मुख्यमंत्री अरविदं केजरीवाल समझ लें कि दिल्ली में अब दोबारा धोखाधड़ी की हांडी नहीं चढ़ने वाली है और वे दिल्ली के गुनाहगार हैं इसके लिए उन्हें जनता कभी माफ नहीं करने वाली है। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने सांसद प्रवीन खंडेलवाल के साथ चांदनी चौक संसदीय क्षेत्र में आयोजित -पहला वर्ष बदलाव का एक साल विकास का - जन चर्चा सम्मेलन को सम्बोधित किया और इस दौरान केजरीवाल पर निशाना साधते हुए यह बात कही। रेखा गुप्ता ने कहा कि केजरीवाल अभी खुशी ना मनायें उनका यह मामला अभी दिल्ली उच्च न्यायालय जायेगा, इसी तरह अभी उन्हें स्कूल रूम घोटाले, मजदूरों के फर्जी बिल घोटाले, जलबोर्ड घोटाले, ई.डी. मामलों से लेकर शीशमहल घोटाले तक का जवाब देना है।

सम्मेलन में भाजपा के महामंत्री योगेन्द्र चांदोलिया, दिल्ली भाजपा के कोषाध्यक्ष सतीश गर्ग सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे। विधायक राज कुमार भाटिया एवं तिलक राम गुप्ता ने अपने एक साल का रिपोर्ट कार्ड भी रखा। मुख्यमंत्री ने मंचासीन सभी नेताओं को पुष्प देकर और जिलाध्यक्ष अरविंद गर्ग एवं अजय खटाना को शाल पहना कर संगठन के सरकार से सहयोग को सराहा।

### 'हमने दिल्ली को बचाने का किया काम'

मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि पिछले 27 सालों से हमने दिल्ली को बचाने का काम किया। अगर उस वक्त तत्कालीन सरकार दिल्ली के खिलाफ कुछ करती थी तो हम उसके खिलाफ सड़कों पर होते थे, लाठी डंडे खाए और थाने भी गए क्योंकि हमारे नेता प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी हैं जिनका कहना स्पष्ट है कि सत्ता सुख भोगने का माध्यम नहीं ये सत्ता सेवा करने का साधन है। उन्होंने कहा कि पिछली सरकार ने योजना शुरु कर देती थी लेकिन उसकी जमीनी हकीकत क्या है उसका कुछ नहीं पता होता।

रेखा गुप्ता ने कहा कि लाडली योजना भी इसी तरह का योजना बनाया गया था। 1 लाख 75 हजार बच्चियों तक इसका लाभ ही नहीं पहुंचा था तो हमने उन्हें खोजा और पहले 30 हजार बच्चियों को 90 करोड़ रुपये डी.पी.टी. किया था और सोमवार 2 मार्च को 40 हजार बच्चियों को और 100 करोड़ देने जा रहे हैं। लाडली योजना को बंद करके हमने लखपति बिटिया योजना शुरु करी है और अब सवा लाख रुपये प्रत्येक बेटियों को मिलेगा जिससे उनकी पढ़ाई में मदद मिलेगी।

रेखा गुप्ता ने कहा कि शकूरबस्ती में 260 करोड़ रुपये के काम हो रहे हैं, त्रिनगर विधानसभा में 100 करोड़ रुपये के काम, मॉडल टाउन विधानसभा में 160 करोड़ रुपये के काम, आदर्श नगर में 120 करोड़ रुपये के काम सहित शालीमार बाग विधानसभा में भी करोड़ों रुपये के काम शुरु किया गया है। इतना ही नहीं वजीरपुर विधानसभा में इंडस्ट्रीयल एरिया में 750 करोड़ रुपये सिर्फ सड़के बनवाने के लिए पारित किए गए हैं।

### प्रवास जनसभाओं में दिखाई लोगों ने रूचि : चांदोलिया

मुख्यमंत्री की प्रवास जनसभाओं के प्रमुख योगेन्द्र चांदोलिया ने अपने संबोधन में प्रवास कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सभी कार्यकर्ताओं का आभार प्रकट किया और कहा कि मुख्यमंत्री प्रवास कार्यक्रमों में जनता ने विशेष रूची दिखाई है और उसी कारण 23 फरवरी से आज तक लगभग 50 हजार से अधिक सक्रिय कार्यकर्ता ओर 497 नागरिक एवं व्यापारिक संगठनों के प्रतिनिधिमंडल शामिल हुए।

### लगातार जनसेवा में रहती है सीएम : खंडेलवाल

सांसद प्रवीन खंडेलवाल ने कहा कि दिल्ली ने सिर्फ एक साल में कई बदलाव देख लिया है क्योंकि एक पिछले वाले मुख्यमंत्री थे जो कभी सड़कों पर नहीं दिखाई दिए और एक हमारे बीच उपस्थित मुख्यमंत्री हैं जो सुबह 6 बजे से लगातार जनसेवा में रहती है। इतना ही नहीं हमारे एम.पी. फंड के पैसे खर्च अभी तक नहीं हुए क्योंकि दिल्ली सरकार ने अपने प्रत्येक विधानसभा को 100 करोड़ रुपये विकास कार्यों के लिए देकर एक नई कीर्तिमान साबित किया है।

## कंप्यूटर शिक्षा कोई सुविधा नहीं बल्कि समय की जरूरत : विजेंद्र



हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

■ विधानसभा अध्यक्ष ने नांगलोई में रीडिंग रूम का किया उद्घाटन

आज के समय में कंप्यूटर शिक्षा कोई सुविधा नहीं बल्कि समय की अनिवार्य आवश्यकता है। डिजिटल युग में साक्षरता का अर्थ केवल पढ़ना-लिखना नहीं, बल्कि डिजिटल साक्षरता भी है। दिल्ली विधानसभा अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता ने नांगलोई स्थित रघुनाथ धर्मशाला में सेवा भारती द्वारा आयोजित कार्यक्रम में सावित्री देवी गोयल इंस्टीट्यूट ऑफ कंप्यूटर एजुकेशन एवं रीडिंग रूम के उद्घाटन अवसर पर यह बात कही। यह पहल विशेष रूप से आर्थिक रूप से कमज़ोर वर्ग के बच्चों और युवाओं को डिजिटल शिक्षा तथा अध्ययन के लिए अनुकूल वातावरण उपलब्ध कराने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इस अवसर पर राष्ट्रीयस्वयंसेवक संघ के प्रांत प्रचारक विशाल भी उपस्थित थे, जिन्होंने शिक्षा, सामाजिक उत्थान और डिजिटल सशक्तिकरण के प्रति सामूहिक संकल्प को रेखांकित किया।

सभा को संबोधित करते हुए विजेंद्र गुप्ता ने कहा कि इस केंद्र की स्थापना केवल किसी भवन या कक्ष का उद्घाटन भर नहीं है, बल्कि उन प्रतिभाशाली युवाओं के लिए नए अवसरों के द्वार खोलने जैसा है जो संसाधनों के अभाव में पीछे रह जाते हैं। उन्होंने सेवा भारती और गोयल परिवार द्वारा स्थापित किए गए कंप्यूटरों तथा विद्यार्थियों के लिए समर्पित रीडिंग रूम की व्यवस्था की सराहना की, जो स्थानीय युवाओं की शैक्षिक आकांक्षाओं को नई दिशा देगा।

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रांत प्रचारक विशाल ने सेवा भारती के इस सराहनीय प्रयास की प्रशंसा करते हुए कहा कि यह संस्थान उन विद्यार्थियों को विशेष रूप से लाभान्वित करेगा जो महंगी शिक्षा प्राप्त करने में सक्षम नहीं हैं। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि अत्यंत नाममात्र शुल्क पर कंप्यूटर शिक्षा और अध्ययन सुविधाएँ उपलब्ध होने से प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को नए अवसर मिलेंगे तथा वे आवश्यक डिजिटल कौशल प्राप्त कर अपने शैक्षिक और व्यावसायिक लक्ष्यों की दिशा में आगे बढ़ सकेंगे।

### कांग्रेस ने साधा निशाना

## 'केजरीवाल को जीत का जश्न मनाने की इजाजत देना भाजपा-आप की मिलीभगत'

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

जंतर-मंतर पर पर पूर्व सीएम अरविंद केजरीवाल की रिहाई की रैली को परमिशन मिलने पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष देवेंद्र यादव ने कड़ा एतराज जताते हुए इसे भाजपा व आम आदमी पार्टी की मिलीभगत करार दिया है। यादव ने बयान देते हुए कि कुछ दिन पहले युवक कांग्रेस को जंतरमंतर पर अपनी आवाज उठाने के लिए शांतिपूर्ण तरीके से कार्यक्रम की इजाजत तक भाजपा सरकार से नहीं मिली। लेकिन महज दो दिन बाद ही उसी जंतर मंतर पर पूर्व सीएम केजरीवाल को भ्रष्टाचार से बरी होने की जीत का जश्न मनाने की इजाजत दिया जाना साफ़ ज़ाहिर करता है की दोनों कि भाजपा-आप की मिली भगत है। यादव ने तीखे वार करते हुए कहा कि बहुचर्चित करोड़ों का शराब घोटाला और आम आदमी पार्टी की सरकार के दौरान हुए भ्रष्टाचार की लगभग 14 विभागों की सीएजी रिपोर्टों पर बीजेपी सत्ता में आने के एक साल भी चुप क्यों है। क्या कारण है कि भाजपा की रेखा सरकार एक साल में कार्यवाही न करके उन रिपोर्ट को ठंडे बस्ते में डाल चुकी है। उन्होंने आरोप लगाए कि और अब शराब घोटाले के हजारों करोड़ के घोटले में केजरीवाल और उनके सभी साथियों का बरी होना कोई मामूली बात नहीं है। यादव का कहना है कि यह घटनाएं पूरी तरह से साबित करती है कि भाजपा और आम आदमी पार्टी में लम्बे समय के लिए अंदर खाते डील हो चुकी है।

## देश के 140 करोड़ लोग मिलकर उखाड़ फेंकेंगे तानाशाह सरकार : केजरीवाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

### जंतर-मंतर पर रैली कर भाजपा पर साधा निशाना




देश के 140 करोड़ लोग मिलकर देश से तानाशाह सरकार उखाड़ फेंकेंगे। ये लोग सत्ता की राजनीति करें और हम जनता के लिए काम करेंगे। आज से यह बदलाव की गिनती शुरू हो गई है। आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने रविवार को दिल्ली के जंतर मंतर पर विशाल रैली कर देश को संबोधित करते हुए यह बातें कही।

उन्होंने कहा कि मोदी कहते रहे कि दिल्लीवालों का 'बेटा' भ्रष्ट और है, लेकिन कोर्ट ने साफ कर दिया कि केजरीवाल कट्टर ईमानदार था, है और रहेगा। कांग्रेस के भ्रष्टाचार से तंग आकर लोगों ने बड़ी उम्मीदों से मोदी को पूर्ण बहुमत दिया। आज देश का हर सेक्टर बर्बाद है। इस दौरान दिल्ली, पंजाब, गुजरात, गोवा समेत विभिन्न प्रांतों से आए 'आप' नेताओं, कार्यकर्ताओं और हजारों आम लोगों ने 'पढ़ा-लिखा दमदार है, मेरा केजरीवाल कट्टर ईमानदार है' के जमकर नारे लगाए। केजरीवाल ने जंतर मंतर पर विशाल रैली को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री और भाजपा के दिल्ली में महिलाओं को 2500 रुपए देने, बस मार्शलों को नियमित करने समेत सारे वादे झूठे निकले। दिल्ली की भाजपा सरकार ने नौकरी देने के बजाय हजारों लोगों को नौकरी से निकाल दिया। इन्होंने एक साल में ही दिल्ली को बर्बाद कर दिया, सड़कें टूटी हैं, गंदा पानी आ रहा, लंबे-लंबे पावर कट लग रहे हैं।

### षड़यंत्र रच कर दिल्लीवालों को परेशान किया : केजरीवाल

अरविंद केजरीवाल ने आरोप लगाते हुए कहा कि पिछले चार साल से पीएम नरेंद्र मोदी और अमित शाह ने षड़यंत्र रच कर दिल्ली के लोगों को बहुत परेशान और दुखी किया। उन्होंने कहा कि केजरीवाल चोर है, भ्रष्टाचारी है, केजरीवाल ने शराब घोटाला किया है, केजरीवाल 100 करोड़ खा गया। दिन भर मीडिया में डिबेट चलता था। दिल्ली के लोगों को बहुत दुखी किया।

केजरीवाल ने कहा कि जज साहब ने फैसला सुनाया है कि केजरीवाल कट्टर ईमानदार है। शराब घोटाला संबंधी पूरा केस फर्जी है, कोई सबूत नहीं है। उन्होंने कहा कि सदियों के बाद ऐसा फैसला आया है।

केजरीवाल ने कहा कि मोदी और अमित शाह ने आम आदमी पार्टी को ठिकाने लगाने के लिए पूरे केस को व्यक्तिगत मॉनिटर कर रहे थे कि केजरीवाल, मनीष सिसोदिया, सत्येंद्र जैन, संजय सिंह छूटना नहीं चाहिए। कोर्ट का यह फैसला मोदी, अमित शाह और भाजपा के गाल पर जोरदार तमाचा है।

### मार्च में पड़ सकती है भीषण गर्मी फरवरी ने तोड़ा रिकॉर्ड

नई दिल्ली। दिल्ली वालों के लिए मार्च महीना भीषण गर्मी की मार वाला साबित हो सकता है। इसका आगाज फरवरी महीने में पड़ी रिकॉर्ड तोड़ गर्मी से हो चुका है। मौसम विभाग के अनुसार मार्च के पहले दिन अधिकतम तापमान 30.7 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ जो इस मौसम के सामान्य तापमान से 4.6 डिग्री अधिक है। जबकि दिल्ली में सबसे ज्यादा तापमान आयानगर में 31.4 डिग्री सेल्सियस और रिज एरिया में 31.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। वहीं न्यूनतम तापमान 15.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ जो सामान्य से 2.9 डिग्री ज्यादा है। फरवरी महीने में दिल्ली में सूरज के तेवर काफी तल्ख होने लगे जिसके चलते फरवरी के अंतिम दिन अधिकतम तापमान ने तीन साल का रिकॉर्ड तोड़ते हुए शनिवार को अधिकतम तापमान 32.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो सामान्य से 6.4 डिग्री अधिक था। आमतौर पर इतना अधिक तापमान अकसर मार्च के दूसरे पखवाड़े यानी मध्य में तपिश बढ़ती है। लेकिन इस बार फरवरी के आखिरी हफ्ते में ही सूरज ने अपने तेवर तल्ख किए और तीन साल रिकॉर्ड टूट गया। मौसम विभाग की मानें तो इस बार दिल्ली में सर्दी अपने तय समय से लगभग 15 दिन पहले ही टाटा आय बाय कह चुकी है। प्राप्त रिकार्ड के अनुसार 28 फरवरी 2026 शनिवार को दिल्ली का अधिकतम तापमान 32.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ।

## युवाओं को सही दिशा और नशामुक्त समाज का निर्माण हमारी प्राथमिकता : रविन्द्र इंद्राज

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



दिल्ली सरकार के समाज कल्याण एवं अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/अन्य पिछड़ा वर्ग कल्याण मंत्री रविन्द्र इंद्राज सिंह ने रविवार को विभिन्न सामाजिक, सांस्कृतिक एवं जन-जागरूकता कार्यक्रमों में सहभागिता की। सर्वप्रथम रविन्द्र इंद्राज सिंह ने शाहदरा जिला, दिल्ली पुलिस की एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स द्वारा आयोजित 'से येस टू लाइफ, नो टू ड्रग्स' शपथ कार्यक्रम में सहभागिता की। इस अवसर पर विधायकगण एवं बड़ी संख्या में सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित रहे। इसी क्रम में आयोजित 'अणुव्रत मैराथन 2026 रन फॉर यूनिटी, से नो टू ड्रग्स' अभियान के माध्यम से भी युवाओं को नशामुक्त जीवन अपनाने का संदेश दिया गया। मंत्री ने कहा कि ऐसे जन-जागरूकता कार्यक्रम समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने का सशक्त माध्यम हैं। युवाओं को नशे से दूर रखना और उन्हें स्वस्थ, अनुशासित एवं राष्ट्र निर्माण की दिशा में प्रेरित करना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। इसके बाद मंत्री ने उत्तर पश्चिम दिल्ली के चांदपुर मोड़ से माजरा डबास मार्ग पर निर्मित श्री बाबा टेकन द्वार के उद्घाटन समारोह में उपस्थिति दर्ज कराई। यह उद्घाटन कार्यक्रम सांसद योगेन्द्र चांदोलिया के कर-कमलों द्वारा सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। इसके बाद रविन्द्र इंद्राज सिंह ने गांव मुंगेशपुर में आयोजित जूनियर अंडर-20 चौथा विशाल ईनामी दंगल एवं भंडारा कार्यक्रम में भाग लिया तथा युवा खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। उन्होंने कहा कि खेल युवाओं को अनुशासन, ऊर्जा और सकारात्मक दिशा प्रदान करते हैं तथा स्वस्थ समाज निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

### ज़रा सी छूट मिलते ही भाजपा पर दोष मढ़ना शुरू कर देते हैं केजरीवाल : सचदेवा

**नई दिल्ली।** अरविंद केजरीवाल एवं आम आदमी पार्टी की समस्या यह है कि ज़रा सी राजनीतिक छूट मिलते ही यह दिल्ली से पंजाब, गुजरात, गोवा से होते हुए इजराइल, अमरीका तक की समस्याओं का दोष भाजपा के सिर मढ़ने की राजनीतिक ब्यानबाज़ी शुरू कर देते हैं। दिल्ली भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा ने रविवार को केजरीवाल पर निशना साधते हुए यह ब्यान जारी किया। उन्होंने कहा है कि केजरीवाल की मुश्किल यह है कि उन्हें 11 साल दिल्ली में सरकार चलाने का मौका मिला एवं अब करीब साढ़े 3 साल से पंजाब में सरकार चला रहे हैं और दोनों जगह उन्होने शून्य विकास दिया है पर वह उस पर नहीं बोलते, वह दिल्ली की एक साल की सरकार पर सवाल खड़ा करना चाहते हैं, गुजरात एवं गोवा में अनेक बार नकारे जाने के बाद भी वहां की भाजपा सरकारों से जवाब मांगते हैं। सचदेवा ने कहा कि मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने सात दिन में सातों संसदीय क्षेत्रों में जनता के बीच अपनी रिपोर्ट कार्ड रख कर देश भर के अनूठी मिसाल रखी है। दिल्ली भाजपा अध्यक्ष सचदेवा ने कहा है कि रेखा गुप्ता सरकार ने लोक निर्माण विभाग, जल बोर्ड, बाढ़ नियंत्रण विभाग, परिवहन विभाग के माध्यम से हजारों करोड़ के विकास कार्यों के साथ ही हर विधानसभा को 100 करोड़ रूपए की अलग विकास योजनाएं देकर जनप्रतिनिधियों को विकास का नया अवसर दिया है। सचदेवा ने कहा कि अरविंद केजरीवाल के 11 साल की पहचान था शून्य विकास, भ्रष्टाचार, घोटाले एवं शीशमहल, वहीं भाजपा सरकार का एक वर्ष बदलाव एवं विकास का रहा है।

### 'होली का त्यौहार है आपसी भाईचारे व मुहब्बत का पर्व'

नई दिल्ली। होली की आहट के साथ ही दिल्ली में कांग्रेसियों ने जगह जगह होली मिलन आयोजन करने शुरू कर दिए है। वीकेंड को दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष देवेंद्र यादव ने ऐसे ही एक आयोजन में कहा कि होली का त्यौहार हम सब के लिए आपसी भाईचारे व मुहब्बत का पर्व है। मेरी कामना है कि होली का यह महापर्व भारत देश में सुख समृद्धि लाए, लोगों के बीच सौहार्द व प्रेम बना रहे। यादव ने कहा कि रंगों का त्यौहार हमें संदेश देता है कि प्रेम का रंग सबसे गहरा और अटूट होता है। भारत देश विभिन्न धर्म, मजहब व पर्वों को ऐसा उदाहरण है जो विश्व में अन्य कहीं देखने को शायद ही मिले। उन्होंने कहा कि लेकिन कुछ मतलब परस्ती सोच के लोग भारत की इस एकता में विभिन्नता को चोट पहुंचाने की कोशिश में लगे रहते है। होली के दिन पूरा भारत एक रंग में रंगा दिखाई देता है। कांग्रेस के अनुसार रविवार को उत्तम नगर ब्लॉक व नजफगढ़ जिला कांग्रेस कमेटी, सरस्वती विहार, जहांगीरपुरी सहित अन्य जगहों पर आयोजित होली मिलन समारोह में यादव सहित अन्य नेता पहुंचे और लोगों को शुभकामनाएं प्रेषित की।

### क्षेत्र को अतिक्रमण रहित जोन बनाने की मांग

# समयपुर बादली मेट्रो स्टेशन के प्रवेश द्वार पर अतिक्रमण से लोगों को हो रही परेशानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



समयपुर बादली मेट्रो स्टेशन के प्रवेश द्वार पर स्ट्रीट वेंडर्स और ई-रिक्शा चालकों के अतिक्रमण से यात्रियों को गंभीर असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि स्टेशन में प्रवेश और निकास दोनों ही दूभर हो गए हैं।

ग्रामीण यात्री परिषद के अध्यक्ष एवं शिक्षाविद् दयानंद वत्स भारतीय ने बताया कि ई-रिक्शा चालक स्टेशन के ठीक सामने अपने वाहन इस तरह खड़े कर देते हैं कि एंट्री गेट दिखाई तक नहीं देता। कई चालक रांग साइड वाहन चलाते हैं, जिससे दुर्घटना की आशंका भी बनी रहती है। स्थिति यह है कि मेट्रो स्टेशन का मुख्य प्रवेश द्वार ही नहीं, बल्कि भारतीय रेल के बादली रेलवे स्टेशन की ओर जाने वाला मार्ग भी बाधित हो रहा है। यात्रियों का आरोप है कि दिल्ली मेट्रो का सुरक्षा स्टाफ स्टेशन के ऊपर तैनात रहता है, लेकिन प्रवेश द्वार पर हो रहे अतिक्रमण को हटाने के लिए कोई प्रभावी कदम नहीं उठाया जा रहा। रोजाना हजारों यात्रियों को भीड़, जाम और अव्यवस्था के बीच होकर गुजरना पड़ता है।

इस संबंध में यात्री दयानंद वत्स ने कहा कि दिल्ली मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन (डीएमआरसी), दिल्ली ट्रैफिक पुलिस और दिल्ली नगर निगम को यात्रियों को हो रही इस प्रकार की असुविधा की तरफ विशेष ध्यान देने की जरूरत है। उन्होंने मांग की है कि समयपुर बादली मेट्रो स्टेशन के प्रवेश द्वार से ई-रिक्शा और स्ट्रीट वेंडर्स को स्थायी रूप से हटाया जाए तथा इस क्षेत्र को टो-अवे जोन घोषित किया जाए, ताकि दोबारा अतिक्रमण न हो सके। उन्होंने कहा कि यदि शीघ्र कार्रवाई नहीं की गई तो यात्रियों की सुरक्षा और सुविधा दोनों प्रभावित होंगी।

## पिंक लाइन ने यात्रियों को किया परेशान तकनीकी खराबी के चलते यात्रा रही बाधित

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



मार्च के पहले दिन यानी वीकेंड पर दिल्ली मेट्रो की पिंक लाइन ने सुबह सुबह ही यात्रियों को रूला दिया। रविवार अवकाश का दिन होने के चलते सुबह यात्रियों की संख्या कम थी, वर्ना लाखों यात्रियों को परेशान होना पड़ता। प्राप्त जानकारी के अनुसार रविवार सुबह लगभग सवा सात बजे पिंक लाइन पर तकनीकी खराबी आने से सेवाएं बाधित हो गई। जिसके बाद दिल्ली मेट्रो रेल कॉरपोरेशन (डीएमआरसी) ने खराबी को लेकर अपने सोशल मीडिया मंच एक्स पर 7 बजकर 44 मिनट पर पोस्ट करते हुए यात्रियों को जानकारी साझा की कि पिंक लाइन बाधित हो गई है।

डीएमआरसी ने पोस्ट डालते हुए लिखा कि, सर्विस अपडेट। पिंक लाइन पर लाजपत नगर और भीकाजी कामा प्लेस के बीच टेक्निकल दिक्कत की वजह से ट्रेन सर्विस में देरी हो रही है। डीएमआरसी ने लिखा कि बाकी सभी मेट्रो लाइनों पर सर्विस नॉर्मल हैं। इस पोस्ट के बाद यात्रियों ने डीएमआरसी का कोसते हुए विभिन्न प्रकार के कॉमेंट लिखे। वहीं करीब सुबह 9 बजकर 57 मिनट पर डीएमआरसी ने एक बार फिर एक्स पर नई पोस्ट डाली और यात्रियों को बताया कि सर्विस अपडेट। डीएमआरसी ने लिखा कि अब पिंक लाइन पर नॉर्मल सर्विस फिर से शुरू हो गई हैं। इस पोस्ट पर भी यात्रियों ने कई कॉमेंट लिखे। यात्रियों का कहना है कि मेट्रो में यात्रियों की संख्या बढ़ने के साथ ही किराया बढ़ाया गया। लेकिन सहुलियत के नाम पर रोज रोज खराबी का मार झेलनी पड़ रही है।

## खबर संक्षेप

### पानी के टैंक में डूबने से बच्चे की मौत

**फरीदाबाद।** सैनिक कॉलोनी में दर्दनाक हादसे में ढाई साल के मासूम की पानी से भरे टैंक में डूबने से मौत हो गई।



पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए बादशाह खान अस्पताल में रखवा दिया है। मृतक बच्चे का नाम हरदीप है। उसके पिता राजू व मां कासी बाई बेलदारी का काम करते हैं और सैनिक कॉलोनी में ही बने कमरों में से एक में किराए पर रहते हैं। परिवार में कुल छह बच्चे हैं।

### 480 ग्राम गांजा के साथ आरोपी धराया

**फरीदाबाद।** क्राईम ब्रांच सेक्टर-65 की टीम ने कार्रवाही करते हुए 480 ग्राम गांजा सहित एक आरोपी को गिरफ्तार किया है।



पुलिस ने बताया कि 28 फरवरी को अपराध शाखा सेक्टर-65 की टीम ने अपने गुप्त सूत्रों की सूचना के आधार पर कार्रवाही करते हुए अजब सिंह निवासी गांव अनंगपुर फरीदाबाद को 480 ग्राम गांजा सहित सुरजकुण्ड मेला पार्किंग के पास से काबू किया है।

### ठगी के मामले में आरोपी गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** साइबर थाना बल्लभगढ़ की टीम ने डिजिटल अरेस्ट के नाम पर 81,00,000 रुपए की ठगी करने के मामले में एक आरोपी रिंकू मीणा निवासी गांव गांवली जिला दौसा राजस्थान के रूप में हुई है।



पुलिस ने जानकारी देते हुए बताया कि सेक्टर-7 डी फरीदाबाद निवासी एक व्यक्ति ने साइबर थाना बल्लभगढ़ में शिकायत दी थी कि 14 से 18 अक्टूबर के बीच उसके पास कथित डिपार्टमेंट ऑफ टेलीकम्युनिकेशन, डीसीपी बैंगलोर एवं सीबीआई मुंबई के अधिकारी बनकर वीडियो व ऑडियो कॉल की गईं।

# होली त्योहार के मद्देनजर फरीदाबाद पुलिस के पुख्ता सुरक्षा प्रबंध, हुड़दंगबाजों पर पुलिस की रहेगी पैनी नजर

## थाना व क्राइम ब्रांच की टीम फील्ड मे रहेंगी तैनात, ट्रैफिक पुलिस भी करेगी व्यापक स्तर पर चेकिंग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

पुलिस आयुक्त सतेंद्र कुमार गुप्ता ने होली के अवसर पर शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस अधिकारियों को विशेष चौकसी बरतने के आदेश दिए हैं। सार्वजनिक व भीड़भाड़ वाले स्थानों पर पुलिस की पैनी नजर रहेगी। असमाजिक तत्वों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। सभी थाना व चौकी प्रभारियों को अपने-अपने क्षेत्र में लगातार गस्त करने के दिशा निर्देश दिए गए हैं।

पुलिस आयुक्त ने होली के शुभ अवसर पर नागरिकों, पुलिस के समस्त अधिकारियों व जवानों सहित उनके परिवारों को अग्रिम शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह त्योहार लोगों की धार्मिक आस्था का प्रतीक है और सभी शांतिपूर्वक तरीके से त्योहार मनाएं। पुलिस ने बताया कि शराब पीकर गाड़ी चलाने, ब्लैक फिल्म, ट्रिपल राइडिंग वालों पर यातायात पुलिस की पैनी नजर रहेगी। कुछ उपद्रवी लोग भांग या शराब के नशे में वाहनों पर सवार हो जाते हैं और तेज गति से सड़कों पर वाहन दौड़ाते हैं जिसके परिणामस्वरूप गंभीर दुर्घटनाएं घटित होती हैं। इन दुर्घटनाओं में वाहन चालक के साथ-साथ आमजन को भी गंभीर दुष्परिणाम भुगतने पड़ते हैं। ऐसे लोगों के विरुद्ध फरीदाबाद पुलिस सख्त कार्रवाई करेगी।

*सभी थाना व चौकी प्रभारियों को गश्त के निर्देश दिए*

*असमाजिक तत्वों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी*

### फाग के दिन अतिरिक्त पुलिस बल तैनात रहेगा



होली के त्यौहार को लेकर लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित करना, महिलाओं के साथ अभद्रता पर रोक लगाना, यातायात व्यवस्था व कानून व्यवस्था बनाये रखना फरीदाबाद पुलिस के मुख्य प्राथमिकता रहेगी। जिसके लिए सभी थाना व चौकी प्रभारी को सार्वजनिक स्थानों तथा बाजारों, मार्किट में गस्त व पुलिस बल तैनात करने बारे निर्देश दिए गए है।

### 50 से अधिक पेट्रोलिंग पार्टी गस्त करेंगी

होली व फाग के दिन सरकारी अस्पतालों पर भी अतिरिक्त पुलिस बल तैनात रहेगा। कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए जिला में 70 से अधिक पेट्रोलिंग पार्टी गस्त करेंगी तथा 50 से अधिक स्थानों पर नाकाबंदी कर चेकिंग की जाएगी। इसके अतिरिक्त अपराध शाखाओं की टीम भी गस्त करेंगी। उन्होंने आगे बताया कि होली के अवसर पर कुछ लोग नशा कर छोटी-मोटी बातों के चलते आपस में लड़ाई झगड़ा करते हैं इसके गंभीर परिणाम निकलते हैं और भाईचारा बिगड़ता है। पुलिस ऐसे उपद्रवियों के साथ सख्ती से पेश आएगी और उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई करेगी। पुलिस की सोशल मीडिया पर भी पैनी नजर रहेगी, भ्रामक व आपत्तिजनक प्रचार करने वालों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## चंग रो धमीडो मैं तो मेहलां बैठी सुणियो रे...और

# होली आई रे फागण रे महीने मस्ती छाई रे... राजस्थान एसोसिएशन की होली मिलन समारोह

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

होली आई रे फागण रे महीने मस्ती छाई रे...फागण रो महीनो आयो होली खेलां राजस्थानी जैसे लोकगीतों से पंडाल झूम उठा। मौका था हर साल की तरह इस साल भी फरीदाबाद की राजस्थान एसोसिएशन द्वारा राजस्थान की समृद्ध संस्कृति, परंपरा और भाईचारे के प्रतीक रंगोत्सव 2026 का आयोजन किया गया।

इस मौके पर एसोसिएशन के अध्यक्ष गौतम चौधरी, अरुण कुमार सर्राफ वाइस प्रेसिडेंट, उमेश झंवर सैक्रेटरी, अश्वनी शर्मा ज्वाइंट सैक्रेटरी, गुलाब चंद बैद कोषाध्यक्ष, कार्यक्रम संयोजक श्याम कांकाणी, द्वारा पहुंचे सभी मुख्य अतिथियों का प्लांटर, बुके



और स्मृतिचिन्ह देकर सम्मानित किया गया। नेशनल हाईवे ड्रीमलैंड बैंक्वेट हाल में आयोजित इस रंगारंग कार्यक्रम के दौरान प्रदेश के राजस्व एवं शहरी निकाय मंत्री विपुल गोयल ने कहा कि राजस्थान के लोगों की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि आधुनिकता की दौड़ में भी उन्होंने अपनी समृद्ध संस्कृति को जीवंत बनाए रखा है। उन्होंने एसोसिएशन द्वारा प्रतिवर्ष आयोजित होने वाले इस सांस्कृतिक आयोजन की सराहना करते हुए पूरी टीम को होली की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने प्रवासी राजस्थानी उद्यमियों के योगदान की सराहना की। उन्होंने कहा कि ये उद्यमी अब केवल प्रवासी नहीं, बल्कि हरियाणा प्रदेश के अभिन्न अंग हैं। समारोह में विशिष्ट अतिथि के रूप में खाद्य एवं आपूर्ति राज्य मंत्री राजेश नागर और बड़खल विधानसभा से विधायक धनेश अदलक्खा उपस्थित रहे। इस अवसर पर मंत्रियों ने औद्योगिक क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान देने वाले सदस्यों को सम्मानित किया। कार्यक्रम में अध्यक्ष गौतम चौधरी ने कहा कि यह साल सामाजिकता के 50 वर्ष पूरे हो रहे है। राजस्थान एसोसिएशन अपनी कार्यप्रणाली के माध्यम से समाज में भाईचारा, समरसता के साथ ही समाजसेवा के कार्यों को विभिन्नताओं के साथ करता रहेगा। यहां होली के पावन पर्व पर राजस्थानी संस्कृति, लोक कला और सामाजिक सरोकारों की अनूठी छठा देखने को मिल रही है। उन्होंने सभी लोगों का धन्यवाद करते हुए कहा कि आपका सहयोग सदैव सराहनीय और प्रेरणादायी रहा है। इस मौके पर गायक शहजाद अली, रेनू नागर ने 1 केसरिया बालम आओ नी पधारो म्हार देश, लुक छिप ना जाओ जी, म्हान दीद कराओ जी, टूटे बाजू बंद री लूम, चूड़ी चमके रे, मोतीड़ा भलक, घूमर, ना तो कारवां की तलाश है। प्रस्तुति दी। इसके अलावा मेघराज मारवाड़ी एंड पार्टी और ढोल, नगाड़ा, कच्छी घोड़ी ने कार्यक्रम में समा बांध दिया। इस मौके पर संचालन समिति सदस्य टीएम लालानी, अरुण बजाज, एमपी रूंगटा, एसपी अग्रवाल, कार्यकारणी सदस्यों में राजकुमार , रमेश झंवर, कैलाश के साथ ही पूर्व प्रेसिडेंट मनोज , भाजपा पार्षद मुकेश , रावल, एच के अजय आदि।

## पूछताछ में आरोपी ने खुलासा किया

# फर्जी दस्तावेजों से विदेशी आरोपी को जमानत दिलाने का आरोपी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरुग्राम

सिकंदरपुर क्राइम ब्रांच ने फर्जी दस्तावेजों के जरिए विदेशी आरोपी को जमानत दिलाने के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। दरअसल, 11 फरवरी को शिवाजी नगर थाना पुलिस को अदालत से शिकायत मिली थी। जिसमें कहा गया कि विदेशी आरोपी को जमानत दिलाने के लिए दो व्यक्तियों के नाम से जमानती बॉन्ड प्रस्तुत किए गए थे। बाद में संबंधित व्यक्तियों ने अदालत में उपस्थित होकर बयान दिया कि उन्होंने कभी भी आरोपी की जमानत नहीं दी। करते हुए फर्जी जमानती दस्तावेज तैयार कर अदालत में प्रस्तुत किए थे। जिसके बाद पुलिस ने केस दर्ज कर लिया। मामले में सिकंदरपुर क्राइम ब्रांच ने एक आरोपी को गुरुग्राम से गिरफ्तार कर लिया।

अन्य साथियों के साथ मिलकर पुलिस थाना डीएलएफ फेज-1, गुरुग्राम में एक केस में एक नाइजीरियन आरोपी को किसी अन्य व्यक्ति के आधार कार्ड पर अपनी फोटो लगाकर जमानत दिलवाई थी।

## पुलिस ने केस दर्ज कर कार्रवाई शुरु की

# कूड़ा डाल रही महिला को हाइवा ने कुचला, मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरुग्राम

राजेंद्रा पार्क एरिया के चंदू गांव में सडक़ पर खड़े ट्रैक्टर-टॉली में कूड़ा डाल रही महिला को हाइवा ने कुचल दिया। हादसे के बाद ट्रैक्टर व हाइवा के बीच फंसी महिला की मौत हो गई। ट्रैक्टर के चालक को भी चोटें आई हैं। पुलिस ने केस दर्ज कर कार्रवाई शुरु कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में चंदू गांव निवासी पवन कुमार ने बताया कि गांव में सरपंच की ओर से कूड़ा उठाने के लिए मिनी ट्रैक्टर लगाया हुआ है। इस पर चालक के तौर पर सतीश कुमार तैनात है। 28 फरवरी की सुबह 6.30 बजे उसकी पत्नी पूनम रानी (31) कूड़ा डालने के लिए बाहर आई थी। पीछे से गुरुग्राम से बादली ओर जा रहे मिट्टी से भरे एक हाइवा ने तेज रफ्तार व लापरवाही से पूनम को टक्कर मार दी। पूनम ट्रैक्टर-ट्रॉली व हाइवा के बीच में फंसकर गंभीर रूप से घायल हो गई। पास में खड़े बिजली के खंभे से जा टकरा गया और चालक सतीश कुमार को भी चोटें आई।

### मोबाइल हैक कर अकाउंटेंट से निकाले 56 हजार रुपए

**गुरुग्राम।** साइबर क्राइम मानेसर थाना एरिया में जालसाज ने मोबाइल हैक कर एक कंपनी के अकाउंटेंट को 56 हजार रुपए की चपत लगा दी। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने केस दर्ज कर छानबीन शुरु कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में गांव बास पद्यका निवासी पवन कुमार ने कहा कि वह आईएमटी मानेसर स्थित कंपनी में अकाउंटेंट है। बीती 9 जनवरी की सांय करीब पांच बजे वह डयूटी पर था। अचानक उसका मोबाइल हैक हो गया।

# इन्वेस्टमेंट में बेहतरीन प्रॉफिट का प्रलोभन देकर रिटायर्ड कर्मी से 13 लाख रुपए ठगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरुग्राम

साइबर क्राइम मानेसर थाना एरिया में इंवेस्टमेंट में बेहतरीन प्रॉफिट का प्रलोभन देकर रिटायर्ड कर्मी से 13,06,005 रुपए की ठगी करने का मामला सामने आया है। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने केस दर्ज कर छानबीन शुरु कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में रोहतक निवासी सत्य बीर गर्ग ने कहा कि वह सिंचाई विभाग से रिटायर्ड होकर घर पर अपने बेटे के साथ गुरुग्राम के सेक्टर-82 में रहते हैं। बीती 5 जनवरी को उनके व्हॉट्सअप पर एक मैसेज आया। एंकर इंवेस्टर के जरिए प्री आईपीओ में इंवेस्टमेंट करने का मैसेज था। जिसमें आईआईएफएल कैपिटल सर्विसेज की ओर से अमृता ने बताया कि यहां इन्वेस्ट करने पर 95 प्रतिशत शेयर मिलते है। अमृता से व्हॉट्सअप पर चैट होने लगी वहीं बात भी होने लगी। अमृता ने उनका डीएमए अकाउंट खुलवा दिया। 14 जनवरी से 16 जनवरी तक 13 बार में सत्य बीर गर्ग ने कुल 13,06,005 रुपए इंवेस्ट कर दिए। इसके बाद उन्हें डीएमए अकाउंट में कुल 57,00,620 रुपए दिखने लगे।

**मृतक की पहचान लव के रूप में हुई है**

# गोल्डन गेस्ट हाउस में युवक की संदिग्ध मौत

**फरीदाबाद।** सारन थाना क्षेत्र के पर्वतीय कॉलोनी स्थित गोल्डन गेस्ट हाउस ओयो होटल में 21 वर्षीय युवक का शव कमरे में फंदे से लटका मिलने के बाद मामला तूल पकड़ता जा रहा है।

पुलिस इसे प्रथम दृष्टया आत्महत्या का मामला मान रही है, जबकि परिजनों ने होटल प्रबंधन पर गंभीर आरोप लगाते हुए इसे सुनियोजित हत्या बताया है। सारन थाना प्रभारी ब्रह्म प्रकाश के अनुसार मृतक की पहचान लव के रूप में हुई है, जो मूल रूप से बिहार का रहने वाला था और राहुल कॉलोनी में परिवार के साथ किराए पर रहता था। पुलिस के मुताबिक होटल का कमरा अंदर से बंद था, जिसे तोड़कर शव बाहर निकाला गया।

# ओयो होटलों को सील किए जाने पर स्थानीय निवासियों ने विधायक मूलचंद का आभार जताया

## सभी क्षेत्रवासियों को होली पर्व की शुभकामनाएं दीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

बल्लभगढ़ में प्रशासन द्वारा नवलू कॉलोनी के अंदर रेलवे रोड पर तथा शहर के अन्य स्थानों पर नियमों के विरुद्ध संचालित हो रहे ओयो होटलों को सील किए जाने की कार्रवाई पर स्थानीय कॉलोनी वासियों ने प्रसन्नता व्यक्त की है। इस कदम को क्षेत्र की सुरक्षा एवं सामाजिक वातावरण के हित में महत्वपूर्ण बताते हुए लोगों ने विधायक पंडित मूलचंद शर्मा का आभार व्यक्त किया।

स्थानीय नागरिक बड़ी संख्या में सेक्टर-8 स्थित विधायक कार्यालय पहुंचे, जहां उन्होंने विधायक एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री पं. मूलचंद शर्मा का फूल-मालाओं से स्वागत किया तथा मिठाई खिलाकर धन्यवाद ज्ञापित किया।



इस दौरान लोगों ने कहा कि प्रशासन की यह कार्रवाई क्षेत्र में कानून व्यवस्था को मजबूत करने और गलत गतिविधियों पर अंकुश लगाने की दिशा में सराहनीय पहल है। इसके अतिरिक्त सेक्टर-64 डी के निवासियों ने भी बल्लभगढ़ में चल रहे विकास कार्यों को तेज गति से पूरा किए जाने पर संतोष व्यक्त किया।

उन्होंने क्षेत्र में पार्कों का निर्माण, सड़कों सीवरेज एवं अन्य आधारभूत सुविधाओं के सुधार के लिए विधायक का आभार जताया तथा सभी क्षेत्रवासियों को होली पर्व की शुभकामनाएं दीं।

इस अवसर पर क्षेत्र के गणमान्य नागरिक एस एच मान, डीपी यादव, धर्मपाल रावत, सुरेंद्र सिंह यादव, कमल सोलंकी, वेदराम शर्मा, उदयवीर गिल, उमेश लाला, विनोद कुमार, राहुल शर्मा, रामानंद शर्मा, प्रेम सिंह, जय किशोर, विजेंदर सिंह, प्रदीप कुमार, महेश कुमार, केशव दत्त, महेश गोयल, अनिल शर्मा, मुंजाल, ओमप्रकाश सहित सेक्टरवासी एवं कॉलोनीवासी उपस्थित रहे।

## 26 फरवरी को वन विभाग ने नोटिस जारी किया था

# परसोन मंदिर की यज्ञशाला तोड़ने का नोटिस, अरावली में अवैध निर्माण पर कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

वन विभाग की ओर से अरावली की पहाड़ियों में बसे पौराणिक परसोन मंदिर के यज्ञशाला को तोड़ने के लिए नोटिस जारी किया गया है। नोटिस के बाद मंदिर प्रबंधन रोष जता रहा है। प्रबंधन के अनुसार हजारों वर्ष पुराना मंदिर हैं। यहां एक भी निर्माण को हटाने नहीं दिया जाएगा।

कार्रवाई रुकवाने के लिए केंद्रीय राज्यमंत्री कृष्णपाल गुर्जर से गुहार लगाएंगे। वन विभाग के अधिकारियों के अनुसार सुप्रीम कोर्ट के आदेशानुसार वन क्षेत्र में अवैध कब्जों को लेकर नोटिस दिया जा रहा है। मंदिर प्रबंधन द्वारा वन क्षेत्र की जमीन पर सीमेंटेड यज्ञशाला बना ली गई है। इस संबंध में वन विभाग से अनुमति नहीं ली गई थी। यज्ञशाला और मंदिर के आस-पास हुए अवैध कब्जों को हटाने के लिए वन विभाग की ओर से 26 फरवरी को नोटिस जारी किया है। प्रबंधन को यज्ञशाला सहित अन्य निर्माण हटाने के लिए 15 दिन का समय दिया गया है। 15 दिनों में यदि प्रबंधन ने निर्माण नहीं हटाया तो वन विभाग स्वयं कार्रवाई करेगा। मंदिर के आस-पास हुए अवैध निर्माण पर विभाग की ओर से नोटिस चिपकाया गया है।

### क्या कहते है जिला वन अधिकारी

जिला वन अधिकारी झलकार ने बताया कि अरावली वन क्षेत्र में मंदिर प्रबंधन की ओर बनाए गए यज्ञशाला सहित अन्य अवैध निर्माण को चिन्हित करके हटाने के लिए नोटिस जारी किया गया है। सुप्रीम कोर्ट के आदेश और पीएलपीए के तहत वन क्षेत्र में गैर वानिकी कार्य नहीं किए जा सकते हैं। इसके तहत ही नोटिस दिया गया है। मंदिर प्रबंधन को सहयोग करने की आवश्यकता है।

## 375 शिकायतों का समाधान, 6 लाख 94 हजार रुपए खातों में फ्रीज

# एक सप्ताह में 14 मामलों में 40 साइबर अपराधी गिरफ्तार, 42 लाख रुपए बरामद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरुग्राम

फरीदाबाद। पुलिस आयुक्त सतेंद्र कुमार गुप्ता के मार्गदर्शन में फरीदाबाद पुलिस की साइबर थानों की टीम द्वारा ठगों पर लगातार कार्रवाही की जा रही है। 21 फरवरी से 27 फरवरी के बीच कार्रवाही करते हुए एक सप्ताह में 40 साइबर अपराधियों को गिरफ्तार किया गया है तथा 42,08,400 रुपए बरामद किये हैं।

पुलिस प्रवक्ता अनुसार फरीदाबाद पुलिस की साइबर थानों की टीम ने 14 मुकदमों में कार्रवाही करते हुए 40 साइबर अपराधियों को गिरफ्तार किया है। जिसमें साइबर थाना एनआईटी के 4, सेंट्रल के 6 व बल्लभगढ़ के 4 मामले शामिल है। इस दौरान साइबर थाना की टीमों ने 42,08,400 रूपए बरामद किये हैं।

इसी प्रकार 375 शिकायतों का निस्तारण कर 6,94,151 खातों में फ्रिज कराये हैं। यह कार्रवाई साइबर थानों की टीम ने 21 फरवरी से 27 फरवरी तक एक सप्ताह के दौरान की है। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों में नरेश कुमार, बलदेव



सिंह, नार्वेल सिंह, हरबंश सिंह, ईश्विंदर सिंह, तैयब अंसारी, दीपक, अंकित चौहान, विशाल कुमार, करनदीप, परमार कौशिक, परमार मेहुल, परमजीत, हरजीत सैनी, रितेश, लक्की मेघवाल, कन्हैया लाल, साहिम, रिहान अहमद, मेघा वर्मा, चांदपा, अरुण, रखप्रीत सिंह, सतवंत, विजय बर्मन, प्रसनजीत मोदक, विक्की, मोनू, नौनिहाल, सागर, अजय, समीर मुगल, विकास राणा, रिन्कू मीणा, हेमराज यादव, अजय गोठवाल, पंकज कटे, अजय भगत, सौरभ देव कुले व सलमान खान का नाम शामिल है।

### *ट्रैक्टर से मीरपुर हिन्दू गांव पहुंचे राकेश टिकैत, बोले अब लड़ाई आर-पार की होगी*

**गाजियाबाद।** भाजपा सांसद द्वारा गोद लिए गांव मीरपुर हिंदू गांव में भरतीय किसान यूनियन के राकेश टिकैत रविवार को पहुंचे और आंदोलनरत ग्रामीणों का हौंसला बढ़ाया। अपने संबोधन में कहा कि खेती की जमीन पर कूड़ा किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं है। इस बार लड़ाई आरपार की होगी।



कूड़ा निस्तारण प्लांट के विरोध में बुलाई गई महापंचायत में दूर-दराज़ के गांवों से किसान ट्रैक्टर-ट्रालियों में भरकर पहुंचे। गांव की गलियां और पंचायत स्थल ट्रैक्टरों की कतारों से पट गए मानो पूरा इलाका एक स्वर में कह रहा हो, जमीन बचाओ, भविष्य बचाओ। किसान यूनियन के राष्ट्रीय प्रवक्ता राकेश टिकैत स्वयं पहुंचे। ग्रामीण सैकड़ों ट्रैक्टरों के साथ मंडोला विहार योजना तक गए और वहां से टिकैत को साथ लेकर आए। टिकैत ने खुद ट्रैक्टर की कमान संभाली और काफिले के साथ पंचायत स्थल तक पहुंचे यह दृश्य किसानों की एकजुटता और संघर्ष की प्रतीकात्मक तस्वीर बन गया।

**शो में असंख्य फूलों एवं पौधों की शोभा छायी रही**

# फ्लावर शो एवं चटकारे के आयोजन में अंतिम दिन उमड़ी भीड़, कॉमेडी शो भी प्रस्तुत किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गाजियाबाद

लैण्डक्राफ्ट डवलपर्स प्रालि द्वारा हॉर्टिकल्चर एण्ड फ्लोरिकल्चर सोसायटीज गाजियाबाद के सहयोग से फ्लावर शो एवं चटकारे के अंतिम दिन का आयोजन संपन्न हुआ। आयोजन में मुख्य विकास अधिकारी अभिनव गोपाल , धवल जायसवाल डीसीपी सिटी ,सहायक पुलिस आयुक्त रितेश त्रिपाठी, सूर्यबली मौर्य, जियाउद्दीन अहमद, दीपक भाटी, श्रीमती प्रियाश्री पाल, रजत कुमार,आदि उपस्थित हुए।

फ्लॉवर शो में चारों ओर असंख्य फूलों एवं पौधों की प्रदर्शनी की शोभा छायी रही जो आयोजन में 'आये हुए हर दर्शक को अपनी ओर आकर्षित कर रही थी। आयोजन स्थल पर ऑक्सीजन उत्सर्जित करने वाले पौधे एवं वायु प्रदूषण को शुद्ध



करने वाले पौधे, मेडिसिनल प्लान्ट का विशेष प्रदर्शन रहा। आयोजन स्थल पर फूलों द्वारा बनाया गया ऊँ सेल्फी प्वाइंट के मुख्य आकर्षण का केन्द्र रहा। स्टैचू आर्टिस्ट के साथ भी लोगों ने सेल्फी ली। चटकारे में प्रसिद्ध व्यंजनों का मेले में आये लोगों ने भरपूर स्वाद लिया। आयोजन स्थल पर सर्वप्रथम ड्राईंग कम्पीटिशन का आयोजन किया गया जिसमें लगभग 250 बच्चों ने भाग लिया। इसके अतिरिक्त अनिल वैन्ट्रो वैन्ट्री लोकिस्ट कॉमेडियन जिनके द्वारा पपेट के माध्यम से एक कॉमेडी शो प्रस्तुत किया गया। पैन्थर ग्रुप, दिल्ली एवं गाजियाबाद की अनेकों डांस एकेडमियों द्वारा अपने नृत्य के जोहर से सभी को अपनी ओर आकर्षित किया। इस मौके पर इन सांस्कृतिक कार्यक्रमों का सफलतापूर्वक आयोजन मंच संचालिका पूनम शर्मा द्वारा किया गया।

आयोजन के अंतिम दिन हजारों की संख्या में लोगों ने भ्रमण किया जिसको दृष्टिगत रखते हुए पार्किंग, सुरक्षा एवं सफाई व्यवस्था का विशेष ध्यान रखा गया। फ्लॉवर शो में सम्मिलित हजारों लोगों ने इस आयोजन की भूरी-भूरी प्रशंसा की। इस आयोजन में ललित जायसवाल, राकेश गोयल, रमा त्यागी, रश्मि अग्रवाल, डी०के शर्मा , निर्माश अग्रवाल,दिवाकर सिंघल, दिव्यांशु सिंघल,विकास जैन आदि का सहयोग रहा।

### मोहना गांव में बंदूक की नोक पर परिवार को बनाया बंधक, लाखों की लूट

**फरीदाबाद।** गांव मोहना में परिवार को बंदूक के बल पर बंधक लूट का मामला सामने आया है। लूट की यह वारदात प्रवीन नामक व्यक्ति के घर हुई। रात में प्रवीन और उनकी पत्नी प्रथम तल पर सो रहे थे। भूतल पर उनके पिता वीरपाल और मां कृष्णा सोए हुए थे। रात करीब दो बजे चार बदमाश दरवाजे पर लगा शीशा खोलकर घर में घुस आए। उनमें एक के हाथ में बंदूक, दो के हाथ में राड और एक के हाथ में पाइप था। घर में घुसकर एक बदमाश ने वीरपाल और कृष्णा को बंदूक के बल पर बंधक बना लिया और चुप रहने की हिदायत दी। बाकी बदमाशों ने घर की अलमारियां और बेड खोलने शुरू कर दिए। इनमें से उन्होंने सोने की चेन, अंगूठी, चांदी के सिक्के व आठ हजार रुपए निकाल लिए।

## निकिता हत्या मामला

# किडनैपिंग में तौसीफ और माता-पिता बरी, सबूत नहीं पेश कर सकी पुलिस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

एडिशनल सेशन जज अजय शर्मा की कोर्ट ने निकिता मर्डर केस में आरोपी तौसीफ और उसके माता-पिता को किडनैपिंग केस में बरी कर दिया है। 26 अक्टूबर 2020 को मर्डर से पहले तौसीफ ने 2 अगस्त 2018 को निकिता को किडनैप किया था।

निकिता के पिता मूलचंद की शिकायत पर शहर बल्लभगढ़ थाने में किडनैपिंग का केस दर्ज किया गया था। बाद में समझौता होने पर केस बंद कर दिया गया था। तौसीफ ने निकिता पर शादी का दबाव बनाया, लेकिन उसने मना कर दिया। इसके चलते 26 अक्टूबर 2020 को तौसीफ ने बल्लभगढ़ के अग्रवाल कॉलेज के बाहर निकिता की गोली मारकर हत्या कर दी थी। मर्डर के बाद पुलिस ने उसके खिलाफ दर्ज किडनैपिंग केस को फिर से खोला और जांच शुरू की। जांच के दौरान पुलिस ने तौसीफ के पिता जाकिर हुसैन और मां असमीना को भी आरोपी बनाकर गिरफ्तार कर लिया था। बाद में कोर्ट ने उन्हें जमानत दे दी थी। तब से यह केस कोर्ट में पेंडिंग है। 24 मार्च, 2021 को एक फास्ट-ट्रैक कोर्ट ने तौसीफ और उसके साथी रेहान को दोषी ठहराया और उन्हें उम्रकैद की सजा सुनाई। उन्होंने इस सजा के खिलाफ हाई कोर्ट में अपील की है, जहां ट्रायल अभी पेंडिंग है।

## खबर संक्षेप

### 75 के हुए बिहार सीएम मोदी, शाह ने दी बधाई

**पटना।** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने जन्मदिन पर बधाई दी है। दोनों नेताओं ने सोशल मीडिया पर पोस्ट करके सीएम को बिहार की तरक्की के लिए लगातार काम करने वाला दूरदर्शी नेता बताया है। नीतीश कुमार आज 75वां जन्मदिन मना रहे हैं। पटना से उनके गांव नालंदा के कल्याण बीघा तक समारोह का आयोजन किया गया है।



### नेपाल में 5 मार्च को प्रतिनिधि सभा का चुनाव

**महाराजगंज।** आप नेपाल जाने की योजना 6 मार्च के बाद ही बनाएं क्योंकि पांच मार्च को नेपाल में चुनाव है और 72 घंटे पहले सीमा सील कर दी जाएगी। इस दौरान भारतीय पर्यटकों के लिए नेपाल में प्रवेश व वाहन ले जाना वर्जित रहेगा। नेपाल का अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट खुला रहेगा, लेकिन बाहर जाने के लिए वाहन मिलना मुशिकल होगा। विदेशी सैलानियों ने बुकिंग कैंसिल करानी शुरू कर दी है।



### झारखंड में होली-रमजान को लेकर हाई अलर्ट

**रांची।** झारखंड में होली, रमजान के त्योहारों को देखते हुए हाई अलर्ट जारी किया गया है। प्रशासन ने सभी जिलों के अधिकारियों को सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम करने और सांप्रदायिक सौहार्द बनाए रखने के निर्देश दिए हैं। सोशल मीडिया पर भड़काऊ पोस्ट करने व हुड़दंगियों पर कड़ी नजर रखने का कहा गया है। संवेदनशील इलाकों में अतिरिक्त पुलिस बल तैनात होंगे।



### यूपी में एसआईआर पर नया अपडेट

# नोटिसों की सुनवाई 73% पूरी मेरठ में धीमी गति मात्र 61%

एजेंसी ▶▶ मेरठ

यूपी के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने कहा कि प्रदेश में एसआईआर के नोटिसों की सुनवाई का कार्य 73 प्रतिशत पूरा हो चुका है। मेरठ यह 61 प्रतिशत है। गति बढ़ाने के लिए बीएलओ को विशेष प्रशिक्षण दिलाया जाएगा।

आकलन के मुताबिक प्रदेश में अभी तीन करोड़ नए मतदाता बनाए जा सकते हैं। कुल 16 करोड़ मतदाता होने चाहिए। अभी तक 12.55 करोड़ के नाम सूची में आए हैं। नए मतदाता के लिए 78 लाख फार्म मिले हैं। राजनीतिक दलों के पदाधिकारियों ने बीएलओ द्वारा फार्म 6 लेने में आ ना का नी किए जाने की शिकायत की है। सीईओ नवदीप रिणवा ने चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय में कहा कि मेरठ में नोटिसों की सुनवाई की गति धीमी जरूर है, लेकिन 26 मार्च से पहले ही इसे पूरा कर लिया जाएगा।



### गोकुल की गलियों में होली की धूम , हर तरफ गुलाल उड़ने लगा, श्रद्धालु आनंद लेते रहे

# गोकुल में छड़ीमार होली: हुरियारों पर बरसीं प्रेम पगी छड़ियां रंगों में सराबोर झूमे श्रद्धालु, ठाकुरजी पर पुष्प वर्षा से स्वागत

एजेंसी ▶▶ मथुरा

मथुरा के महावन में भगवान श्रीकृष्ण की क्रीड़ा स्थली गोकुल में छड़ी मार होली खेली गई। इसमें गोकुल की ग्वालिनों ने कान्हा स्वरूप हुरियारों पर प्रेम से पगी छड़ियां बरसाईं। गोकुल की गलियों में होली की धूम मच गई। हर तरफ गुलाल उड़ने लगा। सतरंगी अंबर के बीच चारों तरफ रसियाओं की आवाज गूंजने लगी। होरी के रसिया और टेसू के फूलों से बने रंग में सराबोर होकर श्रद्धालु आंनद लेते रहे।

### गोकुल वासियों ने गली-गली में किया डोला का फूलों की बरसात



सुबह दस बजे नंद भवन नंदकिला से ठाकुरजी का डोला निकाला गया। डोला नंद भवन से बीच चौक, नंद चौक होकर मुरलीधर घाट पर पहुंचा। मंदिर सेवायत पुजारी मथुरा दास ने ठाकुरजी की आरती उतारी। गोकुल वासियों ने गली-गली में डोला का फूलों की बरसात कर स्वागत किया।

### अनूठी होली में शामिल होने देश-विदेशों से श्रद्धालु पहुंचे

डोला में गोकुलवासी मस्त होकर नृत्य कर रहे थे। श्रद्धालु ठाकुरजी पर पुष्प वर्षा कर स्वागत करते जयघोष करते हुए डोला के साथ निकले। गोकुल की ग्वालिन छड़ी लेकर डोला के साथ साथ चल रहीं थीं। हंसी ठिठोली करते हुए ग्वाल-ग्वालिन गोकुल की गलियों से गुजरते हुए मुरलीधर घाट पर पहुंचे। जहां ठाकुरजी ने पहली बार बंसी बजाई, वहीं छड़ी मार होली खेली गई। गोकुल की सैकड़ों ग्वालिनों ने छड़ीमार होली ग्वालों के साथ खेली। गोकुल की इस अनूठी होली में शामिल होने के लिए देश-विदेशों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे।

### मानवता के खिलाफ है हमला, सड़क पर उतरे लोग

# ईरान के सुप्रीम लीडर खामेनेई की मौत पर संभल में शिया समुदाय का फूटा गुस्सा

एजेंसी ▶▶ संभल/बाराबंकी/पटना

*संभल के सिरसी कस्बे में खामेनेई की मौत की खबर मिलते ही बड़ी संख्या में लोग सड़कों पर उतर आए। प्रदर्शनकारियों ने अमेरिका और इज़राइल के खिलाफ जोरदार नारेबाजी की और जुलूस निकाला।*

उत्तर प्रदेश के संभल में ईरान के सुप्रीम लीडर अयातुल्लाह अली खामेनेई की मौत की खबर के साथ ही शिया समुदाय गहरा दुख, आक्रोश और विरोध व्यक्त करते हुए सड़क पर उतर आए।

दरअसल, सिरसी कस्बे में खामेनेई की मौत की खबर मिलते ही बड़ी संख्या में शिया समुदाय के लोग सड़कों पर उमड़ पड़े। उन्होंने अमेरिका और इज़राइल के खिलाफ जोरदार नारेबाजी की व जुलूस निकाल कर अपने आक्रोश का इजहार किया। स्थानीय लोगों ने कहा कि यह सिर्फ एक देश के नेता की मौत की खबर नहीं है। बल्कि पूरी उम्मत के लिए बड़ा नुकसान है। संभल सांसद जियाउर्रहमान बर्क ने कहा कि युद्ध की शुरुआत इजराइल की ओर से हुई है। अमेरिका बातचीत के जरिए समाधान चाहता था।

### खामेनेई के राजनीतिक और धार्मिक योगदान को याद किया



संभल में समुदाय की ओर शोक सभा और विरोध कार्यक्रम आयोजित किए गए। जिनमें संगठित रूप से खामेनेई के राजनीतिक और धार्मिक योगदान को याद किया गया। उनके प्रति श्रद्धांजली अर्पित की गई। यहां बताते चले कि जम्मू-कश्मीर के श्रीनगर सहित अन्य क्षेत्रों में भी खामेनेई की मौत की खबर के बाद भारी सामाजिक प्रतिक्रियाएं देखने को मिलीं। कई स्थानों पर लोगों ने विरोध प्रदर्शन किए, उन्होंने अमेरिका और इज़राइल के खिलाफ नारे लगाए और खामेनेई की प्रतिमाओं को श्रद्धांजली स्वरूप उठाए रखा। शिया समुदाय के लोगों का कहना है कि उनकी हत्या केवल एक नेता की हत्या नहीं है। बल्कि यह विश्व नेतृत्व और सत्ता संतुलन पर गंभीर प्रश्न उठा सकती है।

**खामेनेई की मौत से उनके गुरु के गांव में शोक**

अमेरिका और इजराइल द्वारा किए गए हमले में मारे गए ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई की मौत से उनके गुरु के गांव में भी शोक का माहौल है। ऐसी मान्यता है कि खामेनेई के गुरु अयातुल्ला खुमैनी का बाराबंकी के बदोसराय स्थित किंतूर गांव से पुश्तैनी रिश्ता था और उनके पूर्वज लगभग 150 साल पहले यहां से ईरान गए थे।

### भारत ने अपना एक दोस्त खो दिया



इस बड़ी घटना पर बिहार की प्रमुख राजनीतिक पार्टी राष्ट्रीय जनता दल ने अपनी तीखी प्रतिक्रिया दी है। आरजेडी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स के जरिए इस हमले की कड़े शब्दों में निंदा की। पार्टी ने लिखा कि अयातुल्ला अली खामेनेई की शहादत के साथ ही भारत ने अपना एक भरोसेमंद और पुराना दोस्त खो दिया है। आरजेडी ने कहा कि खामेनेई को निशाना बनाकर किया गया यह हमला सिर्फ एक देश पर नहीं, बल्कि पूरी मानवता के खिलाफ अपराध है।

### लीकेज कहां है, समीक्षा जरूरी

# नीतीश की शराबबंदी पर अब मंत्री चिराग पासवान भी गर्म



एजेंसी ▶▶ पटना

बिहार में नीतीश सरकार के शराबबंदी कानून पर अब सत्ता पक्ष के लोग ही सवाल उठा रहे हैं। इस लिस्ट में अब चिराग पासवान का भी नाम शामिल हो गया है। केंद्रीय मंत्री और लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के मुखिया चिराग ने शराबबंदी की समीक्षा की मांग का समर्थन किया है। उन्होंने कहा कि बिहार में शराब पर प्रतिबंध में कहां पर लीकेज है, इसकी समीक्षा जरूरी है। उन्होंने सख्ती से इस कानून को लागू करने की मांग की है।

### बार-बार शराब की होम डिलिवरी की बात उठती रही

चिराग पासवान ने रविवार को पटना में मीडिया से बातचीत के दौरान यह बयान दिया। उन्होंने कहा कि किसी भी योजना की समीक्षा जरूरी है। यह पता लगाने के लिए कि जिस उद्देश्य-लक्ष्य के साथ बैन लगाया गया, क्या वह पूरा हो रहा है? अगर पूरा नहीं हो रहा तो उसमें कमी-खामी क्या है? क्या हमारे सीमावर्ती इलाके से शराब आयात हो रही है? क्या शराब ब्लैक मार्केट में बिक रही है? क्योंकि बार-बार होम डिलिवरी की बात उठती रही है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि इन तमाम चीजों की समीक्षा से ही पता चलेगा कि जिस उद्देश्य के साथ शराबबंदी लाई गई थी, क्या उसके लाभ हम ले पा रहे हैं। अगर नहीं ले पा रहे तो क्या उसके लूप-होल्स हैं, कहां पर लीकेज है? उनको टाइट किया जाएगा।

### एनडीए से उठ रहे शराबबंदी के विरोध में सुर

पिछले कुछ दिनों से सत्ताधारी गठबंधन के अंदर से ही बिहार में शराबबंदी के विरोध में सुर उठ रहे हैं। हाल ही में खत्म हुए बिहार विधानसभा के बजट सत्र के दौरान सदन के अंदर विपक्ष के साथ-साथ एनडीए के विधायकों ने सरकार को इस मुद्दे पर घेरे रखा।भाजपा विधायक विनय बिहारी ने हर जगह शराब मिलने की बात कहकर कानून की समीक्षा की मांग की। इसके अलावा, राज्यसभा सांसद उपेंद्र कुशवाहा की पार्टी राष्ट्रीय लोक मोर्चा के विधायक माधव आनंद ने भी सदन के अंदर यह मुद्दा उठाया।

## पेज एक का शेष

### 30 'बमों' से ....

(आईआरजीसी) ने कहा कि हमने एक महान नेता खो दिया है। सीनियर ईरानी नेता अलीरेजा अराफी को रविवार को ईरान की लीडरशिप काउंसिल का ज्यूरिस्ट मेंबर बनाया गया। अराफी को लीडरशिप काउंसिल का ज्यूरिस्ट मेंबर बनाने का मतलब है कि अराफी तब तक सुप्रीम लीडर की भूमिका निभाएंगे, जब तक असेंबली नए लीडर का चुनाव नहीं कर लेती। इस युद्ध से पूरी दुनिया सहम गई है। माना जा रहा है कि यह विश्व युद्ध की आहट है। दुनिया भर में तेल संकट के गहराने का डर सता रहा है। सारी दुनिया तेल के लिए वेनेजुएला के तेल पर निर्भर हो जाएगी, जिस पर ट्रंप का कब्जा है।

### क्या यह परमाणु ...

मोहम्मद बिन सलमान ने उनसे बार बार ईरान पर हमला करने के लिए लॉबिंग की थी। मोहम्मद बिन सलमान ने डोनाल्ड ट्रंप के दामाद जेरेड कुशनर के साथ अपने करीबी रिश्तों का इस्तेमाल कर व्हाइट हाउस के भीतर अपनी बात को मजबूती से रखा। इजराइल के निशाने पर तुर्किये भी है। नेतन्याहू ने अपने संबोधन में कहा भी कि उनका अगला निशाना एर्दोगन है। हालांकि, यह इतना आसान नहीं होगा, क्योंकि तुर्किये में भी अमेरिका का सैन्य अड्डा है।

- सोमवार को इस युद्ध का जैसे ही असर शेयर बाजार पर आएगा, ये हमले धीमे हो जाएंगे। क्योंकि, ट्रंप उतनी ही पैसा खो सकते हैं, जितना उन्हें उनके मकसद में खोना पड़ सकता है?
- चीन की चुप्पी भी इसमें महत्वपूर्ण है। वह भी हथियारों का बड़ा निर्यातक है। उसके हथियार लगातार फेल हो रहे हैं। अमेरिका और इजरायल के संयुक्त हमलों में ईरान में भारी तबाही हुई, जिससे चीन के एचक्यू-9बी एयर डिफेंस सिस्टम की विफलता पर सवाल उठे हैं। दरअसल, ईरान ने हाल ही में चीन से एचक्यू-9बी एयर डिफेंस सिस्टम खरीदा था। अमेरिका और इजरायल के सटीक हमलों रोकने में डिफेंस सिस्टम नाकाम रहा। इससे पहले जब भारत ने पहलगाम आतंकी हमले का बदला लेने के लिए पाकिस्तान के खिलाफ ऑपरेशन सिंदूर लॉन्च किया था, उस वक्त भी ये सिस्टम फेल हो गया था।

### ईरान के सर्वोच्च नेता...

नीतियों को बढ़ावा मिलता है, जो वैश्विक शांति के लिए घातक हैं। कांग्रेस ने दोहराया कि प्रत्येक देश के नागरिकों को अपना राजनीतिक भविष्य स्वयं तय करने का अधिकार है और किसी बाहरी शक्ति को किसी अन्य देश की सत्ता या नेतृत्व को बदलने का अधिकार नहीं है। पार्टी ने ऐसे कदमों को साम्राज्यवादी प्रवृत्ति बताते हुए कहा कि ये नियम-आधारित अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था के मूल सिद्धांतों के खिलाफ हैं। कांग्रेस ने अंतरराष्ट्रीय समुदाय से अपील की है कि वह संयम बरते और पश्चिम एशिया में शांति एवं स्थिरता बहाल करने के लिए संवाद का रास्ता अपनाए।

### छग से राज्यसभा के लिए...

मंत्री रहे ताम्रध्वज साहू ने छत्तीसगढ़ भवन में भूपेश समर्थकों की भीड़ देखी तो छत्तीसगढ़ सदन की ओर रुख कर लिया। दिल्ली पहुंच कर राहुल गांधी से मिलने का समय मांगा। साहू समाज के नेता के तौर पर राहुल गांधी ने उन्हें एआईसीसी ओबीसी मोर्चा का अध्यक्ष भी बनाया था। कांग्रेस को न प्रदेश में साहू वोट मिला, न खुद साहू अपनी सीट बचा पाए। बाद में ओबीसी मोर्चा के अध्यक्ष पद से उनकी विदाई तय हुई। उन्हें अब भी लगता है पिछड़े नेता के रूप में राहुल गांधी उन्हें राज्यसभा भेजेंगे। ये बात अलग है कि पूर्व प्रदेश अध्यक्ष और साहू समाज के मान्य नेता धनेंद्र साहू ने भी राज्यसभा के लिए दावेदारी करते हुए दिल्ली में जमे हुए हैं। हालांकि सूत्रों ने बताया पिछड़े नेता के तौर पर छत्तीसगढ़ से एआईसीसी सचिव और युवा नेता देवेंद्र यादव का नाम भी नेतृत्व की फेहरिस्त में शुमार है।

### पूर्वांचल एक्सप्रेसवे पर दर्दनाक हादसा

# बोलेरो के पलटने से 3 की मौत, 8 गंभीर रूप से घायल

एजेंसी ▶▶ बाराबंकी

पूर्वांचल एक्सप्रेस वे पर लोनीकटरा के नेरा कबूलपुर गांव के पास टॉयर फटने से अनियंत्रित हुई बोलेरो पलटने से तीन की मौत हो गई जबकि आठ लोग घायल हो गए। यूपीडा सुरक्षा ने पुलिस के साथ राहत व बचाव कार्य करते हुए सभी को लखनऊ भेजवाया।पुलिस के अनुसार बोलेरो लखनऊ से अयोध्या जा रही थी। अचानक पिछला टॉयर फका और बोलेरो एक्सप्रेस वे पर पलटते चली गई। सूचना पर पहुंची यूपीडा सुरक्षा व लोनीकटरा पुलिस ने क्षतिग्रस्त हो चुकी बोलेरो में सवार लोगों को निकाला और निकट में स्थित लखनऊ जिले के गोसाइगंज सीएचसी भेजा।

पुलिस के अनुसार गाड़ी में अयोध्या के इनायतनगर थाना क्षेत्र केसुक्खापुर गांव के चालक अजीत कुमार, इसी थाना क्षेत्र के गांव देवीपुर के वंश बहादुर, इनकी पत्नी निर्मला, राजकुमार, करमचंद की पत्नी श्याम कली, बाबूराम, रंगबहादुर की पत्नी रेखा, बलिराम की पत्नी शांति देवी, इंद्रपति, पांडेयपुरवा गांव के सियालाल व इनकी पत्नी पराना घायल हो गई थीं। लोनीकटरा थानाध्यक्ष अभय कुमार मौर्य ने बताया कि बाबूराम, रेखा व शांति देवी की मौत लखनऊ में हो गई है। पुलिस एंबुलेंस के साथ गई थी। अयोध्या से परिजन लखनऊ पहुंच रहे हैं। वहीं पर पोस्टमार्टम किया जाएगा।



# आदित्यपुर डिप्टी मेयर और कपाली उपाध्यक्ष का चुनाव 16 मार्च को

एजेंसी ▶▶ सरायकेला

झारखंड के सरायकेला खरसावां जिला के तीन निकाय सरायकेला नगर पंचायत, आदित्यपुर नगर निगम और कपाली नगर परिषद में उपाध्यक्ष और उप महापौर के चुनाव को लेकर प्रशासनिक तैयारी शुरू हो गई है।

सात मार्च को इसकी अधिसूचना जारी होगी।वहीं, जिला समाहरणालय के सभागार में आदित्यपुर नगर निगम के उप महापौर का चुनाव 16 मार्च को, सरायकेला नगर पंचायत के उपाध्यक्ष का 17 मार्च को होगा। जबकि चांडिल अनुमंडल कार्यालय में कपाली नगर परिषद उपाध्यक्ष का चुनाव 16 मार्च होगा। इस संबंध में जानकारी देते हुए उपायुक्त नीतीश कुमार सिंह ने बताया कि आदित्यपुर नगर निगम के उपमहापौर के चुनाव में निर्वाची पदाधिकारी एडीसी जयवर्द्धन कुमार और सहायक निर्वाची पदाधिकारी बीडीओ खरसावां प्रधान मांझी और सीओ राजनगर श्रवण कुमार झा को बनाया गया है। सरायकेला नगर पंचायत में निर्वाची पदाधिकारी डीआरडीए निदेशक अजय तिर्की व सहायक निर्वाची पदाधिकारी बीडीओ राजनगर मलय कुमार व सीओ कुचाई सुषमा सोरेन बनाए गए हैं।कपाली एनगर परिषद में उपाध्यक्ष पद पर निर्वाची पदाधिकारी एसडीओ विकास कुमार व सहायक निर्वाची पदाधिकारी विकास कुमार राय एवं सहायक निर्वाची पदाधिकारी सीओ नीमडीह अभय द्विवेदी एवं सीओ ईचागढ दीपक प्रसाद को बनाया गया है।




# बख्तियारपुर-ताजपुर पुल से नेपाल और झारखंड का सफर

### उत्तर-दक्षिण बिहार की दूरी होगी कम

एजेंसी ▶▶ पटना

बिहार में महत्वपूर्ण और बहुप्रतीक्षित बख्तियारपुर-ताजपुर के बीच गंगा नदी पर बनाए जा रहे 5.5 किमी लंबा पुल का निर्माण कार्य जून 2027 तक पूरा कर लिया जाएगा। इस पुल के बन जाने से जहां दक्षिण से उत्तरी बिहार के जिलों के बीच का जुड़ाव आसान होगा वहीं पटना के महात्मा गांधी (एमजी) सेतु और राजेंद्र सेतु पर वाहनों का दबाव भी कम होगा। इससे इन दोनों सेतु पर जाम की समस्या भी खत्म होगी।



### सड़क का निर्माण कार्य पूरा

बिहार राज्य सड़क विकास निगम (बीएसआरडीसीएल) के पदाधिकारियों का कहना है कि बख्तियारपुर-ताजपुर पुल-सह-पहुंच पथ परियोजना के समस्तीपुर जिला अंतरर्गत चक लालशाही से ताजपुर खंड के लिए 16.2 किमी सड़क का निर्माण कार्य पूरा हो चुका है। बाकी की सड़क और पुल निर्माण का कार्य भी जल्द पूरा कर लिया जाएगा।

## 3923 करोड़ रुपए की पुनरीक्षित प्रशासनिक स्वीकृति

दक्षिण से उत्तर बिहार के बीच आवागमन सुगम बनाने और एमजी सेतु पर ट्रैफिक दबाव कम करने की मंशा से सरकार एनएच-31 करजान, बख्तियारपुर और समस्तीपुर के ताजपुर में एनएच-28 के बीच गंगा नदी पर 5.5 किमी पुल-सह-पहुंच पथ का निर्माण करवा रही है। इसकी द्वितीय पुनरीक्षित प्रशासनिक स्वीकृति 3923 करोड़ रुपए है।

### 45.74 किलोमीटर लंबी सड़क का निर्माण

योजना के तहत पुल के दोनों तरफ 45.74 किलोमीटर लंबी सड़क का निर्माण भी करवाया जाना है। इसमें 41.25 किमी ताजपुर (समस्तीपुर) और 4.50 किमी लंबी सड़क बख्तियारपुर (पटना) की ओर बनाई जाएगी। विभागीय पदाधिकारियों ने बताया कि पुल और सड़क के बाकी हिस्सों का निर्माण कार्य द्रुत गति से कराया जा रहा है। उम्मीद है कि जून 2027 तक इस पुल से वाहनों का आवागमन शुरू हो जाएगा।

# योगी आदित्यनाथ ने की काल भैरव व काशी विश्वनाथ धाम में पूजा-अर्चना

**वाराणसी (उप्र)।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री और गोरक्षपीठाधीश्वर महंत योगी आदित्यनाथ ने यहां बाबा विश्वनाथ एवं काशी कोतवाल काल भैरव में दर्शन-पूजन किया। एक आधिकारिक बयान में बताया गया कि जापान एवं सिंगापुर से लौटने के बाद मुख्यमंत्री दो दिवसीय दौरे पर रविवार को काशी पहुंचे। मुख्यमंत्री ने मंदिर परिसर एवं आसपास की दुकानों पर बैठे बच्चों से भी संवाद किया और उन्हें उज्ज्वल भविष्य का आशीर्वाद दिया। योगी आदित्यनाथ ने बाबा काल भैरव के दरबार में पहुंचकर दर्शन-आरती की और वहां मौजूद लोगों को होली की शुभकामनाएं दीं। बयान में बताया गया कि योगी श्री काशी विश्वनाथ धाम भी पहुंचे। उन्होंने लोक मंगल और जनकल्याण की कामना के साथ गर्भगृह में बाबा विश्वनाथ का षोडशोपचार पूजन-अभिषेक किया। मुख्यमंत्री ने यहां बाबा की आरती एवं विधिविधान से पूजा की। इस दौरान मंदिर परिसर में मौजूद श्रद्धालुओं ने 'हर-हर महादेव' के जयकारे लगाए।



### काशी विश्वनाथ धाम में श्रद्धालुओं के साथ दुर्व्यवहार की कोई घटना नहीं होनी चाहिए : योगी

**वाराणसी (उप्र)।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अधिकारियों को यह सुनिश्चित करने के रविवार को निर्देश दिए कि श्री काशी विश्वनाथ धाम में आने वाले श्रद्धालुओं के साथ दुर्व्यवहार की कोई घटना नहीं हो। एक आधिकारिक बयान में कहा गया कि योगी आदित्यनाथ ने दो दिवसीय वाराणसी दौरे के पहले दिन रविवार को सर्किट हाउस सभागार में विकास कार्यों, निर्माण परियोजनाओं एवं कानून व्यवस्था की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए कि श्री काशी विश्वनाथ मंदिर में पुलिस द्वारा दर्शनार्थियों के साथ दुर्व्यवहार और कुप्रबंधन की कोई शिकायत नहीं मिलनी चाहिए। उन्होंने पुलिस एवं मंदिर प्रशासन को व्यवस्था में उचित सुधार लाने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि श्री काशी विश्वनाथ कॉरिडोर में निर्मित दुकानों तक श्रद्धालुओं की पहुंच सुनिश्चित करने के साथ ही उपलब्ध सामग्रियों का उचित मूल्य रखा जाए। उन्होंने कहा, ''धार्मिक संस्थाएं पैसा कमाने का जरिया नहीं, बल्कि श्रद्धा का स्थल हैं, इसलिए श्रद्धालुओं के लिए इन स्थानों पर बेहतर व्यवस्था सुनिश्चित की जाए।'' आदित्यनाथ ने मानव संसाधन बढ़ाकर मणिकर्णिका एवं हरिश्चंद्र घाट के निर्माण कार्य में तेजी लाए जाने का निर्देश दिया।

MAX Healthcare

**सार्वजनिक सूचना**

**मरीजों का मेडिकल रिकॉर्ड नष्ट करने हेतु**

एतद्द्वारा नोटिस दिया जाता है कि नीचे दिए गए मैक्स मल्टी स्पेशियलिटी सेंटर, पंचशील पार्क जनवरी, 2022 से दिसंबर, 2022 तक की अवधि में अस्पताल में अपने मरीजों के उपचार और/या निष्पादित जांच और/या मृत्यु से संबंधित मेडिकल रिकॉर्ड को नष्ट करेगा।

जो कोई भी मरीज ऊपर वर्णित अवधि से संबंधित अपने मेडिकल रिकॉर्ड की प्रमाणित सत्य प्रतिलिपि हासिल करना चाहते/चाहती हैं वे नीचे दी गई तालिका में उल्लिखित संपर्क व्यक्ति से सुबह 10 बजे से सायं 5 बजे (सोमवार से शनिवार) के बीच लिखित रूप में अनुरोध कर सकते/सकती हैं। ऐसे सभी अनुरोध-आवेदन नीचे तालिका में यथा-उल्लिखित संबंधित व्यक्ति को इस नोटिस के प्रकाशन की तारीख से 3 (तीन) महीने के भीतर अवश्य पहुंच जाने चाहिए। मेडिकल रिकॉर्ड के लिए अनुरोध के लिए रोगी के स्व-प्रमाणित फोटो पहचान पत्र के साथ निर्धारित प्रारूप में प्रस्तुत किया जाना चाहिए। मरीज अपनी ओर से मेडिकल रिकार्ड के लिए आवेदन करने और/या इन्हें संगृहीत करने के लिए किसी अन्य व्यक्ति को भी, मरीज और अधिकृत व्यक्ति के फोटो पहचान और हस्ताक्षर सबूत की स्व-अभिप्रमाणित प्रति के सहित उसके लिए विधिमान्य प्राधिकार-पत्र/मुख्तारनामे के साथ, अधिकृत कर सकते/सकती हैं। मृत मरीजों के मामले में, मेडिकल रिकॉर्ड में दर्ज परिचर उसके लिए आवेदन कर सकते/सकती हैं/किसी और व्यक्ति को आवेदन करने के लिए अधिकृत कर सकते/सकती हैं। कृपया ध्यान दें कि ऐसे रिकॉर्ड की आपूर्ति करने के लिए मानक प्रभार लागू होंगे।


| अस्पताल का नाम और पता | संपर्क व्यक्ति के विवरण | नष्ट किये जाने वाले मेडिकल रिकॉर्ड की अवधि |
|---|---|---|
| मैक्स मल्टी स्पेशियालिटी सेंटर पंचशील पार्क, एन-110, पंचशील पार्क, नई दिल्ली-110017 | श्री राकेश कुमार शर्मा SAT: rakesh.sharma@maxhealthcare.com मोबाइल-9811293534 कार्यालय 011-46097200 | पी.एन.डी.टी. दस्तावेज़ जनवरी 2022 से दिसंबर 2022 तक ओ.पी.डी. और आई.पी.डी. दस्तावेज़ जनवरी 2022 से दिसंबर 2022 तक |



# जय हिंद जय सिंध में महेश आएंगे नजर, रंगमंच पर भी करेंगे वापसी

**मुंबई।** महेश मांजरेकर ने हिंदी फिल्मों में बतौर निर्देशक और अभिनेता अलग छाप छोड़ी है। जल्द ही उनका एक नया हिंदी नाटक 'एनिमल' दर्शकों को देखने को मिलेगा। वह काफी वक्त के बाद रंगमंच पर वापसी कर रहे हैं। इसके अलावा वह एक फिल्म 'जय हिंद जय सिंध' का भी हिस्सा हैं। बड़े पर्दे पर अभिनय और निर्देशन करने के अलावा महेश मांजरेकर की रंगमंच की दुनिया में भी सक्रिय रहे हैं। एक बार फिर से वह थिएटर निर्माता अश्विन गिडवानी के साथ काम कर रहे हैं। इस बार एक हिंदी नाटक 'एनिमल' के साथ महेश रंगमंच पर वापसी कर रहे हैं। कई साल बाद दोनों साथ काम कर रहे हैं, इससे पहले दोनों नए नाटक 'डबल डील' किया था।

लाइफ Style



# आलिया

## ताना मारने वालों को दिया करारा जवाब

आलिया भट्ट ने हाल ही बाफ्टा में एक इंटरव्यू दिया था, जिसमें उनके एक्सप्रेशंस का खूब मजाक उड़ाया गया और आलोचना भी हुई। इस पर आलिया ने अब रिएक्ट किया है और एक्सप्रेशंस का मजाक उड़ाने वालों को जवाब दिया है।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

आलिया भट्ट हाल ही लंदन में आयोजित 79वें ब्रिटिश अकेडमी फिल्म अवाड्र्स में बतौर प्रेजेंटर शामिल हुई थीं। वहां आलिया ने हिंदी में स्पीच देकर सबका दिल जीत लिया था, लेकिन रेड कार्पेट पर एक इंटरव्यू के दौरान उन्होंने जो एक्सप्रेशंस दिए, उनके कारण एक्ट्रेस की भद भी पिटी। आलिया का खूब मजाक उड़ा। हाल ही आलिया जब मिलन फैशन वीक के एक इवेंट में शामिल हुईं और यहां बाफ्टा में हुई उस गड़बड़ के बारे में रिएक्ट किया, जिस पर लोगों ने उनका मजाक उड़ाया और ताने मारे। इस बारे में पूछे जाने आलिया भट्ट ने 'गुच्ची शो' के दौरान डाइट साब्या को जवाब दिया और समझाया कि पूरी सिचुएशन क्या थी। वह बोलीं, 'इस बारे में इतनी चर्चा क्यों हो रही है? क्या यह मेरे हावभाव की वजह से है? तो असल हुआ ये था कि मेरे हिसाब से यह ('गॉन गर्ल') सबसे बेहतरीन ट्विस्ट है, लेकिन मैंने इस फिल्म को नहीं देखा है। ये कब रिलीज हुई थी? 10 साल पहले? तो मैंने इसे उसके बाद नहीं देखा। तो जब वह उस मोनोलॉग की बात कर रही थीं, तो मैंने कहा कि हां, और मैं अपने दिमाग में दोहरा रही थी कि अरे हां, वो मोनोलॉग, बिल्कुल सही बिल्कुल सही।'

## हॉलीवुड मसाला



# दोस्त के साथ मिलकर बनाए गाने

**लॉस एंजिल्स।** मशहूर सिंगर और गीतकार नील सेडाका का निधन हो गया है। वह 86 साल के थे। उनके शानदार गानों ने उन्हें रॉक एन रोल के शुरुआती वर्षों में उन्हें टॉप पर पहुंचा दिया। अपने गानों की वजह से वह 1970 के दशक में काफी मशहूर हुए। ब्रिल बिल्डिंग सॉन्गराइटिंग फैक्ट्री के सदस्य, सेडाका ने लिरिसिस्ट हॉवर्ड ग्रीनफील्ड के साथ मिलकर ऐसे गाने बनाए जो 1950 के दशक के आखिर से 1960 के दशक की शुरुआत तक काफी मशहूर हुए।




# ईरान के लोगों के लिए बयां किया था दर्द...

**नई दिल्ली।** मिडिल ईस्ट इस वक्त जंग बिगुल बजा हुआ है, अमेरिका और इजरायल ने मिलकर ईरान पर हमला बोला है। इस जंग में ईरान के सुप्रीम लीडर अयातुल्ला अली खामेनेई की भी मौत हो चुकी है। इसी बीच हाल ही में ईरान की रहने वाली एक्ट्रेस एलनाज नौरोजी का एक वीडियो वायरल हो रहा है। इसमें उन्होंने ईरान के लोगों पर किए गए जुल्मों पर अपना दर्द बयां किया था। एलनाज नोरौजी ने भारत का जिक्र करते हुए कहा था कि ईरान उतना ही डाइवर्स था, जितना भारत है। मगर एक रात सब बदल गया। एलनाज ने वीडियो में कहा था, आज कल्पना करें भारत। इतना डाइवर्स, इतना जिंदादिल, अलग-अलग धर्म, अलग-अलग भाषाएँ, अलग-अलग तरह के जीवन, सब एक साथ रहते हैं- हिंदू, ईसाई, मुस्लिम, सिख, जैन, पारसी।



# वेब सीरीज हेल्लो बच्चों का ट्रेलर रिलीज

**मुंबई।** विनीत कुमार सिंह स्टारर आगामी वेब सीरीज 'हेल्लो बच्चों' का ट्रेलर रिलीज हो गया है। यह शो शिक्षक अलख पांडे और उनकी टीचिंग से प्रभावित छात्रों से प्रेरित है। यह शो अलग-अलग पृष्ठभूमियों के उन छात्रों की कहानी बताता है, जो अपने सपनों को एक ऐसे शिक्षक के समर्थन से पूरा करते हैं जो उन पर विश्वास करता है। 2 मिनट 21 सेकंड के इस ट्रेलर में दिखाया जाता है कि कैसे एक छोटे से क्लास रूम से शुरू हुआ यह सफर धीरे-धीरे शहरों और छोटे कस्बों के छात्रों तक पहुंचा। सीरीज में पांच छात्रों की कहानी दिखाई गई है। जो व्यक्तिगत और आर्थिक चुनौतियों का सामना कर रहे हैं। एक छात्र आर्थिक तंगी से जूझ रहा है, दूसरा ऐसे दबाव का सामना कर रहा है जिससे उसकी पढ़ाई रुक सकती है, जबकि तीसरा अपने परिवार का सहारा बनने के लिए क्रिकेट में अपने इंटरेस्ट को छोड़ देता है।



# शुभांगी को मिला उत्कृष्ट प्रदर्शन पुरस्कार

**मुंबई।** अनुपम खेर द्वारा निर्देशित और निर्मित फिल्म 'तन्वी द ग्रेट' की मुख्य अभिनेत्री शुभांगी दत्त को इस फिल्म में बेहतरीन परफॉर्मेंस के लिए 'उत्कृष्ट प्रदर्शन पुरस्कार' से सम्मानित किया गया है। इसी खुशी में इस फिल्म के निर्माता और निर्देशक अनुपम खेर ने शुभांगी के लिए एक खास पोस्ट सोशल मीडिया हैंडल पर शेयर कर अपना प्यार जताया है और साथ ही अभिनेत्री की प्रशंसा की है। अनुपम खेर ने अपनी फिल्म 'तन्वी द ग्रेट' की मुख्य अभिनेत्री शुभांगी दत्त के साथ कुछ खास तस्वीरें इंस्टाग्राम पर शेयर की हैं। इन तस्वीरों के साथ अनुपम ने शुभांगी को अपनी निर्देशित फिल्म 'तन्वी द ग्रेट' के लिए अवॉर्ड मिलने पर खुशी जताते हुए एक पोस्ट शेयर किया है। अनुपम ने इन तस्वीरो के साथ लिखा, 'प्यारी शुभांगी, बहुत बढ़िया काम के लिए पुरस्कार।'

## टीवी मसाला



# अदिति की टीवी में एंट्री 'ये है मोहब्बतें' से स्टारडम

**नई दिल्ली।** साल 2004 में अदिति भाटिया ने टीवी की दुनिया में कदम रखे। उनका पहला टीवी शो 'होम स्वीट होम' था। इसके बाद वह 'घर की लक्ष्मी बेटियां', 'तुझ संग प्रीत लगाई सजना' और 'टशन-ए-इश्क' में दिखीं, लेकिन छोटे पर्दे पर पॉपुलैरिटी 'ये है मोहब्बतें' से मिली। बहुत से फैंस अदिति भाटिया को आज भी रूही भल्ला के किरदार से याद करते हैं। अदिति भाटिया ने कुछ रियलिटी शोज भी किए, जिनमें 'खतरा खतरा खतरा', 'कॉमेडी सर्कस' और 'कॉमेडी नाइट्स बजाओ ताजा' जैसे नाम शामिल हैं। अदिति भाटिया ने एक इंटरव्यू में बताया था कि उन्हें पहला विज्ञापन 5 महीने की उम्र में मिला था। तब वह पैरेंट्स के साथ एक मॉल में थीं। वहां एक डायरेक्टर ने बेबी अदिति को देखा और पैरेंट्स को उनका पोर्टफोलियो बनवाने की सलाह दी। अदिति ने बताया था कि उनका पूरा बचपन सेट पर बीता। स्कूल खत्म होने के बाद वह सेट पर पहुंच जातीं और वहीं खेलती थीं। अदिति भाटिया ने बताया था कि उनकी मॉम चाहती थीं कि वह इंजीनियर बनें, पर बचपन से ही उन्हें हीरोइन बनने का शौक था। लेकिन परिवार खिलाफ था, तो उन्हें एक्टिंग में आने के लिए थोड़ा विद्रोह करना पड़ा। अदिति भाटिया को फिर 'ये है मोहब्बतें' सीरियल मिला और वह छा गईं। 'द केरल स्टोरी 2' के कलेक्शन की बात करें, तो शुकवार, 27 फरवरी को देर रात रिलीज होने के बाद इसने अभी तक दो दिनों में 5.4 करोड़ रुपये की कमाई कर ली है, जबकि इसे सीमित शोज पर ही रिलीज किया गया है। ओपनिंग डे की तुलना में 'द केरल स्टोरी 2' ने दूसरे दिन 520% ज्यादा कमाई की।

## ममता लाफ्टर शेफ्स 3 के सेट पर



**नई दिल्ली।** 'लाफ्टर शेफ्स सीजन 3' दर्शकों का पसंदीदा शो है। इसके पिछले दो सीजन को इतना प्यार मिला कि मेकर्स पुराने कंटेस्टेंट्स के साथ इसे सीजन दर सीजन आगे बढ़ा रहे हैं। बीते एपिसोड में जहां दिग्गज शेफ संजीव कपूर आए थे। वहीं 28 फरवरी और 1 मार्च के एपिसोड में सभी होली के रंग में रंगे दिखाई देंगे। हालांकि, नए एपिसोड की शूटिंग भी हुई, जहां पर हर कोई रेट्रो लुक में दिखाई दिया। कोई 'वास्तव' वाला संजय दत्त बना तो कोई 'करण-अर्जुन।' वहीं, माथे पर त्रिपुंड तिलक लगाए और लाला साड़ी के साथ सोने के गहने पहने ममता कुलकर्णी भी पहुंची। उन्होंने बातचीत में कहा, 'मैं बहुत एक्साइटेड हूं। मैं 25 साल बाद टीवी पर आ रही हूं। यहां तक की अगर आपने नोटिस किया हो तो मैं अपनी लाइफ के 25 सालों में कभी भी टीवी पर नहीं आई। एक अच्छा मौका है। हंसने का मौका मिलता है। हम लोग बहुत गंभीर हो गए हैं। जिंदगी बहुत गंभीर हो गई है।

# विजय-रश्मिका का प्यार होगा गहरा सामंथा-राज पर चढ़ेगा इश्क का खुमार

*नई दिल्ली। होली सिर्फ रंगों का त्योहार नहीं है, प्यार का रंग भी इस उत्सव के साथ गहरा हो जाता है। खासकर शादी के बाद जब कपल्स पहली होली मनाते हैं तो उनके लिए यह दिन यादगार बन जाता है। इस साल कई सेलिब्रिटी कपल्स भी शादी के बाद पहली होली मनाएंगे। कुछ इसी गाने की तर्ज पर हाथों में अबीर और गुलाल लिए अपनी सजनी को साजन रंग लाएंगे। सजनी भी 'मुझे रंग दो' की धुन पर थिरकती दिख जाएंगी। कुछ ऐसा ही नजारा बॉलीवुड से लेकर साउथ सेलिब्रिटीज के घर-आंगन में होली के दिन देखने को मिल सकता है। इस साल रश्मिका और विजय देवरकोंडा से लेकर नूपुर सेनन और स्टेबिन बेन तक शादी के बाद अपनी पहली होली साथ मनाएंगे। इस लिस्ट में कई और जोड़े भी शामिल हैं, जानिए किन-किन सेलिब्रिटीज कपल्स पर चढ़ेगा होली का रंग।*



***श्रीवल्ली बन रश्मिका लगाएंगी विजय पर रंग*** : 26 फरवरी को विजय देवरकोंडा और रश्मिका मंदाना शादी के बंधन में बंध गए। इस कपल्स की शादी की तस्वीरों पर फैंस ने खूब प्यार लुटाया। शादी-शुदा जोड़े के तौर पर पर रश्मिका और विजय अपनी पहली होली भी मनाएंगे। दोनों की होली की तस्वीरों का फैंस को बेसब्री से इंतजार है।

***सामंथा के बलम 'राज' चलाएंगे पिचकारी*** : साउथ फिल्मों की चर्चित एक्ट्रेस सामंथा रूथ और डायरेक्टर राज निदिमोरु ने भी पिछले साल दिसंबर में शादी की। यह बतौर कपल उनकी पहली होली होगी। रश्मिका की जिंदगी में राज ढेर सारी खुशियां लेकर आए हैं तो होली भी उनके लिए खास होगी। सामंथा पर भी राज के प्यार का रंग इस होली खूब चढ़ने वाला है।

**स्टेबिन बेन की 'साहिबा' बनकर नूपुर झूमेंगी** : जनवरी महीने में कृति सेनन की बहन और एक्ट्रेस नूपुर सेनन ने सिंगर स्टेबिन बेन संग साथ फेर लिए हैं। इस कपल की शादी भी खूब चर्चा में रही। 'साहिबा' जैसे हिट सॉन्ग गाने वाले सिंगर स्टेबिन बेन नूपुर सेनन के साथ शादी के बाद पहली होली खलेंगे। कृति सेनन भी इनके होली जश्न में शामिल हो सकती हैं।

# मुगल-ए-आजम को हिट करने में पांच राज्यों की लगी मेहनत...

**नई दिल्ली।** के. आसिफ की डायरेक्टेड और प्रोड्यूस्ड फिल्म 'मुगल-ए-आजम' के बनने की प्रक्रिया रिलीज से 16 साल पहले यानी 1944 में ही शुरू हुई थी। लेकिन सिनेमाघरों में इसे 1960 में उतारा गया था। करीब 1.5 करोड़ रुपये के बजट में बनी इस फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर 10 करोड़ रुपये से ज्यादा का बिजनेस किया था और सुपरहिट रही थी। पहले ये ब्लैक एंड व्हाइट रिलीज हुई थी लेकिन दोबारा रिलीड करने के लिए इसे कलर किया गया था और ऐसा करने वाली ये वर्ल्ड सिनेमा के इतिहास की पहली फीचर फिल्म बन गई थी। एडवांस **बुकिंग** के **लिए** लोग **शनिवार** से **ही** लाइन **में** लग **गए** थे, **जबकि** फिल्म **सोमवार** को **देखनी** थी। **लोग** लड़क **पर** सोते थे। और परिवार के दूसरे लोग उनके लिए खाना लेकर आते थे।

### 'मुगल-ए-आजम' में 5 राज्यों के कारीगरों की मेहनत

फिल्म में किरदारों के जो कपड़े थे, वो मामूली नहीं थे। बल्कि उसे सिलने के लिए दिल्ली से दर्जी आए थे। और सूरत से उन पर कढ़ाई करने वाले स्पेशलिस्ट बुलाए गए थे। इतना ही नहीं, जो सभी ने आभूषण पहने थे, वो भी हैदराबाद के सुनार ने और मुकुट कोल्हापुर के कारीगरों ने तैयार किए



थे। साथ ही जो भी हथियार आपने फिल्म में देखे हैं, वो सब राजस्थान के लोहारों ने बनाए थे और आगरा से सभी के जूते मंगवाए गए थे।

### 10 लाख में शूट हुआ 'प्यार किया तो डरना क्या'

इस फिल्म के गाने भी मशहूर हुए थे। 'प्यार किया तो डरना क्या' बहुत पसंद किया गया था। यहां तक कि आज भी ये बजता है तो लोगों के पांव थिरकने लगते हैं। मगर क्या आप जानते हैं कि इसकी शूटिंग में ही 10 लाख रुपये का खर्च आया था और इसे गीतकार शकील बदायुनी ने एक-दो बार नहीं, बल्कि पूरे 105 बार लिखा था। क्योंकि उसमें बार-बार बदलाव किए जा रहे थे। फिर अंत में म्यूजिक डायरेक्टर नौशाद ने हरी झंडी दिखाई थी। और मोहन स्टूडियो में लाहौर किले के शीश महल की रेप्लिका के रूप में बने एक सेट पर फिल्माया गया था। जिसे फिरोजाबाद के कारीगरों ने तैयार किया था और इसे बनने में दो साल लगे थे और इसकी लागत 15 लाख रुपये आई थी। वहीं, गाने की रिकॉर्डिंग लता मंगेशकर ने स्टूडियो के बाथरूम में की थी।

## कुछ गाने 'बुरा ना मानो होली है' की शरारती भावना को करते हैं उजागर

# होली के उत्सव को रंगीन बनाते हैं बॉलीवुड के ये गाने

*नई दिल्ली। बॉलीवुड के होली गीतों की खासियत यह है कि उनमें से कई हिंदुस्तानी शास्त्रीय संगीत पर आधारित हैं , जिनमें पारंपरिक लोक धुनें पिरोई गई हैं और जिनके बोल त्योहार के चंचल, शरारती और आनंदमय सार को दर्शाते हैं। कुछ गीत रोमांस का जश्न मनाते हैं, तो कुछ 'बुरा ना मानो होली है' की शरारती भावना को उजागर करते हैं।*

### रंग बरसे-सिलसिला (1981)

अगर होली का कोई ऐसा गीत है जो समय की कसौटी पर खरा उतरा है, तो वह है 'रंग बरसे'। यह गीत परंपरा से ओतप्रोत है, जिसकी जड़ें ब्रज लोक धुन में हैं जो होली की चंचल भावना को बखूबी दर्शाती है। अमिताभ बच्चन की गहरी, मदहोश कर देने वाली आवाज और उनके पिता, कवि हरिवंश राय बच्चन द्वारा लिखे गए चंचल बोल मिलकर एक ऐसा गीत बनाते हैं जो चंचल और उत्सवपूर्ण दोनों है। भारतीय रागों में प्रशिक्षित शास्त्रीय संगीतकार शिव-हरि द्वारा रचित यह गीत एक कालातीत आकर्षण प्रदान करता है। यह होली का सर्वोत्कृष्ट गीत है- चाहे आप रंगों में सराबोर हों या ठंडाई पी रहे हों, यह गीत किसी भी होली पार्टी में कम से कम एक बार जरूर बजेगा!

### बलम पिचकारी-ये जवानी है दीवानी (2013)

'बलम पिचकारी' एक ऐसा गीत है जिसने बॉलीवुड के होली संगीत को आधुनिक रूप दिया है। यह गीत लोक संगीत से प्रेरित धुनों के साथ युवा ऊर्जा का बेहतरीन मिश्रण प्रस्तुत करता है। पारंपरिक होली गीतों के विपरीत, इसमें इलेक्ट्रॉनिक डांस बीट के साथ देसी धुनों का भी समावेश है, जिससे यह युवाओं के बीच तुरंत लोकप्रिय हो गया। फिल्म में इस गाने का स्थान बहुत महत्वपूर्ण है- यह एक ऐसा मोड़ है जहाँ दोस्ती प्यार में बदल जाती है। इसका मनमोहक मुखड़ा और चुलबुले बोल इसे कॉलेज की होली पार्टियों में बेहद लोकप्रिय बनाते हैं, जिससे इसे आधुनिकता का स्पर्श मिलता है और साथ ही त्योहार का पारंपरिक आकर्षण भी बरकरार रहता है।




### होली के दिन-शोले (1975)

आर.डी. बर्मन भारतीय लोक संगीत को सिनेमाई भव्यता के साथ जोड़ने में माहिर थे, और होली के दिन इसका एक बेहतरीन उदाहरण है। यह गीत ढोल की थाप से शुरू होता है और देखते ही देखते एक ऊर्जावान लोक नृत्य में बदल जाता है। इस गीत की खासियत यह है कि इसमें एकजुटता पर जोर दिया गया है—यह रोमांस या व्यक्तिगत उत्सवों के बारे में नहीं है, बल्कि होली की सामुदायिक भावना के बारे में है। शोले के दृश्य इसे और भी सशक्त बनाते हैं, जिसमें ग्रामीण एक साथ आकर होली को एकता के त्योहार के रूप में मनाते हैं।

### मेरी मदद करो, चलो होली खेलते हैं- वक्त (2005)

अपने बेबाक और चंचल बोलों के लिए मशहूर यह गाना पारंपरिक होली गीतों से हटकर है। इसकी धुन आकर्षक, तेज़ रफ़्तार वाली और जोशीले नृत्य के लिए एकदम उपयुक्त है। सुनिधि चौहान की आवाज़ इसमें एक मज़ेदार और चुलबुलापन जोड़ती है, जिससे यह गाना अक्सर युवाओं के होली समारोहों में बजाया जाता है। हालांकि यह परंपरा में उतना गहराई से निहित नहीं है, लेकिन इसकी आकर्षक रचना और क्लब-शैली की धुनें इसे एक ऐसा गीत बनाती हैं जो कानों में गूंजता रहता है।

### जय जय शिवशंकर-युद्ध (2019)

हाल के बॉलीवुड इतिहास के सबसे ऊर्जावान होली गीतों में से एक, 'जय जय शिवशंकर' डांस बीट्स और हिंदुस्तानी संगीत तत्वों का एक ज़बरदस्त मिश्रण है। इस गाने में बॉलीवुड के दो बेहतरीन डांसर, ऋतिक रोशन और टाइगर श्रॉफ, तालमेलपूर्ण नृत्य और चमकीले रंगों के शानदार संयोजन में नज़र आते हैं। दिलचस्प बात यह है कि इसका संबंध भगवान शिव से है, क्योंकि "शिवशंकर" उस देवता को संदर्भित करता है जो विनाश और नशा (होली के दौरान भांग पीना) दोनों से जुड़े हैं। गाने की धुनें यह सुनिश्चित करती हैं कि यह किसी भी होली पार्टी में डांस फ्लोर पर धूम मचा दे।

# बेटियों को सर्वाइकल कैंसर से बचाने की बड़ी पहल, किशोरियों को मिलेगी निःशुल्क वैक्सीन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि पूरे देश में प्रिवेंटिव हेल्थ केयर को सशक्त करने की दिशा में निरंतर कार्य हो रहा है। इसी कड़ी में सर्वाइकल कैंसर की रोकथाम हेतु एचपीवी टीकाकरण अभियान शुरू किया गया है। सरकार स्वास्थ्य के क्षेत्र में दृढ़ता के साथ कार्य कर रही है।

भारत बेटियों को कैंसर जैसी गंभीर बीमारियों से बचाने की दिशा में ठोस कदम उठा रहा है, एचपीवी टीकाकरण अभियान उसी संकल्प का हिस्सा है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव शनिवार को अभियान के शुभारंभ कार्यक्रम को नई दिल्ली से वर्चुअली संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि मप्र में बेटियों और महिलाओं के स्वास्थ्य संरक्षण की दिशा में एक ऐतिहासिक पहल करते हुए राज्यव्यापी एचपीवी टीकाकरण अभियान का शुभारंभ किया गया है। इसके तहत मप्र सरकार ने लगभग 8 लाख किशोरियों के टीकाकरण का लक्ष्य निर्धारित किया है, जिसके लिए केंद्र से 7 लाख 58 हजार 500 से अधिक वैक्सीन डोज प्राप्त हो चुके हैं। यह टीका 14 वर्ष पूर्ण कर चुकी और 15 वर्ष से कम आयु की पात्र बालिकाओं को लगाया जाएगा। उन्हें वैक्सीन की केवल एक डोज दी जाएगी।

**खास बातें**

- मप्र में एचपीवी टीकाकरण अभियान के अंतर्गत 8 लाख किशोरियों को मिलेगा लाभ
- राज्य सरकार महिलाओं और बालिकाओं के स्वास्थ्य, सम्मान और सुरक्षित भविष्य के लिए प्रतिबद्ध


एचपीवी टीकाकरण अभियान शुरू।

### प्रतिदिन सुबह 9 बजे से दोपहर 2 बजे तक होंगे टीकाकरण सत्र

प्रदेश में एचपीवी टीकाकरण सत्र प्रतिदिन प्रातः 9 बजे से दोपहर 2 बजे तक आयोजित किए जाएंगे। टीकाकरण स्वैच्छिक है तथा अभिभावकों की सहमति अनिवार्य होगी। पात्रता के तहत वे बालिकाएं शामिल हैं, जिन्होंने अपना 14 वां जन्मदिन पूरा कर लिया है लेकिन 15वां नहीं मनाया है, साथ ही अभियान प्रारंभ होने के 90 दिनों के भीतर 15 वर्ष पूर्ण करने वाली बालिकाएं भी पात्र होंगी। समस्त जिलों के लगभग 471 स्वास्थ्य केन्द्रों पर टीकाकरण किया जाएगा।

### सर्वाइकल कैंसर महिलाओं में होने वाले प्रमुख कैंसरों में से एक

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि सर्वाइकल कैंसर महिलाओं में होने वाले प्रमुख कैंसरों में से एक है और इससे बचाव के लिए एचपीवी टीका अत्यंत प्रभावी उपाय है। इसी उद्देश्य से राज्य में व्यापक स्तर पर टीकाकरण अभियान चलाया जा रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने अभिभावकों से अपनी बेटियों के उज्ज्वल और कैंसर-मुक्त भविष्य के लिए उनका टीकाकरण अवश्य करवाने और अभियान को सफल बनाने का आह्वान किया। स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार के तहत मिशन मधुहारी की शुरुआत की जा रही है, जिसके तहत टाइप-1 मधुमेह से पीड़ित बच्चों और युवाओं के लिए सभी जिला अस्पतालों में साप्ताहिक क्लीनिक संचालित होंगे, जहाँ इंसुलिन जाँच और विशेषज्ञ परामर्श मिलेगा।

### आत्मनिर्भर नई पीढ़ी का निर्माण सरकार का संकल्प

मप्र में डॉ. कैलाशनाथ काटजू हॉस्पिटल भोपाल से अभियान का शुभारंभ उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने किया। उन्होंने कहा कि आज का दिन स्वास्थ्य के क्षेत्र में ऐतिहासिक है। महिलाओं में ब्रेस्ट कैंसर के बाद सर्वाइकल कैंसर दूसरा सबसे सामान्य कैंसर है, जिसकी प्रिवेलेंस दर लगभग 1 लाख में 156 है। एचपीवी वैक्सीनेशन भविष्य में सर्वाइकल कैंसर को नियंत्रित करने में अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। बीमारी होने के बाद इलाज करने से बेहतर है कि हम उसे होने ही न दें। यह अभियान प्रिवेंशन केयर की दिशा में एक बड़ा कदम है।

### *प्रदेश के 16 जिलों में मिशन मधुहारी का किया शुभारंभ*

*उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने मिशन मधुहारी का शुभारंभ भी किया। उन्होंने कहा कि मधुमेह को नियंत्रित करने के लिए आदर्श जीवनशैली, संतुलित आहार और समय पर पहचान अत्यंत आवश्यक है। यह पहल टाइप-1 डायबिटीज से पीड़ित बच्चों एवं किशोरों के समग्र उपचार एवं देखभाल के लिए शुरू की गई है। टाइप-1 मधुमेह ऐसी स्थिति है जिसमें शरीर में इंसुलिन का निर्माण नहीं होता और आजीवन उपचार की आवश्यकता होती है।*


शुक्ल ने किया शुभारंभ।

**खबर संक्षेप**



### आयुष विभाग का आंदोलन प्रमुख सचिव से चर्चा के बाद किया स्थगित

**भोपाल।** आयुष विभाग का आंदोलन प्रमुख सचिव आयुष विभाग मध्यप्रदेश शासन से चर्चा के बाद स्थगित कर दिया गया है। आयुष अधिकारी कर्मचारी प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष गोवर्धन सिंह सिसोदिया, उपाध्यक्ष निशा खड़िया, संगठन मंत्री हेमलता सेंगर, सचिव आशुतोष रावत, कोषाध्यक्ष महेश खोरे आदि प्रदेश पदाधिकारियों ने बताया कि प्रमुख सचिव आयुष विभाग मध्यप्रदेश शासन से आयुष अधिकारी कर्मचारी प्रकोष्ठ के प्रतिनिधि मण्डल से मांगों के संबंध में चर्चा की गई।

### राजस्व शिविर: निगम के वाहनों से कराई मुनादी, मैसेज भेजकर दी सूचना

**भोपाल।** नगर निगम द्वारा शनिवार को लगाए गए विशेष राजस्व वसूली शिविर में शहर के शहर के 1706 करदाताओं ने 1 करोड़ 82 लाख रुपए निगम के कोष में जमा करवाए। निगम द्वारा चालू वित्तीय वर्ष 2025-26 के अंतिम माह मार्च में करदाताओं को संपत्तिकर, जल उपभोक्ता प्रभार, ठोस अपषिष्ट प्रबंधन प्रभार सहित अन्य करों-शुल्कों की अदायगी में सुविधा को देखते हुए निगम के सभी 85 वार्डों सहित अन्य स्थानों पर विशेष राजस्व वसूली शिविर आयोजित किए जा रहे हैं।

केंद्रीय गृह मंत्री शाह से नई दिल्ली में की सौजन्य भेंट, कृषि कैबिनेट के बारे में दी जानकारी

# किसानों को कृषि कैबिनेट में देंगे होली की सौगात, कल बड़वानी में होगी कृषि कैबिनेट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राज्य में पहली बार कृषि कैबिनेट जनजातीय अंचल बड़वानी में 2 मार्च को आयोजित की जा रही है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव इसमें किसानों को होली की सौगात देने जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि किसानों की समृद्धि के लिए समर्पित इस वर्ष में हम किसानों को आत्मनिर्भर बनाने वाले सभी कार्यों और नवाचारों को प्रोत्साहन देंगे। उन्होंने कहा कि प्रदेश के सभी किसानों की बेहतरी के लिए हम कई प्रकार के नवाचार कर रहे हैं। हमारी सरकार वर्ष 2026 को किसान कल्याण वर्ष के रूप में मना रही है। राज्य सरकार के 17 अलग-अलग विभागों पशुपालन, उद्यानिकी, सहकारिता, कृषि, उद्योग को साथ लेकर किसानों की समृद्धि के लिए बगीचे से लेकर बाजार तक विस्तृत योजना तैयार की गई है।

डॉ. यादव ने शनिवार को नई दिल्ली में केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री से सौजन्य भेंट के बाद यह बात कही। मुख्यमंत्री ने केन्द्रीय गृह मंत्री शाह से भेंटकर उन्हें अवगत कराया कि राज्य सरकार की ओर से विश्व के श्रेष्ठ शासकों में सर्वोच्च स्थान रखने वाले सम्राट विक्रमादित्य के जीवन पर आधारित कई आयोजन किए गए हैं।


केन्द्रीय गृहमंत्री शाह से चर्चारत सीएम डॉ. यादव।

### बालिकाओं का निःशुल्क टीकाकरण किया जाएगा

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में देश में स्वास्थ्य के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य किए जा रहे हैं। सर्वाइकल कैंसर की रोकथाम की दिशा में आज प्रधानमंत्री मोदी ने राष्ट्रव्यापी टीकाकरण अभियान की शुरूआत की है। इसके तहत प्रदेश की 8 लाख से अधिक बालिकाओं का निःशुल्क टीकाकरण किया जाएगा। यह अभियान प्रदेश की 14 से 15 साल की बालिकाओं के लिए एक वरदान साबित होगा।

### यूनियन कार्बाइड फैक्ट्री की खाली पड़ी जमीन पर बनेगा भव्य स्मारक

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि भोपाल में 40 साल पहले भीषण गैस त्रासदी हुई थी। जिसमें 25 हजार से अधिक लोगों ने अपनी जान गंवाई। राज्य सरकार ने बीते साल यूनियन कार्बाइड कारखाने में जमा कचरे का सफलतापूर्वक निष्पादन कराया है। यूनियन कार्बाइड फैक्ट्री की खाली पड़ी जमीन पर एक भव्य स्मारक बनाए जाने के लिए केन्द्रीय गृह मंत्री शाह से मार्गदर्शन प्राप्त किया है। यहां 87 एकड़ भूमि पर भोपाल गैस त्रासदी स्मारक, साइंस पार्क, कन्वेंशन सेंटर, आदि विकास आधारित राष्ट्रीय अनुसंधान केन्द्र स्थापित करने की योजना है।

### सरकार हर मुश्किल वक्त में किसानों के साथ खड़ी है

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि राज्य सरकार हर मुश्किल वक्त में किसानों के साथ खड़ी है। प्राकृतिक आपदा से किसानों को हुई फसल क्षति के मुआवजे के लिए सर्वे के बाद सरकार मदद कर रही है। मप्र देश का फूड बॉस्केट है। प्रदेश में रबी, खरीफ, ग्रीष्मकालीन फसलों की अच्छी उत्पादकता है। मप्र दलहन उत्पादन में अग्रणी राज्य है। गेहूं उत्पादन में भी हम देश में दूसरे स्थान पर हैं। प्रदेश में उड़द, मसूर, तुअर पर्याप्त मात्रा में पैदा होती है। मप्र तिलहन में भी प्रथम स्थान रखता है।


केन्द्रीय मंत्री शाह से चर्चारत विजयवर्गीय।

### जन्मस्थली भाभरा में श्रद्धांजलि अर्पित की

सीएम ने कहा कि भगोरिया को राजकीय पर्व के रूप में मना रही है। उन्होंने बताया कि वे स्वयं शुक्रवार को आलीराजपुर जिले के उदयगढ़ में भगोरिया उत्सव में शामिल हुए और अमर शहीद चंद्रशेखर के बलिदानदिवस पर उनकी जन्मस्थली भाभरा में श्रद्धांजलि अर्पित की।

### मध्यप्रदेश नक्सलवादी अभियान से मुक्त हुआ

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह के मार्गदर्शन में मप्र नक्सलवादी अभियान से मुक्त हो गया है। लाल सलाम को आखिरी सलाम करने वाला मप्र पहला राज्य है, यह हमारे लिए उल्लेखनीय उपलब्धि है। प्रदेश में हर तरह की नक्सल गतिविधियों पर नकेल कसी है। बालाघाट ने लंबे समय तक नक्सलवाद का दंश झेला है। क्षेत्र के समग्र विकास के लिए यहां बैगा महोत्सव आयोजित किया जाए। केन्द्रीय वनमंत्री भूपेन्द्र यादव से सीएम और प्रदेशाध्यक्ष ने भेंट की।


केन्द्रीय मंत्री भूपेंद्र से डॉ. यादव, हेमंत ने भेंट की।

शहीदी वर्ष पर प्रेरणादायी व्याख्यान संपन्न

## त्याग, तप और तेज की त्रिवेणी गुरु तेगबहादुर: रामदत्त चक्रधर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

सनातन धर्म की रक्षा के लिए अपने प्राणों का सर्वोच्च बलिदान देने वाले सिखों के नौवें गुरु गुरु तेगबहादुरजी के 350वें शहीदी वर्ष के उपलक्ष्य में संस्कृति थिएटर, कल्चरल स्ट्रीट, भंवरताल, जबलपुर में एक भव्य एवं प्रेरणादायी व्याख्यान कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में नगर के विभिन्न वर्गों, व्यवसायों एवं सामाजिक संगठनों से जुड़े प्रबुद्धजन बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सह सरकार्यवाह रामदत्त चक्रधर ने अपने ओजस्वी एवं भावपूर्ण उद्बोधन में गुरु तेगबहादुर जी के अद्वितीय त्याग, तपस्या, धैर्य और अप्रतिम साहस का विस्तृत वर्णन किया। उन्होंने कहा कि गुरु तेगबहादुर जी का जीवन केवल एक धार्मिक महापुरुष का जीवन नहीं था, बल्कि वह अन्याय के विरुद्ध निर्भीकता से खड़े होने और सत्य की रक्षा के लिए सर्वस्व अर्पण करने की प्रेरक गाथा है।



व्याख्यान आयोजित।

### *परमवीर थे गुरु तेगबहादुर*

*चक्रधर ने बताया कि गुरु तेगबहादुर जी, गुरु हरगोविंद के सुपुत्र थे। बाल्यावस्था में उनका नाम त्यागमल था, किंतु मात्र 13 वर्ष की आयु में युद्धभूमि में असाधारण वीरता का परिचय देने पर उन्हें "तेगबहादुर" की उपाधि प्राप्त हुई। यह नाम केवल एक सम्मान नहीं, बल्कि उनके तेजस्वी व्यक्तित्व और अदम्य साहस की पहचान बन गया-तेग की धार जैसी प्रखरता और बहादुरी का प्रतीक। मुख्य वक्ता ने उस ऐतिहासिक कालखंड का स्मरण कराया जब औरंगज़ेब के शासनकाल में धार्मिक असहिष्णुता और अत्याचार चरम पर थे।*

### आस्था की स्वतंत्रता के प्रतीक

चक्रधर ने कहा कि गुरु तेगबहादुर जी ने अपने जीवन से यह संदेश दिया कि धर्म केवल पूजा-पद्धति का विषय नहीं, बल्कि आत्मसम्मान और आस्था की स्वतंत्रता का प्रतीक है। उनका बलिदान किसी एक समुदाय के लिए नहीं, बल्कि संपूर्ण मानवता की धार्मिक स्वतंत्रता की रक्षा के लिए था। उन्होंने गुरुजी के साथियों-भाई मति दास, भाई दयाल दास और भाई सती दास-के अद्भुत साहस का भी उल्लेख किया। विपरीत परिस्थितियों और अमानवीय यातनाओं के बावजूद उन्होंने अपनी आस्था नहीं छोड़ी और अडिग रहे। चक्रधर ने कहा कि यह बलिदान केवल सिख समाज का इतिहास नहीं, बल्कि भारतीय संस्कृति के आत्मसम्मान, सहिष्णुता और धर्मनिष्ठा का अमर अध्याय है। अपने वक्तव्य के समापन में उन्होंने कहा कि गुरु तेगबहादुर जी का बलिदान भारतीय इतिहास में धार्मिक स्वतंत्रता, नैतिक साहस और मानवीय गरिमा की अमिट मिसाल है।



## राधा-कृष्ण संग फूलों की होली में उमड़ा उमंग और उल्लास का सैलाब

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरुग्राम

श्री गुरु गोबिंद सिंह ट्राई सेंटेनरी यूनिवर्सिटी (एसजीटीयू) के लिए आज का दिन बहुत खास रहा। विशाल प्रांगण में राधा-कृष्ण के साथ फूलों की होली कार्यक्रम का आयोजन किया गया। न किसी के पास रंग था, न गुलाल और न ही पानी। हजारों छात्र-छात्राओं, फैकल्टी सदस्यों और अन्य अधिकारियों व पदाधिकारियों ने भरपूर जोश और असीमित उल्लास के साथ इस होली में साथ भाग लिया और घंटों जमकर फूलों की होली खेली। भगवान श्रीकृष्ण व राधा के प्रति श्रद्धा व आस्था का सैलाब उमड़ पड़ा, उमंग व होली का उत्साह चरम पर रहा। सिर्फ और सिर्फ फूलों से खेली गई यह होली हजारों छात्र-छात्राओं, फैकल्टी मेंबर्स, अधिकारियों, कर्मचारियों के लिए यादगार बन गई। सुबह दस बजे दीप प्रज्वलन के बाद भव्य एवं रंगारंग कार्यक्रम की शुरुआत वेलकम डांस (ऋतु वसंत) से हुई। एक मनोहारी लोकनृत्य प्रस्तुत किया गया जिसने महाराष्ट्र में होली की भावना अभिव्यक्त की। इसमें भावपूर्ण अभिनय, वसंत की दिव्य आभा से सुसज्जित रंगों की छटा और उत्सवी लय का आनंदमय समावेश था।इसके बाद सूफियाना होली को प्रतिबिंबित करता हुआ सूफी नृत्य पेश किया गया। इसमें सूफी परंपरा की रहस्यात्मकता और होली के उल्लासपूर्ण उत्सव के सुंदर एवं प्रभावशाली आध्यात्मिक समन्वय ने दर्शकों को आकर्षित किया। इसके बाद थिएटर (कॉमेडी एक्ट) पेश किया गया जिसने भारी संख्या में उपस्थित छात्र-छात्राओं और विश्वविद्यालय के कर्मचारियों, फैकल्टी सदस्यों, अधिकारियों को हंसा कर लोटपोट कर दिया।

### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर एसजीटी यूनिवर्सिटी के कुलाधिपति पद्मश्री व पद्मभूषण राम बहादुर राय, दशमेश चैरिटेबल ट्रस्ट के मैनेजिंग ट्रस्टी मनमोहन सिंह चावला, चेयरपर्सन श्रीमती मधु प्रीत कौर चावला, वाइस चांसलर (डॉ) हेमंत वर्मा, प्रो वाइस चांसलर प्रो (डॉ) अतुल नासा, जयपाल मलिक, स्टेट डायरेक्टर (सेवानिवृत्त), नेहरू युवा केंद्र, भारत सरकार उपस्थित रहे।

परिजनों ने जताई थी हत्या की आशंका

## वो सड़क हादसा नहीं था, प्रेमी संग पत्नी ने रची थी हत्या की साजिश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

खरोरा इलाके में एक सनसनीखेज हत्या का खुलासा हुआ है। जिस मौत को पहले सड़क हादसा समझा जा रहा था, वह दरअसल सोची-समझी साजिश निकली। पुलिस जांच में सामने आया कि मृतक की पत्नी ने अपने प्रेमी और अन्य साथियों के साथ मिलकर पति की हत्या की योजना बनाई थी।

शनिवार को थाना खरोरा में भागवत सारथी ने सूचना दी कि उसके छोटे भाई किशोर का शव ग्राम मांठ स्थित सागौन वाटिका के पास सड़क किनारे संदिग्ध हालात में पड़ा है। मौके पर पहुंची पुलिस और एफएसएल टीम ने जांच शुरू की। परिजनों ने शुरुआत से ही हत्या की आशंका जताई और बताया कि शव को घसीटकर वहां फेंका गया प्रतीत हो रहा है। प्रथम जांच के बाद पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज कर विवेचना शुरू की। जांच के दौरान जो कहानी सामने आई, उसने सभी को चौंका दिया। पुलिस पूछताछ में पता चला कि मृतक की पत्नी का लिलेश उर्फ मुरू उर्फ कुलदीप नामक युवक से प्रेम संबंध था। पिछले कुछ महीनों से दोनों के बीच नजदीकियां बढ़ रही थीं।



### *थार से मारी थी बाइक को जोरदार टक्कर*

*शुक्रवार रात करीब 9 बजे पत्नी ने बहन को लाने के बहाने किशोर को ग्राम बिठिया भेजा। इसी दौरान खरोरा-रायपुर मार्ग पर पहले से घात लगाए बैठे आरोपियों ने थार वाहन से किशोर की बाइक को जोरदार टक्कर मारी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि किशोर की मौके पर ही मौत हो गई। वारदात को दुर्घटना का रूप देने की कोशिश की गई, लेकिन पुलिस की सघन जांच में साजिश का पर्दाफाश हो गया। मामले में षड्यंत्रपूर्वक हत्या का प्रकरण दर्ज कर मृतक की पत्नी समेत कुल चार आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है। घटना में प्रयुक्त थार वाहन को जब्त कर लिया गया है।*

गुरदासपुर में राज्य स्तरीय सैनी समाज समारोह में नायब सैनी ने भरी हुंकार

## रंगला पंजाब बनाना है हमारा लक्ष्य ओबीसी वर्ग बने राजनीति की धुरी

**चंडीगढ़।** मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने रविवार को पंजाब के गुरदासपुर जिले के दीनानगर में सैनी समाज द्वारा आयोजित विशाल कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि पंजाब गुरुओं की धरती है तप, त्याग और बलिदान की यह पावन भूमि एक बार फिर विकास की राह पर अग्रणी बनने के लिए तैयार है। उन्होंने कहा कि इस पवित्र भूमि पर आकर वे स्वयं को गौरवान्वित महसूस कर रहे हैं। विभाजन की वेदना झेलने के बावजूद यहां के लोगों ने कभी निराशा को अपने ऊपर हावी नहीं होने दिया और आत्मविश्वास को अपनी सबसे बड़ी ताकत बनाया। मुख्यमंत्री सैनी ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि आगामी पंजाब विधानसभा चुनाव केवल सरकार बदलने का चुनाव नहीं है, बल्कि यह प्रदेश की राजनीतिक दिशा बदलने और समाज को सम्मान दिलाने का ऐतिहासिक अवसर है।



### हरियाणा में 60 वादे पूरे, 120 पर काम जारी

हरियाणा सरकार की उपलब्धियों का उल्लेख करते हुए मुख्यमंत्री सैनी ने बताया कि सोमवार को वे हरियाणा विधानसभा में अपना दूसरा बजट पेश करेंगे। उन्होंने कहा कि 217 संकल्पों में से 60 पूरे किए जा चुके हैं और 120 पर तेजी से काम जारी है। उन्होंने विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का उल्लेख करते हुए बताया कि हरियाणा में किडनी मरीजों को सभी अस्पतालों और मेडिकल कॉलेजों में मुफ्त डायलिसिस की सुविधा दी जा रही है। बुजुर्गों को प्रत्येक माह की 10 तारीख तक पेंशन घर बैठे उपलब्ध कराई जा रही है। लाडो लक्ष्मी योजना के तहत महिलाओं को 2100 रुपये दिए जा रहे हैं। किसानों की फसलें न्यूनतम समर्थन मूल्य पर खरीदी जा रही हैं और 48 घंटे में भुगतान सुनिश्चित किया गया है।

हजारों नागरिकों ने निःशुल्क परामर्श, जांच और प्राथमिक उपचार का लाभ प्राप्त किया

निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का संचालन सफलतापूर्वक पूर्ण

## भोपाल में स्वास्थ्य सेवा का महाकुंभ: राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने शताब्दी वर्ष पर 100 स्थानों पर एक साथ स्वास्थ्य शिविर लगाए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के ऐतिहासिक अवसर पर आज राजधानी भोपाल में सेवा और समर्पण का अनूठा उदाहरण देखने को मिला। राष्ट्रीय सेवा भारती द्वारा आयोजित इस विशाल अभियान के अंतर्गत शहर के 100 विभिन्न केंद्रों पर एक ही समय में 'निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर' का सफलतापूर्वक संचालन किया गया।

इस भव्य आयोजन को आरोग्य भारती, सबका सहारा सोशल वेलफेयर सोसाइटी और एमपी टीबी एसोसिएशन के विशेष सहयोग से पूर्ण किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता आयोजन के अध्यक्ष डॉ. अभिजीत देशमुख और भोपाल विभाग सेवा प्रमुख पर्वत सिंह ने की।


फ्री हेल्थ कैंप।

### 10,000 से अधिक नागरिकों ने उठाया लाभ

इस विशाल स्वास्थ्य अभियान के माध्यम से भोपाल के विभिन्न क्षेत्रों में औसतन 10,000 नागरिकों ने निःशुल्क परामर्श, जांच और प्राथमिक उपचार का लाभ प्राप्त किया। इतनी बड़ी संख्या में जनभागीदारी इस आयोजन की सफलता का जीवंत प्रमाण है।

### प्रमुख चिकित्सा संस्थानों का अभूतपूर्व सहयोग

इस महा-अभियान की सफलता में भोपाल के प्रतिष्ठित सरकारी और निजी चिकित्सा संस्थानों ने रीढ़ की हड्डी के रूप में कार्य किया। आयोजन समिति ने विशेष रूप से सीएमएचओ भोपाल और हमीदिया अस्पताल के प्रशासनिक सहयोग की सराहना की। इसके साथ ही ईएसआईसी, चिरायु मेडिकल कॉलेज, एलएन मेडिकल कॉलेज, मानसरोवर मेडिकल कॉलेज, पीपुल्स मेडिकल कॉलेज, भोपाल मेमोरियल अस्पताल, कॅरियर कॉलेज, आर.डी. मेमोरियल आयुर्वेदिक कॉलेज, महावीर मेडिकल कॉलेज आदि के विशेषज्ञ डॉक्टरों और पैरामेडिकल स्टाफ ने निःस्वार्थ सेवाएँ प्रदान कीं।

## चिंतन

# बम से नहीं, वार्ता से सुलझाएं विवाद

संयुक्त राज्य अमेरिका और इज़राइल द्वारा ईरान पर किए गए व्यापक सैन्य हमलों ने क्षेत्रीय तनाव को चरम पर पहुंचा दिया है। विभिन्न शहरों में सैन्य ठिकानों के साथ-साथ नागरिक ढांचे को भी नुकसान पहुंचने की खबरें हैं। बड़ी संख्या में लोगों की मृत्यु एवं घायल होने की सूचना ने मानवीय संकट को और गहरा कर दिया है। जवाबी कार्रवाई में ईरान द्वारा भी हमले किए जाने से स्थिति और विस्फोटक हो गई है। यह संघर्ष यदि इसी दिशा में आगे बढ़ता रहा, तो इसका प्रभाव केवल मध्य पूर्व तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि पूरी दुनिया इसकी चपेट में आ सकती है। सैंकड़ों निर्दोष लोग मारे जाएंगे, आर्थिक संकट भी बढ़ेगा। इतिहास इस बात का साक्षी है कि बम और मिसाइलें क्षणिक बढ़त तो दिला सकती हैं, लेकिन वे स्थायी शांति की नींव नहीं रख सकतीं। इस संघर्ष ने न केवल हजारों परिवारों को शोक में डुबोया है, बल्कि क्षेत्रीय अस्थिरता को भी बढ़ाया है। स्कूलों, रिहायशी इलाकों और नागरिक प्रतिष्ठानों को हुए नुकसान ने यह स्पष्ट कर दिया है कि आधुनिक युद्धों में सबसे बड़ी कीमत आम नागरिक ही चुकाते हैं। ऐसे समय में वार्ता, संयम, संवाद और कूटनीति ही एकमात्र रास्ता हैं जो व्यापक विनाश को रोक सकते हैं। मध्य पूर्व का भू-राजनीतिक महत्व पूरी दुनिया जानती है। ऊर्जा आपूर्ति का बड़ा हिस्सा इसी क्षेत्र से होकर गुजरता है। यदि तनाव और बढ़ता है और होर्मुज जलडमरूमध्य जैसे महत्वपूर्ण समुद्री मार्ग बाधित होते हैं, तो वैश्विक तेल आपूर्ति पर गहरा असर पड़ेगा। तेल की कीमतों में उछाल से विश्व अर्थव्यवस्था पर दबाव बढ़ेगा, महंगाई बढ़ेगी और विकासशील देशों की आर्थिक स्थिति और कठिन हो जाएगी। स्पष्ट है कि यह केवल दो या तीन देशों का मामला नहीं है, बल्कि पूरी वैश्विक व्यवस्था की स्थिरता का प्रश्न है। भारत ने ईरान और खाड़ी क्षेत्र की स्थिति पर चिंता व्यक्त करते हुए सभी पक्षों से तनाव कम करने और नागरिकों की सुरक्षा को प्राथमिकता देने का आग्रह किया है। भारत का यह रुख संतुलित और जिम्मेदार कूटनीति का परिचायक है। इसी प्रकार चीन और रूस ने भी सैन्य कार्रवाई की निंदा करते हुए संवाद और शांतिपूर्ण समाधान पर जोर दिया है। यह सकारात्मक संकेत है कि वैश्विक शक्तियां कम से कम औपचारिक रूप से ही सही, शांति की वकालत कर रही हैं। वास्तव में, यह समय आरोप-प्रत्यारोप का नहीं, बल्कि आत्ममंथन का है। क्या सैन्य हमले किसी परमाणु या सुरक्षा विवाद का स्थायी हल दे सकते हैं? क्या क्षेत्रीय प्रभुत्व की राजनीति निर्दोष नागरिकों के जीवन से अधिक मूल्यवान है? इन प्रश्नों का उत्तर स्पष्ट है। विश्व व्यवस्था नियम-आधारित होनी चाहिए, जहां सभी देशों की संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता का सम्मान हो। यदि कूटनीतिक प्रयासों को मजबूत किया जाए, तो विवादों का समाधान संभव है। अतीत में भी कई जटिल अंतरराष्ट्रीय विवाद वार्ता की मेज पर सुलझे हैं। संयुक्त राष्ट्र और अन्य बहुपक्षीय मंचों की भूमिका भी इस समय अत्यंत महत्वपूर्ण है। परमाणु कार्यक्रम, क्षेत्रीय सुरक्षा और प्रतिबंधों जैसे मुद्दों पर व्यापक और पारदर्शी वार्ता ही आगे का रास्ता दिखा सकती है। सैन्य टकराव से केवल अविश्वास बढ़ता है, जबकि संवाद से पुल बनते हैं। विश्व समुदाय को स्पष्ट संदेश देना होगा कि 21वीं सदी में संघर्षों का समाधान युद्ध नहीं, बल्कि वार्ता है। इसलिए यही उचित होगा कि सभी पक्ष तुरंत सैन्य कार्रवाइयों पर विराम लगाएं, तनाव कम करें और बातचीत की प्रक्रिया को पुनः आरंभ करें। बम से नहीं, बल्कि वार्ता से ही स्थायी शांति का मार्ग प्रशस्त हो सकता है।

कूटनीति
महेन्द्र तिवारी



# खामेनेई के बाद ईरान की रणनीति व भारत पर असर

अयातुल्लाह अली खामेनेई की मृत्यु और उसके बाद मोजतबा खामेनेई का सत्ता के केंद्र में आना ईरान के इतिहास का वह मोड़ है, जहां से वापसी का रास्ता केवल संघर्ष और रणनीतिक आक्रामकता से होकर गुजरता है। ईरान की आगामी रणनीति अब केवल अस्तित्व बचाने की नहीं, बल्कि अपने खोये हुए गौरव और नेतृत्व के अपमान का बदला लेने की है। अहमद वाहिदी जैसे कट्टरपंथी सैन्य रणनीतिकार के हाथों में इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स की कमान होने का सीधा अर्थ है कि ईरान अब 'रणनीतिक धैर्य' की नीति को त्यागकर 'प्रत्यक्ष प्रतिशोध' के युग में प्रवेश कर चुका है। मोजतबा खामेनेई के लिए चुनौती दोहरी है: उन्हें न केवल अपने पिता की विरासत को सुरक्षित रखना है, बल्कि देश के भीतर पनप रहे असंतोष और बाहर से हो रहे सैन्य प्रहारों के बीच एक संतुलन बनाना है। ईरान की अगली चालों में सबसे महत्वपूर्ण उसका परमाणु कार्यक्रम होगा। अंतरराष्ट्रीय दबाव व हमलों के बावजूद, ईरान अब परमाणु हथियार की क्षमता को 'अंतिम सुरक्षा कवच' के रूप में देख रहा है। 2025-26 के इस कालखंड में ईरान का 90% तक यूरेनियम संवर्धन करना केवल तकनीकी उपलब्धि नहीं, बल्कि एक भू-राजनीतिक ब्लैकमेलिंग का हथियार है, जो पश्चिम को सीधे टकराव से रोकने के लिए इस्तेमाल होगा। क्षेत्रीय स्तर पर, ईरान अपने 'एक्सिस ऑफ रेसिस्टेंस' यानी हिजबुल्लाह, हूती व हमास को नई ऊर्जा और आधुनिक हथियारों से लैस करेगा ताकि इजरायल-अमेरिकी ठिकानों पर दबाव बना रहे। होर्मुज जलडमरूमध्य की घेराबंदी ईरान का वह ब्रह्मास्त्र है, जिसे वह वैश्विक अर्थव्यवस्था को घुटनों पर लाने में इस्तेमाल कर सकता है।

इस भीषण उथल-पुथल के बीच भारत की स्थिति अत्यंत नाजुक और चुनौतीपूर्ण हो गई है। भारत के लिए ईरान केवल एक भौगोलिक इकाई नहीं, बल्कि पश्चिम और मध्य एशिया तक पहुंचने का प्रवेश द्वार है। ईरान में इस तरह का नेतृत्व परिवर्तन और युद्ध की स्थिति भारत की 'स्ट्रेटेजिक ऑटोनोमी' यानी रणनीतिक स्वायत्तता की कड़ी परीक्षा है। भारत ने हमेशा से एक संतुलनकारी शक्ति की भूमिका निभाई है, जहां उसने एक तरफ इजरायल के साथ गहरे रक्षा संबंध बना रखे हैं, वहीं दूसरी तरफ ईरान के साथ चाबहार पोर्ट जैसे रणनीतिक निवेशों के जरिए अपनी कनेक्टिविटी को सुरक्षित किया है। खामेनेई के बाद यदि ईरान पूरी तरह से चीन और रूस के पाले में चला जाता है, जैसा कि वर्तमान संकेतों से लग रहा है, तो भारत के लिए अपनी स्वायत्तता बनाए रखना कठिन होगा। अमेरिका और इजरायल के साथ भारत की बढ़ती निकटता के बीच ईरान का नया कट्टरपंथी नेतृत्व नई दिल्ली को संदेह की दृष्टि से देख सकता है। यदि ईरान पर और कड़े प्रतिबंध लगते हैं या वह पूर्ण युद्ध में उलझता है, तो चाबहार बंदरगाह और 'इंटरनेशनल नॉर्थ-साउथ ट्रांसपोर्ट कॉरिडोर' जैसे प्रोजेक्ट ठंडे बस्ते में जा सकते हैं, जो भारत के लिए मध्य एशिया और यूरोप तक पहुंचने का सबसे छोटा और सस्ता रास्ता हैं। भारत की विदेश नीति के लिए यह वह समय है जब उसे 'गुटनिरपेक्षता 2.0' के सिद्धांतों पर चलते हुए यह सुनिश्चित करना होगा कि वह किसी एक पक्ष का मोहरा न बने। सामाजिक और सुरक्षा के दृष्टिकोण से देखें तो ईरान और पश्चिम के बीच बढ़ता तनाव भारत के भीतर के जनसांख्यिकीय संतुलन और प्रवासी सुरक्षा को भी प्रभावित करता है। पश्चिम एशिया में लाखों भारतीय काम करते हैं, जिनकी सुरक्षा और वहां से आने वाला प्रेषण भारत की अर्थव्यवस्था की रीढ़ है। यदि युद्ध फैला, तो उनकी सुरक्षित वापसी बड़ी लॉजिस्टिक चुनौती होगी।

अंततः, खामेनेई के बाद का ईरान एक ऐसा ज्वालामुखी है जिसके फटने का असर वाशिंगटन से लेकर नई दिल्ली तक महसूस किया जाएगा। मोजतबा खामेनेई और अहमद वाहिदी की जोड़ी ईरान को एक सैन्यीकृत धार्मिक शासन की ओर ले जा रही है, जो कूटनीति से अधिक शक्ति प्रदर्शन में विश्वास रखता है। भारत को ऐसे समयय में अपनी 'रणनीतिक स्वायत्तता' को ढाल बना अपने राष्ट्रीय हितों की रक्षा करनी होगी, भले ही इसके लिए उसे कठिन कूटनीतिक फैसले लेने पड़ें। उसे चाहिए कि वह ईरान के नए नेतृत्व के साथ अनौपचारिक माध्यमों से संवाद बनाए रखे और साथ ही अपनी ऊर्जा जरूरतों के लिए रणनीतिक पेट्रोलियम भंडार को और मजबूत करे। ईरान का यह संकट वैश्विक व्यवस्था के पुनर्निर्धारण का संकेत है, और भारत को इस बदलती व्यवस्था में एक दर्शक के बजाय निर्णायक भूमिका निभानी होगी, ताकि उसकी ऊर्जा सुरक्षा और संप्रभुता पर आंच न आए। ईरान की अगली चालें केवल उसके भविष्य को ही नहीं, बल्कि भारत की रणनीतिक महत्वाकांक्षाओं को भी नई दिशा देंगी।

( लेखक वरिष्ठ स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

# ईरान युद्ध से बढ़ी आर्थिक चिंताएं



तनाव
डॉ. जयंतीलाल भंडारी

**ईरानी और इजराइल-अमेरिका युद्ध लंबा खिंचने की आशंका से भारत की भी कच्चे तेल की बढ़ती कीमतों, शेयर बाजार में गिरावट, माल ढुलाई की लागत बढ़ने, खाद्य वस्तुओं की महंगाई, भारत से बासमती चावल, चाय, मशीनरी, इस्पात तथा फुटवियर जैसे क्षेत्रों में निर्यात, निर्यात के लिए बीमा लागत में वृद्धि, पश्चिम एशिया में रहने वाले भारतीयों की सुरक्षा की चिंता तथा इजराइल और ईरान के सहित पश्चिम एशिया के अन्य देशों के साथ द्विपक्षीय व्यापार में कमी जैसी चिंताएं बढ़ सकती हैं। लेकिन ईरान और इजराइल-अमेरिका युद्ध के बीच भारत के कई ऐसे मजबूत आर्थिक पक्ष हैं, जिनसे भारत के आम आदमी और भारतीय अर्थव्यवस्था को अधिक नुकसान नहीं होगा।**

इजराइल-अमेरिका द्वारा 28 फरवरी को ईरान पर हमले और उसके बाद ईरान के द्वारा इजरायल व अमेरिका के सैन्य ठिकानों पर हमलों से निर्मित युद्ध ने दुनिया की चिंताएं बढ़ा दी हैं। खास तौर से इस युद्ध में ईरान के सुप्रीम लीडर अयातुल्लाह अली खामेनेई के मारे जाने के बाद जहां ईरानी सेना ने इजराइल-अमेरिका से इसका पूरा बदला लेने और इजराइल- अमेरिका के द्वारा ईरान को पूरी तरह से कमजोर किए जाने के वक्तव्यों से इस युद्ध के लंबा खिंचने की आशंका बढ़ गई है। ऐसे भारत की भी चिंताएं बढ़ सकती हैं। ये चिंताएं कच्चे तेल की बढ़ती कीमतों, शेयर बाजार में गिरावट, माल ढुलाई की लागत बढ़ने, खाद्य वस्तुओं की महंगाई, भारत से बासमती चावल, चाय, मशीनरी, इस्पात तथा फुटवियर जैसे क्षेत्रों में निर्यात, निर्यात के लिए बीमा लागत में वृद्धि, पश्चिम एशिया में रहने वाले भारतीयों की सुरक्षा की चिंता तथा इजराइल और ईरान के सहित पश्चिम एशिया के अन्य देशों के साथ द्विपक्षीय व्यापार में कमी की आशंकाओं से संबंधित हैं।

उल्लेखनीय है कि ईरान और इजरायल-अमेरिका के बीच युद्ध का असर वैश्विक शिपिंग रूट्स पर भी पड़ सकता है, खासकर होर्मुज जलडमरूमध्य पर। ईरान ने 33 किलोमीटर चौड़ा यह जल मार्ग रोक दिया है। यह वैश्विक यातायात का एक अत्यन्त महत्वपूर्ण मार्ग है। दुनिया को मिलने वाला करीब एक तिहाई तेल और खाद्य व कृषि उत्पादों का अधिकांश यातायात इसी मार्ग से होता है। ऐसे में इस क्षेत्र में शिपिंग बाधित होने से कच्चे तेल की ग्लोबल सप्लाई चेन प्रभावित हो सकती है। साथ ही इससे खाद्य पदार्थों, जैसे कि गेहूं, चीनी और अन्य कृषि उत्पादों की कीमतें बढ़ने लगेंगी। चूंकि भौगोलिक रूप से ईरान भारत का पड़ोसी क्षेत्र है और कच्चे तेल के लिहाज से भारत का करीब आधा कच्चा तेल इसी रास्ते से होकर आता है, ऐसे में यह युद्ध भारत के लिए कच्चे तेल संबंधी चिंता निर्मित करते हुए दिखाई दे रहा है। वजह यह है कि भारत अपनी कच्चे तेल की जरूरतों के करीब 85 फीसदी तक आयात पर निर्भर है, अतएव कच्चे तेल के दाम में बढ़ोतरी भारत के आयात बिल की चिंता बढ़ा सकती है। स्थिति यह है कि युद्ध के तनाव के बीच 28 फरवरी को कच्चे तेल की कीमत 73 डॉलर प्रति बैरल के मूल्य स्तर पर पहुंच गई, जो सात माह का रिकॉर्ड मूल्य स्तर है। युद्ध के लंबा खिंचने पर कच्चे तेल की कीमत 100 डॉलर प्रति बैरल के पार जा सकती है। ईरान दुनिया के सबसे बड़े कच्चा तेल उत्पादकों में से एक है और यह देश युद्धग्रस्त है। ऐसे में ईरान के तेल बाजार में अस्थिरता से कच्चे तेल की कीमतें तेजी से बढ़ने पर पेट्रोल, डीजल और अन्य पेट्रोलियम उत्पाद महंगे होने लगेंगे। इसका असर भारत पर भी हो सकता है।

इस युद्ध से वैश्विक शेयर बाजार के साथ-साथ भारत के शेयर बाजार पर भी बड़ा असर पड़ने की आशंका है। इस युद्ध से भारत के शेयर बाजार में बड़ी संख्या में विदेशी निवेशकों के द्वारा जोखिम वाली संपत्तियां बेचने और बड़ी संख्या में निवेश निकालने की स्थिति दिखाई दे सकती है । सेंसेक्स और निफ्टी के लिए मार्च 2026 बड़ी गिरावट का महीना होगा। इस युद्ध के कारण निवेशक तेजी से सुरक्षित निवेश के तौर पर सोने की खरीदी का भी



रुख करते हुए दिखाई देंगे। इससे वैश्विक स्तर के साथ-साथ भारत में भी सोने की खपत और सोने की कीमत और तेजी से बढ़ेगी। यह बात भी महत्वपूर्ण है कि ईरान और अमेरिका-इजरायल के बीच युद्ध के लंबा खिंचने पर पश्चिम एशिया में रहने वाले करीब 90 लाख भारतीयों की सुरक्षा भी भारत के लिए चिंता का कारण बन सकती है। इस युद्ध का प्रभाव भारत के वित्तीय बाजार पर भी पड़ सकता है और भारतीय रुपया कमजोर भी हो सकता है। लेकिन ईरान और इजराइल-अमेरिका युद्ध के बीच भारत के कई ऐसे मजबूत आर्थिक पक्ष हैं, जिनसे भारत के आम आदमी और भारतीय अर्थव्यवस्था को अधिक नुकसान नहीं होगा। खास बात यह है कि इस समय भारत की ग्रामीण अर्थव्यवस्था मजबूत बनी हुई है। भारत खाद्यान्न अतिशेष वाला देश है और देश के 80 करोड़ से अधिक कमजोर वर्ग के लोगों को निशुल्क खाद्यान्न वितरित किया जा रहा है। वर्ष 2025 में भारत में 35.70 करोड़ टन खाद्यान्न का उत्पादन हुआ था और इस वर्ष 2026 में रिकॉर्ड खाद्यान्न उत्पादन की संभावना है। भारतीय खाद्य निगम (एफसीआई) के पास केंद्रीय पूल में इस समय लगभग 182 लाख टन गेहूं उपलब्ध होने का अनुमान है। इसी तरह इस वित्त वर्ष 2025-26 के लिए निजी कंपनियों और व्यापारियों के पास लगभग 75 लाख टन गेहूं का स्टॉक मौजूद है। यह पिछले साल की इसी अवधि की तुलना में करीब 32 लाख टन ज्यादा है। यह भी महत्वपूर्ण है कि रबी सीजन 2026 में गेहूं की बुवाई का रकबा बढ़कर 334.17 लाख हेक्टेयर हो गया है, जो पिछले साल 328.04 लाख हेक्टेयर था।

एक खास बात यह है कि भारत में महंगाई नियंत्रित है भारतीय अर्थव्यवस्था मजबूत बनी हुई है। महंगाई दर 4 प्रतिशत के लक्ष्य से नीचे है। थोक मूल्य सूचकांक आधारित महंगाई दर जनवरी 2026 में 1.81 प्रतिशत पर रही है। इसी तरह उपभोक्ता महंगाई दर 2.75 प्रतिशत रही है। भारत में महंगाई रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया के निर्धारित लक्ष्य से भी कम है। निश्चित रूप से भारतीय अर्थव्यवस्था मजबूत बनी हुई है। यदि युद्ध से जरूरी दवाइयों की आपूर्ति में कोई कमी आती है, तो सरकार पीएलआई योजना के तहत दवाई उद्योग में काम आने वाले 35 प्रमुख कच्चे माल (एपीआई) का उत्पादन देश में ही तेजी से बढ़ाते हुए दिखाई दे सकेगी। इससे दवाइयों के दामों पर नियंत्रण रखा जा सकेगा। इस युद्ध के चलते वैश्विक तेल की कीमतों में आए उछाल पर भारत कच्चे तेल के किसी भी संकट से निपटने में सक्षम होगा। इस समय भारत के पास 74 दिनों की रणनीतिक कच्चा तेल भंडार उपलब्ध है। पहले भारत 27 देशों से कच्चा तेल खरीदता था, अब इन देशों की संख्या बढ़कर 39 हो गई है। इससे कुछ ही देशों से तेल खरीदने संबंधी जोखिम कम हो गया है। यह बात भी महत्वपूर्ण है कि आगामी वित्त वर्ष 2026-27 के बजट के तहत शीघ्र खराब होने वाले सामान की बाजार में समुचित आपूर्ति सुनिश्चित करने, महंगाई नियंत्रण व जरूरी दवाइयों की किफायती दाम पर आपूर्ति के लिए जो प्रभावी व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई हैं, वे युद्ध की चुनौती के बीच भारत के आम आदमी को राहत देते हुए दिखाई दे सकेंगी।

हम उम्मीद करें कि सरकार ईरान और इजराइल-अमेरिका के युद्ध के दुर्भाग्यपूर्ण रूप से विस्तारित होने पर युद्ध से निर्मित आर्थिक चुनौतियों की आशंका के मद्देनजर ऐसी बहुआयामी रणनीति के साथ आगे बढ़ेगी, जिससे देश के आमजन व देश की अर्थव्यवस्था को ईरान और इजराइल-अमेरिका युद्ध के दुष्प्रभावों से बचाया जा सकेगा।

( लेखक वरिष्ठ अर्थशास्त्री हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

# कुंभकर्ण एवं रावण के पिछले जन्म का रहस्य



संकलित

## दर्शन

सनक, सनंदन, सनातन तथा सनतकुमार भगवान विष्णु से मिलने वैकुंठ लोक गए। वहां उनके द्वारपाल जय-विजय ने उन्हें अंदर जाने से रोक दिया और उनका अपमान किया। इससे क्रुद्ध होकर चारों मुनि कुमारों ने जय-विजय को पृथ्वी लोक पर असुर के रूप में जन्म लेने का शाप दे दिया। ऋषि कुमारों द्वारा शाप मिलने पर दोनों द्वारपालों को अपनी गलती का अहसास हुआ। वे दोनों उनके चरणों पर गिरकर पश्चाताप करने लगे और अपने अपराध के लिए क्षमा मांगने लगे। उसी समय वहां देवी लक्ष्मी सहित विष्णु पधारे। चारों मुनि कुमारों ने उन्हें प्रणाम किया। जय-विजय ने भगवान विष्णु को सास वृत्तांत सुनाया और प्रार्थना करते हुए कहा, 'प्रभु हम पर दया करें। हमें शाप मुक्त करें।' भगवान विष्णु ने कहा, 'यह मेरे वश में नहीं है। ये चारों मुनि कुमार ही तुम्हें इस शाप से मुक्त कर सकते हैं।' मुनि कुमारों को दोनों द्वारपालों पर दया आ गई। उन्होंने जय-विजय से पूछा, 'आप सौ योनियों में जन्म लेकर भगवान विष्णु के भक्त बनकर जीने के बाद शाप मुक्त होना चाहेंगे या फिर तीन योनियों में भगवान के शत्रु बनकर जीने के बाद मुक्त होना चाहेंगे। दोनों ने कहा, 'सौ जन्म भगवान से दूर रहने की बजाय हम तीन जन्मों का ही चयन करेंगे।' जय और विजय ने असुरों के रूप में पहली योनि में हिरण्याक्ष तथा हिरण्यकशिपु, दूसरी योनि में कुंभकर्ण एवं रावण और तीसरी योनि में शिशुपाल तथा दंतवक्र के रूप में जन्म लिया। भगवान विष्णु ने नरसिंह, राम तथा कृष्ण का अवतार धारण कर उनका संहार कर शाप से मुक्ति दिलाई।

# आपकी इच्छाशक्ति में सफलता का बीज



संकलित

## प्रेरणा

दुर्बल इच्छाशक्ति एक सीमित इच्छाशक्ति है। जैसे ही कठिनाइयां और असफलताएं उसे नष्ट कर देती हैं, अनंत शक्ति के स्रोत से उसका संबंध टूट जाता है। अच्छे उद्देश्य के लिए इच्छाशक्ति के पीछे ईश्वर की इच्छाशक्ति होती है, जो कभी विफल नहीं हो सकती। यहां तक कि ईश्वर की इच्छाशक्ति को रोकने की शक्ति मृत्यु में भी नहीं है। जिस प्रार्थना के पीछे अनवरत इच्छाशक्ति हो, उस प्रार्थना का उत्तर प्रभु अवश्य देंगे। अधिकांश लोग जब कुछ ऐसा पाने की कोशिश कर रहे होते हैं, जिसका उनके लिए बहुत महत्व है, तो वे अत्यधिक अशांत या तनावग्रस्त हो जाते हैं। अधीर और अशांत कार्य ईश्वर की शक्ति को आकर्षित नहीं करते, परंतु इच्छाशक्ति का निरंतर शांत, शक्तिपूर्ण प्रयोग सृष्टि की शक्तियों को झकझोर देता है और अनंत से उत्तर प्राप्त करता है। आप जो कुछ भी करना चाहते हैं, उसकी सफलता का बीज आपकी इच्छाशक्ति में है। कठिनाइयों से बुरी तरह आहत हुई इच्छाशक्ति थोड़े समय के लिए पंगु हो जाती है, परंतु जो कृतसंकल्प मनुष्य यह कहता है, 'मेरा शरीर भले ही टूट जाए, परंतु इच्छाशक्ति रूपी मेरा सिर झुक नहीं सकता।' वह इच्छाशक्ति की सबसे बड़ी अभिव्यक्ति को प्रदर्शित करता है। इच्छाशक्ति ही आपको दिव्य बनाती है। जब आप उस इच्छाशक्ति का प्रयोग करना बंद कर देते हैं, तो आप नश्वर मानव बन जाते हैं। बहुत-से लोग कहते हैं कि हमें अपनी इच्छाशक्ति का प्रयोग परिस्थितियों को बदलने के लिए नहीं करना चाहिए।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### शेयर धारकों को नुकसान

आजकल शेयर बाजार में गिरावट की खबरें सुर्खियों में हैं। इससे बहुत से लोगों को आर्थिक नुकसान भी हो रहा है। शेयर बाजार में ऐसी गिरावट काफी वर्षों बाद देखने को मिल रही है। इस गिरावट से बहुत से उन लोगों की उम्मीदें धराशायी हुई जिनका कारोबार ही शेयर बाजार पर निर्धारित है। शेयर कब औंधे मुंह गिरे, कोई पता नहीं, क्योंकि शेयर बाजार कंपनियों पर ही ज्यादा निर्भर होता है और कोई बड़ी कंपनी कब घाटे में चली जाए, यह पता नहीं चलता। दूसरा, शेयर बाजार दुनिया के किसी भी देश में होने वाले युद्ध से प्रभावित होते हैं। हमारे देश में कम लोग ही शेयर बाजार के बारे में जानते हैं, इसलिए यह कहना उचित होगा कि हमारे देश में शेयर बाजार में निवेश करना ही बेहतर विकल्प नहीं है। *- रमेश कुमार साहू, रायपुर*

## ट्रेंड

### अहम भूमिका निभाएगा तमिलनाडु



तमिलनाडु राष्ट्र के भविष्य को आकार देने में निर्णायक भूमिका निभाएगा। हमारा सामूहिक लक्ष्य एक विकसित भारत के लिए एक विकसित तमिलनाडु है। तमिलनाडु एक तटीय राज्य है और इसमें विकास की अपार संभावनाएं हैं। लेकिन जब कांग्रेस और डीएमके पहले सत्ता में थीं, तब वे निष्क्रिय थीं। **-नरेंद्र मोदी,** प्रधानमंत्री

### ममता को हटाना चाह रही जनता



तृणमूल पश्चिम बंगाल की जनसांख्यिकी में बदलाव कर इसे 'पश्चिम बांग्लादेश' बनाना चाहती है। राज्य का हर सही सोच रखने वाला नागरिक अब अपनी सुरक्षा और अस्तित्व के लिए ममता बनर्जी की इस सरकार को हटाना चाहता है। **-धर्मेंद्र प्रधान,** केंद्रीय मंत्री

### पिंक कार्ड से फ्री यात्रा



पिंक कार्ड से दिल्ली की महिलाओं को डीटीसी की बसों में मुफ्त यात्रा करने की सुविधा मिलेगी, साथ ही इसका उपयोग मेट्रो, क्षेत्रीय तीव्र पारगमन प्रणाली (आरआरटीएस) और अन्य सार्वजनिक परिवहन सेवाओं में सशुल्क यात्रा के लिए भी किया जा सकेगा। **-रेखा गुप्ता,** सीएम, दिल्ली

### पीएम को देश से मतलब नहीं



भाजपा ने एक साल के शासन में राष्ट्रीय राजधानी को बर्बाद कर दिया। यहां की सड़कें टूटी हुई हैं, पानी भी दूषित है और वायु प्रदूषण के कारण लोगों को सांस लेने में परेशानी हो रही है। प्रधानमंत्री का देश से कोई मतलब नहीं है। **-अरविंद केजरीवाल,** पूर्व सीएम, दिल्ली

## करंट अफेयर

# ईरान में सत्ता परिवर्तन के आसार कम

ईरान में गूंजे धमाकों ने पश्चिम एशिया को एक बार फिर युद्ध के मुहाने पर ला खड़ा किया है। अमेरिका और इजराइल के संयुक्त हमलों के बाद यह सवाल खड़ा हो गया है कि क्या यह कार्रवाई सिर्फ सैन्य दबाव है या ईरान में सत्ता परिवर्तन की शुरुआत। इन हमलों के पैमाने से आपको क्या संकेत मिलता है? मुझे लगता है कि इन बड़े हमलों और क्षेत्र में कई हफ्तों से तैनात जहाजों तथा कुछ सैनिकों के जरिए अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और उनका प्रशासन ईरान में सत्ता परिवर्तन की कोशिश कर रहा है। मेरा अनुमान है कि अगले कुछ दिनों तक और हमले हो सकते हैं। शुरुआत में वे उस पारंपरिक रणनीति को अपनाएंगे जिसमें सेना के कमांड और नियंत्रण प्रणाली यानी सैन्य नियंत्रण के मुख्य केंद्रों को निशाना बनाया जाता है। मीडिया में आ रही खबरों से हमें पहले ही पता लग गया है कि ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई के आवास पर हमला किया गया है। यहां अमेरिका की रणनीतिक अंतिम योजना क्या है? सत्ता परिवर्तन करना आसान नहीं होगा। आज ट्रंप ने ईरानी जनता से सरकार को गिराने की अपील की है लेकिन यह बहुत कठिन काम है। बिना हथियारों के लोग उस शासन को मुश्किल गिरा पाएंगे जो बहुत कड़े नियंत्रण में है और जिसके पास भारी हथियार हैं।



## ऑफ बीट

# विकसित भारत 2047 युवाओं की आकांक्षाओं पर आधारित

केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह ने कहा कि 'विकसित भारत 2047' का विजन भारत के युवाओं की आकांक्षाओं में निहित है। उन्होंने विज्ञान, प्रौद्योगिकी और भविष्य के लिए तैयार नवाचार से होने वाले बदलावों के लिए एक व्यापक रूपरेखा प्रस्तुत की। सिंह ने शनिवार को यहां पांचवें पी. परमेश्वरन स्मृति व्याख्यान में इस बात पर जोर दिया कि 2047 तक एक विकसित राष्ट्र बनने की दिशा में भारत की यात्रा सशक्त युवा प्रतिभाओं, एक मजबूत अनुसंधान प्रणाली और साहसिक नीतिगत सुधारों पर आधारित होगी। विज्ञान, प्रौद्योगिकी एवं पृथ्वी विज्ञान राज्य मंत्री ने कहा कि 'विकसित भारत' देश के युवाओं को समर्पित है और केंद्र सरकार ने युवा सशक्तिकरण को शासन के केंद्र में रखा है। सिंह ने प्रमुख योजनाओं पर प्रकाश डालते हुए विश्वविद्यालयों व संस्थानों में अनुसंधान संस्कृति को मजबूत करने के लिए राष्ट्रीय अनुसंधान फाउंडेशन की स्थापना, साथ ही अटल नवाचार मिशन और अटल टिंकरिंग लैब का उल्लेख किया, जो स्कूली विद्यार्थियों में वैज्ञानिक जिज्ञासा और नवाचार को बढ़ावा दे रहे हैं। केंद्रीय मंत्री के अनुसार, भारत ने वैश्विक नवाचार सूचकांक में उल्लेखनीय प्रगति की है, जो नवाचार और अनुसंधान के केंद्र के रूप में इसकी बढ़ती प्रतिष्ठा को दर्शाती है।



## अपने विचार

**हरिभूमि कार्यालय**

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से **hbcgpati@gmail.com** पर भेज सकते हैं।

## खामेनेई की हत्या पर लखनऊ में शिया मुसलमानों ने किया विरोध प्रदर्शन

# फूट-फूटकर रोए लोग, कैंडल मार्च निकालेंगे, 3 दिन शोक मनाएंगे

## इमाम ईदगाह ने कहा कि इजराइल और यूएस ने स्वतंत्र देश पर हमला किया, स्कूलों को भी नहीं छोड़ा

एजेंसी ▶▶ लखनऊ

राजधानी लखनऊ में रविवार को सुबह शिया समुदाय के लोग सड़कों पर उतर आए। रोते बिलखते हुए नारेबाजी शुरू कर दी। यहां तक कि महिलाएं भी सड़कों पर रोते दिखीं। छोटे इमामबाड़े के पास बड़ी संख्या में शिया समुदाय के लोग एकत्र हो गए। इस्लामिक सेंटर आफ इंडिया के अध्यक्ष एवं इमाम ईदगाह मौलाना खालिद रशीद ने कहा कि इस्राइल और यूएस ने मिलकर एक स्वतंत्र देश ईरान पर हमला किया, उन्होंने स्कूलों को भी नहीं छोड़ा। इसकी हम निंदा करते हैं। वहीं शिया चांद कमेटी के अध्यक्ष मौलाना सैफ़ अब्बास नक़वी ने कहा कि खामेनेई दुनिया के सभी मुसलमानों का ख्याल रखने वाले नेता


खामेनेई की हत्या के विरोध में प्रदर्शन करते लोग

### प्रतिष्ठान बंद रख श्रद्धांजलि अर्पित की

आयतुल्ला ख़ामेनई की शहादत पर घोषित 3 दिवसीय शोक के तहत शिया समुदाय के लोग अपने प्रतिष्ठान बंद रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की । इस संबंध में मौलाना कल्बे जवाद ने तमाम उम्मते मुस्लिमा और इंसानियत परस्त लोगों से शोक में शामिल होने की अपील की थी। उन्होंने बताया कि रविवार रात 8 बजे छोटे इमामबाड़े में शोकसभा आयोजित की गई, जिसके बाद कैंडल मार्च निकाला गया।

### उत्तर प्रदेश में हाई अलर्ट जारी

लखनऊ में भी शिया समुदाय के लोग सड़कों पर उतर आए। उत्तर प्रदेश में हाई



अलर्ट जारी किया गया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार सुबह बैठक में सभी जिलों को विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश दिए। इसके तहत लखनऊ समेत प्रदेश के विभिन्न जिलों में पुलिस और सुरक्षा एर्जेसियों की निगरानी बढ़ा दी गई है।

## ओखला विहार में अमेरिका और इजराइल पर फूटा गुस्सा

## लोगों ने की नारेबाजी, भारी पुलिस बल तैनात रहा

**नई दिल्ली।** ईरान पर इजराइली और अमेरिका ने मिलकर हमला किया। जिसमें ईरान के सुप्रीम



लीडर अयातुल्ला अली खामेनेई की मौत हो गई। खामेनेई की मौत के बाद भारत के कई राज्यों में विरोध प्रदर्शन तेज हो गए हैं। दिल्ली के जामियानगर इलाके के ओखला विहार में शिया समुदाय के करीब 100 से 150 लोग इकट्ठा हुए। इन लोगों ने अमेरिका ओर इजराइली के खिलाफ नारेबाजी की।

### 'इजराइल मुर्दाबाद अमेरिका मुर्दाबाद'

प्रदर्शन के दौरान लोगों ने इजराइल और अमेरिका के खिलाफ जमकर नारे लगाए। इजराइल मुर्दाबाद और अमेरिका मुर्दाबाद के नारे गूंजते रहे। कई लोग हाथों में तख्तियां और बैनर लिए हुए थे, जिन पर विरोध के संदेश लिखे थे। प्रदर्शनकारियों का कहना था कि वे ईरान के साथ हैं।

## खबर संक्षेप

### अविमुक्तेश्वरानंद के बचाव में उतरे सदानंद

**मथुरा।** द्वारिका शारदापीठाधीश्वर शंकराचार्य स्वामी सदानंद सरस्वती ने स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद



सरस्वती पर लगे आरोपों को पूरी तरह खारिज किया है। उन्होंने कहा कि यह एक सुनियोजित राजनीतिक साजिश है। सनातन धर्म के आचार्यों को बदनाम करने की कोशिश की जा रही है। वे गोहत्या जैसे मुद्दों को उठाते हैं।

### सीतापुर में 13 शिक्षकों को किया बर्खास्त

**सीतापुर।** यहां 13 शिक्षकों को बर्खास्त कर दिया गया है। सभी फर्जी प्रपत्र लगाकर नौकरी कर रहे



थे। वर्ष 2024 में तैनाती मिली थी। सत्यापन के बाद शिक्षकों को निलंबित कर दिया गया था। ये टीईटी का फर्जी प्रमाण पत्र लगाकर नौकरी कर रहे थे। बीएसए ने खंड शिक्षा अधिकारियों को एफआईआर दर्ज कराने के निर्देश दिए हैं।

### हिंदू बन 200 लोगों से की डेढ़ करोड़ की ठगी

**गोंडा।** रूस भेजकर नौकरी दिलाने के नाम पर दस जिलों के 200 लोगों से करीब डेढ़ करोड़ की ठगी



करने के मुख्य आरोपित शमशाद उर्फ विवेक को कोलकाता पुलिस ने गिरफ्तार किया है। वह बिहार जिले के चंपारण का रहने वाला है। शमशाद ने हिंदू बन लोगों को ठगी के जाल में फंसाया है। पुलिस छापेमारी कर रही है।

### 6 लोग जहरीली गैस का शिकार, 3 की मौत

**हाजीपुर।** सराय थाना क्षेत्र अंतर्गत अनवरपुर गांव में शौचालय के टंकी के गैस से आधा दर्जन से



अधिक लोग मूर्छित हो गए। डॉक्टर ने 3 लोगों को मृत घोषित कर दिया।मौके पर अफरातफरी मच गई। सराय थाना की पुलिस ने लोगों की मदद से सभी को आनन-फानन सदर अस्पताल पहुंचाया गया।

## पीएम मोदी ने 2 राज्यों को दी करोड़ों की सौगात, परियोजनाओं का किया उद्घाटन-शिलान्यास

# कनेक्टिविटी में आएगी क्रांति, अर्थव्यवस्था को बढ़ावा मिलेगा, रोजगार बढ़ेंगे और लोगों का जीवन बदलेगा


मदुरै में पूजन करते पीएम मोदी

तमिलनाडु में दो प्रमुख राजमार्ग परियोजनाओं की आधारशिला रखी

पीएम मोदी ने कहा- एक दशक में रेल और सड़क मार्गों में हुआ ऐतिहासिक परिवर्तन

एजेंसी ▶▶ मदुरै

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को तमिलनाडु के मदुरै में एक सभा को संबोधित किया। पीएम नरेंद्र मोदी ने तमिलनाडु में चल रहे विकास कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि पिछले दशक में भारतीय रेलवे ने एक ऐतिहासिक परिवर्तन देखा है, जिसका प्रभाव विशेष रूप से तमिलनाडु में स्पष्ट है। उन्होंने कहा कि पिछले एक दशक में रेलवे बजट आवंटन में 9 गुना वृद्धि हुई है। 1300 किलोमीटर से अधिक नई रेलवे लाइनें बिछाई गई हैं, 97 फीसदी विद्युतीकरण हासिल किया गया है और सैकड़ों फ्लाईओवर व अंडरपास का निर्माण किया गया है, जिससे सुरक्षा और दक्षता में सुधार हुआ है। पीएम मोदी ने यह भी बताया कि पिछले 12 वर्षों में भारत सरकार ने तमिलनाडु के राजमार्ग नेटवर्क में भारी निवेश किया है। 2014 से यहां 4,000 किलोमीटर से अधिक राजमार्गों का निर्माण किया गया है। दो प्रमुख राजमार्ग परियोजनाओं की आधारशिला रखते हुए उन्होंने कहा कि यह तीर्थयात्रियों के लिए यात्रा को सुगम बनाएगा और कृषि उपज तथा समुद्री उत्पादों के सुचारू आवागमन को सुनिश्चित करेगा।

### 1300 किमी रेल लाइनों, 97 फीसदी विद्युतीकरण और 4,000 किमी से अधिक राजमार्गों के निर्माण से लोगों की यात्रा सुगम व सुचारू होगी



### 4,400 करोड़ रुपए से अधिक की परियोजनाओं का लोकार्पण

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि कुल मिलाकर, 4400 करोड़ रुपए से अधिक की परियोजनाओं का शिलान्यास, उद्घाटन और राष्ट्र को समर्पित किया गया है। इन परियोजनाओं से कनेक्टिविटी में क्रांति आएगी, अर्थव्यवस्था को बढ़ावा मिलेगा, रोजगार सृजित होंगे और लाखों लोगों के जीवन में परिवर्तन आएगा। इससे किसानों को बाजार तक पहुंचने के लिए बेहतर सड़कें मिलेंगी, तीर्थयात्रियों और पर्यटकों की यात्रा आसान होगी, और व्यवसायों के लिए परिवहन तेज होगा।

### पीएम मोदी ने इन परियोजनाओं का किया शिलान्यास

- एनएच मार्गों के मराक्कनम-पुडुचेरी, परमकुडी-रामनाथपुरम खंडों को 4-लेन बनाने की आधारशिला रखी।
- 3 नए आकाशवाणी एफएम रिले ट्रांसमीटरों का उद्घाटन किया। 8 पुनर्विकसित रेलवे स्टेशनों का भी उद्घाटन किया।

### 2,700 करोड़ की विकास परियोजनाओं का शुभारंभ, 'बीईएसटी पुडुचेरी'

#### पुडुचेरी को दी बड़ी सौगात



प्रधानमंत्री ने रविवार को पुडुचेरी में 2,700 करोड़ की कई विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। इनमें इंफ्रास्ट्रक्चर को मजबूत करने, नागरिक सुविधाओं के विस्तार, औद्योगिक प्रगति, शिक्षा, विश्वस्तरीय स्वास्थ्य सेवा और सस्टेनेबल ग्रोथ को गति देने वाले प्रेजेक्ट थे।

#### एनडीए सरकार पुडुचेरी के विकास को और गति देगी

पीएम मोदी ने कहा कि पुडुचेरी ने प्रति व्यक्ति आय में शानदार बढ़ोतरी दिखाई है। इसने देश में सबसे ज्यादा सामाजिक प्रगति सूचकांक स्कोर भी हासिल किया है।एनडीए सरकार पुडुचेरी के विकास को और गति देगी।

#### नए भवनों और छात्रावासों का लोकार्पण किया

पीएम मोदी ने नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, एपीजे अब्दुल कलाम इंजीनियरिंग ब्लॉक और गंगा हॉस्टल, क्षेत्रीय कैंसर केंद्र का लोकार्पण किया।

#### करासूर-सेदरापेट औद्योगिक क्षेत्र को राष्ट्र को समर्पित किया

उन्होंने 750 एकड़ में फैले करासूर-सेदरापेट औद्योगिक क्षेत्र को राष्ट्र को समर्पित किया। स्वच्छ और सुरक्षित पेयजल सुनिश्चित करने व जल आपूर्ति प्रणालियों में सुधार के उद्देश्य से अलग-अलग जल आपूर्ति परियोजनाओं की आधारशिला रखी गई।

## मोबाइल वर्ल्ड कांग्रेस आज से

## भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे सिंधिया, भारत पैवेलियन शुरू करेंगे




**नई दिल्ली।** स्पेन के बार्सिलोना में 2 से 5 मार्च तक होने वाले मोबाइल वर्ल्ड कांग्रेस की तैयारियां पूरी हो चुकी हैं और केंद्रीय संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया मोबाइल वर्ल्ड कांग्रेस (एमडब्ल्यूसी) 2026 में भारत की भागीदारी का नेतृत्व करेंगे। एमडब्ल्यूसी दुनिया के सबसे बड़े और सर्वाधिक प्रभावशाली टेक्नोलॉजी और मोबाइल सम्मेलनों में से एक है। संचार मंत्री अपनी यात्रा के दौरान एमडब्ल्यूसी 2026 में भारत पैवेलियन का उद्घाटन भी करेंगे। यह पैवेलियन भारत की बढ़ती दूरसंचार निर्माण क्षमताओं और नवोन्मेष पारिस्थितिकी तंत्र को प्रदर्शित करने के लिए वैश्विक मंच मुहैया कराएगा। भारत की मेजबानी में आयोजित सीईओ डिनर में वैश्विक मुख्य कार्यकारी अधिकारियों के साथ विचार विमर्श करेंगे जिनमें सहभागी नवोन्मेष और भरोसेमंद साझीदारियों के लिए भारत की प्रतिबद्धता को रेखांकित किया जाएगा। वह प्रमुख वैश्विक और भारतीय कंपनियों के बूथों और प्रौद्योगिकी प्रदर्शनों में भी जाएंगे।

### सत्र का मंत्र 'भविष्य के लिए निर्माण'

सिंधिया मुख्य मंच के सत्र 'भविष्य के लिए निर्माण' के दौरान जीएसएमए मंत्रिस्तरीय कार्यक्रम को संबोधित करेंगे। इसमें वैश्विक नेता डिजिटल अवसंरचना और उभरते प्रौद्योगिकी फ्रेमवर्क पर चर्चा करेंगे। सिंधिया जीएसएमए मंत्रिस्तरीय मंच पर 'ब्रेकिंग द कॉस्ट बैरियर' विषय पर सत्र में मुख्य समापन भाषण देंगे। यह सेशन दुनिया के लिए किफायती, समावेशी और मापनीय डिजिटल कनेक्टिविटी मॉडलों पर केंद्रित होगा। वह इंडिया मोबाइल कांग्रेस 2026 की पूर्व-प्रस्तुति का भी अनावरण करेंगे। आईएमसी की विशेषताओं पर प्रकाश डालेंगे।

## मोदी सरकार की विदेश नीति बेनकाब, देश चुका रहा भारी कीमत

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और महासचिव (संचार) जयराम ने रमेश ने प्रधानमंत्री नरेंद्र सिंह मोदी की विदेश नीति पर तीखा हमला बोलते हुए कहा है कि 'स्वयंभू विश्वगुरु' के नेतृत्व में भारत की विदेश नीति पूरी तरह बेनकाब हो चुकी है और देश को इसकी भारी कीमत चुकानी पड़ रही है।

सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर जारी बयान में रमेश ने कई बिंदुओं पर केंद्र सरकार को घेरा और अमेरिका, पाकिस्तान, चीन तथा पश्चिम एशिया से जुड़े घटनाक्रमों का हवाला दिया।

**अमेरिका–पाकिस्तान संबंधों पर सवाल :** कांग्रेस नेता ने आरोप लगाया कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड को ट्रंप लगातार पाकिस्तान के साथ नज़दीकियां बनाए हुए हैं और ऐसे व्यक्तियों की सराहना कर रहे हैं, जिनके 'भड़काऊ बयानों' ने 22 अप्रैल 2025 को पहलगाम में हुए आतंकी हमलों की पृष्ठभूमि तैयार की।

### कांग्रेस का आरोपः 'ऑपरेशन सिंदूर' और टैरिफ विवाद

रमेश ने दावा किया कि अमेरिकी राष्ट्रपति सौ से अधिक बार यह कह चुके हैं कि उन्होंने 10 मई 2025 को भारत के निर्यात पर टैरिफ बढ़ाने की धमकी देकर 'ऑपरेशन सिंदूर' को रुकवाने में भूमिका निभाई।

कांग्रेस का कहना है कि इन दावों पर प्रधानमंत्री मोदी मौन हैं। रमेश के अनुसार, 10 मई 2025 को शाम 5:37 बजे अमेरिकी विदेश मंत्री ने इस ऑपरेशन को रोकने की घोषणा की थी।

**भारत-अमेरिका व्यापार समझौते पर निशाना** कांग्रेस नेता ने 2 फरवरी को घोषित भारत–अमेरिका व्यापार समझौते को "हताश पहल" करार दिया। उन्होंने कहा कि अठारह दिन बाद अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट ने राष्ट्रपति ट्रंप की टैरिफ रणनीति को अवैध और असंवैधानिक ठहरा दिया, जो इस समझौते की बुनियाद थी। रमेश के अनुसार, यह समझौता एकतरफा माना जा रहा है, जिसमें भारत ने कृषि उत्पादों के आयात को उदार बनाने के वादे किए हैं, जबकि अमेरिका की ओर से समान प्रतिबद्धता स्पष्ट नहीं है। रूस से तेल खरीद बंद करने के मुद्दे पर भी सरकार ने स्पष्ट रुख नहीं अपनाया है।

**इज़राइल दौरा और ईरान पर हमला :** कांग्रेस ने 25–26 फरबरी को प्रधानमंत्री के इज़राइल दौरे का भी उल्लेख किया। बयान में कहा गया कि प्रधानमंत्री के इज़राइल से लौटने के दो दिन बाद अमेरिका–इज़राइल द्वारा ईरान पर सैन्य कार्रवाई शुरू हो गई। कांग्रेस ने इसे भारत के मूल्यों और सिद्धांतों के विपरीत बताते हुए कहा कि सरकार की प्रतिक्रिया "नैतिक कायरता" का प्रदर्शन है।

**चीन मुद्दे पर भी उठाए सवाल :** रमेश ने 19 जून 2020 के प्रधानमंत्री के उस बयान का जिक्र किया, जिसमें चीन को लेकर टिप्पणी की गई थी। कांग्रेस का आरोप है कि इस बयान ने भारत की वार्ता स्थिति को कमजोर किया और अब संबंधों को चीन की शर्तों पर सामान्य बनाने का दबाव है।

## शादी के बाद तिरुपति पहुंचे रश्मिका-विजय



### भगवान वेंकटेश्वर का आशीर्वाद लिया

तिरुपति। 26 फरवरी को रश्मिका मांदाना और विजय देवकोंडा ने उदयपुर में शादी कर ली है। पति-पत्नी बन चुके रश्मिका-विजय ने रविवार को आंध्र प्रदेश के चित्तूर जिले में तिरुमाला पहाड़ियों पर स्थित तिरुपति बालाजी (वेंकटेश्वर स्वामी) मंदिर के दर्शन कर नए शादीशुदा जीवन के लिए आशीर्वाद लिया है।उनका यह वीडियो फैंस के बीच काफी पसंद किया जा रहा है।

## पेंट करने वाला प्लांट आग की चपेट में आया

## अलवर की फैक्ट्री में जिंदा जलने से बचे 30 मजदूर, निकले बाहर

एजेंसी ▶▶ अलवर

अलवर में ट्रक-बस बनाने वाली कंपनी अशोक लीलैंड के प्लांट में आग लग गई। फैक्ट्री के जिस हिस्से में आग लगी वहां 30 से ज्यादा वर्कर काम कर रहे थे। प्लांट के इस एरिया में ट्रक-बसों पर पेंट किया जाता है। आग भड़कने के कुछ मिनटों में ही लोगों को बाहर निकाल दिया गया था।

हादसा शनिवार रात करीब 10.30 बजे मत्स्य इंडिस्ट्रियल एरिया में हुआ। करीब एक से डेढ़ घंटे बाद फायर ब्रिगेड ने आग पर काबू पा लिया। फकर्मचारियों ने बताया कि प्लांट के गेट नंबर दो पर कुछ हिस्से में अचानक आग लगी थी। कुछ मिनटों बाद आग की लपटें 300 मीटर दूर तक से भी दिखाई दे रही थीं। आग के कारणों को लेकर अभी कुछ जानकारी सामने नहीं आई है।



### 30 लाख से ज्यादा का नुकसान

अलवर के फायर ऑफिसर अमित मीणा ने बताया- प्लांट के जिस हिस्से में आग लगी, उसके पास ही बसों और ट्रकों की कई चेचिस रखी हुई थी। हालांकि आग इस हिस्से तक नहीं आई। वहीं, अनुमान है कि आग से करीब 30 लाख रुपए का नुकसान हो गया।

## बंगाल की सड़कों पर भाजपा ने शुरू किया 5,000 किमी लंबा शक्ति प्रदर्शन

# सभी 294 विधानसभा क्षेत्रों में जाएगी, 280 जनसभाएं होंगी

### यात्रा में एक करोड़ से अधिक लोगों की भागीदारी सुनिश्चित करने का लक्ष्य रखा

एजेंसी ▶▶ कोलकाता

पश्चिम बंगाल में आगामी विधानसभा चुनावों की तैयारी के बीच भाजपा ने रविवार से राज्यव्यापी 'परिवर्तन यात्रा' की शुरुआत कर दी है। पार्टी इस अभियान के जरिए तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) सरकार के खिलाफ जनमत को संगठित करने, जमीनी स्तर पर संगठन को सक्रिय करने और चुनाव से पहले व्यापक जनसंपर्क स्थापित करने की रणनीति पर काम कर रही है। परिवर्तन यात्रा करीब 5,000 किलोमीटर की दूरी तय करेगी और राज्य के सभी 294 विधानसभा क्षेत्रों को कवर करेगी। इस दौरान 63 बड़ी सार्वजनिक सभाएं और 280 जनसभाएं आयोजित की जाएंगी।

राज्यव्यापी 'परिवर्तन यात्रा'

#### 9 स्थानों से एक साथ शुरुआत की, 63 सभाएं भी होंगी


रैली को हरी झंडी दिखाते जेपी नड्डा

पार्टी का दावा है कि इस यात्रा में एक करोड़ से अधिक लोगों की भागीदारी सुनिश्चित करने का लक्ष्य रखा गया है। इस पहल को एक बड़े पैमाने पर लोगों से जुड़ने, अभियान और संगठनात्मक क्षमता की परीक्षा दोनों के रूप में तैयार किया गया है, ताकि बूथ स्तर की तैयारी को बड़े जनसमर्थन में बदला जा सके। परिवर्तन यात्रा राज्य के 9 अलग-अलग स्थानों कूचबिहार, कृष्णानगर, कुल्टी, गरबेटा, रैदिघी, इस्लामपुर, हसनाबाद, संदेशखाली और आमता से शुरू हुई है। कृष्णानगर के दिगनगर पंचायत मैदान, सर्वमंगला मंदिर में सभा की।

भाजपा अध्यक्ष नबीन का आरोप

### ममता दीदी ने फर्जी दस्तावेज हासिल करने में की घुसपैठियों की मदद

बंगाल में विधानसभा चुनाव से पहले भाजपा ने अपनी तैयारियां शुरू कर दी हैं। भाजपा ने रासमेला मठ,कूचबिहार से परिवर्तन यात्रा शुरू की है। भाजपा अध्यक्ष नितिन नबीन ने आज इस यात्रा को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस दौरान नबीन ने टीएमसी और सूबे की मुखिया ममता बेनर्जी पर निशाना साधा।

# सोने के निवेशकों को बड़ा झटका,1 अप्रैल 2026 से देना होगा भारी टैक्स

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारत में सोने में निवेश करने वालों के लिए एक अहम और सनसनीखेज नीतिगत तब्दीली होने जा रही है। सरकार ने बजट 2025-26 में सॉवरेन गोल्ड बांड स्कीम (एसजीबी) के टैक्स नियमों में बड़ा संशोधन कर दिया है, जिसका सीधा असर उन निवेशकों पर पड़ेगा जो स्टॉक एक्सचेंज के ज़रिए गोल्ड बॉन्ड खरीदते हैं। एसजीबी को 8 साल की मैच्योरिटी तक होल्ड करने पर कैपिटल गेन पूरी तरह टैक्स-फ्री रहता था चाहे बॉन्ड सीधे सरकार से खरीदा गया हो या सेकेंडरी मार्केट से। लेकिन 1 अप्रैल 2026 से यह राहत सिर्फ़ "मूल निवेशकों" तक सीमित रहेगी। सीधे आरबीआई के माध्यम से बॉन्ड सब्सक्राइब किए हैं, केवल वही मैच्योरिटी पर टैक्स-फ्री लाभ के हकदार होंगे।

- स्टॉक एक्सचेंज के जरिए गोल्ड खरीदने वालों पर पड़ेगा असर

## सॉवरेन गोल्ड बांड स्कीम के टैक्स नियमों में हुआ बड़ा संशोधन

### निवेशकों की दो कैटेगरी बनाई

*इस नए नियम ने निवेशकों को दो कैटेगरी में तकसीम कर दिया है- प्राइमरी निवेशको को 2.5 फीसदी सालाना ब्याज के साथ मैच्योरिटी पर पूरा टैक्स-फ्री रिटर्न मिलेगा। सेकेंडरी मार्केट खरीदार को 2.5 फीसदी ब्याज तो हासिल होगा, लेकिन पूंजीगत मुनाफे पर टैक्स अदा करना पड़ेगा।*



### एक्सचेंज से खरीदने पर टैक्स फ्री नहीं

एक्सपर्ट्स का कहना है कि अगर कोई निवेशक 1 अप्रैल 2026 के बाद नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) या बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) से एसजीबी खरीदता है या उसे गिफ्ट के तौर पर प्राप्त करता है, तो मैच्योरिटी पर होने वाला मुनाफा अब टैक्स-फ्री नहीं माना जाएगा।

### कैपिटल गेन पर टैक्स देना होगा

इस तब्दीली का सीधा असर आपकी कमाई पर पड़ेगा। मिसाल के तौर पर, अगर आपने एक्सचेंज से एक बॉन्ड 7,000 रुपए में खरीदा और मैच्योरिटी पर उसकी कीमत 11,000 रुपए हो गई, तो 4,000 रुपए के मुनाफे पर 12.5% की दर से लॉन्ग टर्म कैपिटल गेन (एलटीसीजी) टैक्स लगेगा। मतलब आपको 500 रुपए सरकार को अदा करने होंगे। पहले यही पूरी रकम आपकी जेब में जाती थी।

### एसजीबी का आकर्षण कम हो सकता है

विशेषज्ञों का मानना है कि इस फैसले से सेकेंडरी मार्केट में एसजीबी की लिक्विडिटी और आकर्षण कम हो सकता है। अब तक निवेशक एक्सचेंज पर रियायती दरों पर बॉन्ड खरीदकर टैक्स-फ्री मुनाफे की रणनीति अपनाते थे, जो अब अप्रभावी साबित होगी। कुल मिलाकर, सोने में निवेश की दुनिया में यह बदलाव एक अहम मोड़ साबित हो सकता है जहां हर निवेशक को अपनी स्ट्रैटेजी दोबारा सोचनी पड़ेगी।

## खबर संक्षेप

### रॉयल एनफील्ड की बिक्री 11 फीसदी बढ़ी



**नई दिल्ली।** मोटरसाइकिल विनिर्माता रॉयल एनफील्ड की कुल बिक्री फरवरी में सालाना आधार पर 11 प्रतिशत बढ़कर 1,00,905 इकाई रही। फरवरी, 2025 में 90,670 वाहनों की बिक्री की थी। पिछले महीने कंपनी की घरेलू बिक्री 13 प्रतिशत बढ़कर 91,248 इकाई रही, जो एक साल पहले की समान अवधि में 80,799 इकाई थी।

### टोयोटा की बिक्री में 20 प्रतिशत का इजाफा

**नई दिल्ली।** वाहन विनिर्माता कंपनी टोयोटा किर्लोस्कर मोटर की कुल बिक्री फरवरी, 2026 में 20 प्रतिशत बढ़कर 34,034 इकाई रही। कंपनी ने पिछले साल इसी महीने में 28,414 वाहन बेचे थे। टोयोटा किर्लोस्कर मोटर ने बयान में कहा कि पिछले महीने उसकी घरेलू बिक्री 16 प्रतिशत बढ़कर 30,737 इकाई रही, जो फरवरी, 2025 में 26,414 इकाई थी।

### हुंडई की फरवरी में कुल बिक्री 12.6 प्रतिशत बढ़ी



**नई दिल्ली।** हुंडई मोटर इंडिया की कुल वाहन बिक्री फरवरी, 2026 में सालाना आधार पर 12.6 प्रतिशत बढ़कर 66,134 इकाई रही है। हुंडई मोटर इंडिया लिमिटेड (एचएमआईएल) ने शेयर बाजारों को यह जानकारी दी। फरवरी में कंपनी की घरेलू बिक्री 9.8 प्रतिशत बढ़कर 52,407 इकाई रही, जबकि निर्यात 24.8 प्रतिशत बढ़कर 13,727 इकाई पर पहुंच गया।

### टाटा मोटर्स पैसेंजर की कुल बिक्री 35% उछली

**नई दिल्ली।** टाटा मोटर्स पैसेंजर व्हीकल्स की कुल बिक्री फरवरी में सालाना आधार पर 35 प्रतिशत बढ़कर 63,331 इकाई हो गई। पिछले साल इसी महीने में यह 46,811 इकाई थी। टाटा मोटर्स पैसेंजर व्हीकल्स लिमिटेड ने शेयर बाजार को बताया कि पिछले महीने घरेलू बाजार में यात्री वाहनों की बिक्री 62,329 इकाई रही।

### रेनॉ की बिक्री 31 फीसदी बढ़कर 3495 इकाई

**नई दिल्ली।** वाहन विनिर्माता कंपनी रेनो की थोक बिक्री फरवरी, 2026 में 31 प्रतिशत बढ़कर 3,495 इकाई रही। कंपनी ने पिछले साल इसी महीने में 2,676 वाहन बेचे थे। रेनो इंडिया ने रविवार को बयान में कहा कि वर्ष 2026 के पहले दो महीनों में कंपनी ने अपनी सकारात्मक वृद्धि दर को बरकरार रखा है और पिछले वर्ष की समान अवधि की तुलना में 32 प्रतिशत की संचयी वृद्धि दर्ज की है।

### दीपक गुप्ता ने गेल के चेयरमैन का पद संभाला

**नई दिल्ली।** ऊर्जा क्षेत्र के अनुभवी कार्यकारी दीपक गुप्ता ने देश की सबसे बड़ी गैस पारेषण और विपणन कंपनी गेल (इंडिया) लिमिटेड के सीएमडी का पद संभाल लिया है। कंपनी ने बयान में कहा कि दिल्ली कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग से मैकेनिकल इंजीनियर गुप्ता को प्राकृतिक गैस पारेषण, विपणन और बुनियादी ढांचा विकास का व्यापक अनुभव है। इससे पहले उन्होंने गेल में परिचालन, व्यवसाय वृद्धि और कॉरपोरेट प्रबंधन में प्रमुख नेतृत्व वाली भूमिकाएं निभाई हैं।

## मंत्रालय ने कहा, इस सुधार से कारोबार सुगमता की स्थिति बेहतर होगी

# सीमा शुल्क के बाद में भुगतान की योजना 'ईएमआई' एक अप्रैल से होगी लागू

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर और सीमा शुल्क बोर्ड (सीबीआईसी) ने कहा है कि पात्र विनिर्माता आयातक (ईएमआई) योजना एक अप्रैल से लागू होगी, और ऐसे आयातक बिना सीमा शुल्क दिए अपने आयातित सामान निकाल सकेंगे।

वित्त मंत्रालय ने बयान में कहा कि बाद में सीमा शुल्क भुगतान की सुविधा उन पात्र विनिर्माता आयातकों (ईएमआई) के लिए उपलब्ध होगी जो सीमा शुल्क, माल एवं सेवा कर (जीएसटी) अनुपालन, कारोबार, वित्तीय स्थिति अपने पिछले रिकॉर्ड से जुड़े तय मापदंड को पूरा करते हैं।

### योजना में एमएसएमई भी शामिल

मंत्रालय ने कहा, ''इस सुधार से कारोबार सुगमता की स्थिति बेहतर होगी, अनुपालन संस्कृति मजबूत होगी, एईओ (अधिकृत आर्थिक परिचालक) कार्यक्रम में बड़े पैमाने पर भागीदारी को बढ़ावा देने और घरेलू विनिर्माण को प्रोत्साहन देने में मदद मिलेगी।'' मौजूदा एईओ-टी1 (अधिकृत आर्थिक परिचालक-टी1) इकाई, जिनमें सूक्ष्म, लघु एवं मझोले उद्यम (एमएसएमई) भी शामिल हैं, जो पात्रता की शर्तें पूरी करते हैं, वे भी इस योजना के पात्र होंगे।

### खास बातें

- आयातक बिना सीमा शुल्क दिए अपने आयातित सामान निकाल सकेंगे
- मापदंड पूर्ण करने वाले आयातकों को यह सुविधा मिल पाएगी
- पिछले रिकॉर्ड से जुड़े तय मापदंड को भी पूरा करना होगा

### योजना 31 मार्च 2028 तक लागू रहेगी

इसमें आगे कहा गया, ''यह सुविधा एक अप्रैल, 2026 से उपलब्ध होगी, और 31 मार्च, 2028 तक लागू रहेगी।'' इस पहल के तहत, ईएमआई से आयातित सामान लिया जा सकेगा, लेकिन उस समय सीमा शुल्क नहीं देना होगा। इसके बजाय, लागू शुल्क का भुगतान 'आयात शुल्क का बाद में भुगतान नियम-2016' के तहत बाद में किया जा सकेगा। इससे विनिर्माता बेहतर तरीके से अपने नकदी प्रवाह और कार्यशील पूंजी का प्रबंधन कर सकेंगे।

*आयातक एईओ-टी2 व टी3 दर्जा हासिल करे : योजना की अवधि के दौरान, पात्र विनिर्माता आयातकों से उम्मीद की जाती है कि वे धीरे-धीरे एईओ-टी2 या एईओ-टी3 का दर्जा हासिल कर लेंगे, जिससे एईओ कार्यक्रम के तहत उन्हें बेहतर सुविधा, तेज मंजूरी और प्राथमिकता वाला दर्जा मिल सके।*

*आवेदन एईओ पोर्टल पर एक मार्च से : ईएमआई योजना के तहत आवेदन एईओ पोर्टल पर एक मार्च, 2026 से किए जा सकते हैं। आम बजट 2026-27 में भरोसेमंद विनिर्माताओं के लिए बाद में सीमा शुल्क के भुगतान की नई सुविधा की घोषणा की गई थी।*

### राज्यों के बॉन्ड निर्गम में 'रीइश्यू' की हिस्सेदारी बढ़ी

*कुल राज्य विकास ऋण (एसडीएल) उधारी में 'रीइश्यू' (पुनर्निर्गम) की हिस्सेदारी वित्त वर्ष 2025-26 में बढ़कर 18.5 प्रतिशत हो गई है। यह पिछले सात साल का उच्चतम स्तर है। इससे पता चलता है कि राज्यों में अपनी बढ़ी हुई वित्तीय जरूरतों को पूरा करने के लिए मौजूदा प्रतिभूतियों को फिर से खोलने का रुझान बढ़ रहा है।*

### रीइश्यू पर निर्भरता लगातार बढ़ी

*भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के आंकड़ों के आधार पर द्वारा संकलित जानकारी के अनुसार, राज्यों ने वित्त वर्ष 2025-26 में कुल 10,32,788.8 करोड़ रुपये के एसडीएल निर्गम में लगभग 1,90,970 करोड़ रुपये पुनर्निर्गम के जरिये जुटाए। यह अनुपात वित्त वर्ष 2019-20 में दर्ज 17.29 प्रतिशत से अधिक है और पिछले कम से कम सात वित्त वर्षों में सबसे ऊंचा स्तर है। पिछले दो साल के दौरान रीइश्यू पर निर्भरता लगातार बढ़ी है।*

### राज्यों ने उधारी बढ़ाई

*वित्त वर्ष 2024-25 में इसकी हिस्सेदारी 12.2 प्रतिशत थी, जहां राज्यों ने कुल 10,73,330.197 करोड़ रुपये की उधारी में 1,30,827.11 करोड़ रुपये फिर से जारी किए थे। आंकड़ों के अनुसार, यह पिछले वर्षों के तुलना में काफी अधिक है। वित्त वर्ष 2023-24 में यह आंकड़ा 5.73 प्रतिशत, 2022-23 में 7.77 प्रतिशत, 2021-22 में 10.4 प्रतिशत और 2020-21 में 9.72 प्रतिशत था।*

# विदेशी निवेशकों ने फरवरी में शेयर बाजार में डाले 22,615 करोड़

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



- यह 17 माह का उच्चस्तर रहा

विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) ने फरवरी में भारतीय शेयर बाजार में 22,615 करोड़ रुपये डाले हैं, जो 17 माह का उच्चस्तर है। इसकी वजह अंतरिम भारत-अमेरिका व्यापार करार, घरेलू बाजार के मूल्यांकन में कमी और कंपनियों के तीसरी तिमाही के बेहतर नतीजे हैं।

डिपॉजिटरी के आंकड़ों के अनुसार, फरवरी में लिवाली से पहले लगातार तीन माह तक एफपीआई बिकवाल रहे थे। एफपीआई ने जनवरी में 35,962 करोड़ रुपये, दिसंबर में 22,611 करोड़ रुपये और नवंबर में 3,765 करोड़ रुपये की निकासी की थी।

कुल मिलाकर, एफपीआई ने 2025 में भारतीय शेयर बाजार से शुद्ध रूप से 1.66 लाख करोड़ रुपये (18.9 अरब डॉलर) निकाले थे, जिससे यह एफपीआई के प्रवाह की दृष्टि से सबसे खराब वर्षों में से एक रहा। आंकड़ों के मुताबिक, एफपीआई ने फरवरी में 22,615 करोड़ रुपये का निवेश किया है। यह सितंबर, 2024 के बाद का सबसे ज़्यादा मासिक प्रवाह है। उस समय एफपीआई ने शेयरों में 57,724 करोड़ रुपये डाले थे।

वेंचुरा के शोध प्रमुख विनीत बोलिंजकर ने कहा कि यह प्रवाह द्वितीयक बाजार में खरीदारी से बढ़ा, जो 2025 की निकासी के बाद नए विदेशी भरोसे का संकेत है। एंजल वन लिमिटेड के वरिष्ठ बुनियादी विश्लेषक जावेद खान ने कहा कि तीन खास वजहों से एफपीआई प्रवाह को समर्थन मिला। इनमें भारत-अमेरिका व्यापार करार और भारतीय बाजार के मूल्यांकन में कमी शामिल है।

### एफपीआई ने आईटी शेयरों में की भारी बिकवाली

कृत्रिम मेधा से होने वाली दिक्कतों की चिंताओं के बीच इस खंड से 10,956 करोड़ रुपये की निकासी हुई। जियोजीत इन्वेस्टमेंट्स के मुख्य निवेश रणनीतिकार वीके विजयकुमार ने कहा, एंथ्रोपिक के झटके और क्षेत्र में लगातार कमजोरी के कारण एफपीआई ने आईटी शेयरों में भारी बिकवाली की।

# एयर इंडिया बोइंग 787 विमानों के एफसीएम में कर रही है बदलाव

- जल नियंत्रण मॉड्यूल में परिवर्तन कर रही

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



एयर इंडिया अपने अधिकांश ड्रीमलाइनर विमानों के 'फॉसेट कंट्रोल मॉड्यूल' (जल नियंत्रण मॉड्यूल) में बदलाव कर रही है। यह कदम अमेरिका के संघीय विमानन प्रशासन (एफएए) के उस संशोधित निर्देश के बाद उठाया गया, जिसमें पानी के रिसाव की आशंका वाले मॉड्यूल को बदलने के लिए कहा गया था। इस रिसाव से विमान के इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों पर बुरा असर पड़ सकता था। एफएए ने दो फरवरी को एक उड़ान सुरक्षा निर्देश (एडी) जारी किया था, जो कुछ बोइंग 787-8, 787-9 और 787-10 विमानों पर लागू होता है। इन विमानों को ड्रीमलाइनर के नाम से भी जाना जाता है। टाटा समूह के स्वामित्व वाली एयर इंडिया के बेड़े में 33 बोइंग 787 विमान हैं, जिनमें 26 पुराने 787-8 विमान शामिल हैं।

*विमानों की सटीक संख्या पता नहीं : हालांकि, उन विमानों की सटीक संख्या का पता नहीं चल सका है जिनमें यह काम पूरा हो चुका है। इस मामले में एयर इंडिया और बोइंग की ओर से कोई आधिकारिक टिप्पणी नहीं आई है।*

## किया इंडिया की बिक्री में 10.3 फीसदी की वृद्धि




**नई दिल्ली।** वाहन विनिर्माता कंपनी किया इंडिया ने रविवार को बताया कि पिछले महीने उसकी बिक्री 10.3 प्रतिशत बढ़कर 27,610 इकाई रही, जो फरवरी, 2025 में 25,026 इकाई रही थी। कंपनी ने एक बयान में कहा कि भारत में परिचालन शुरू करने के बाद से यह किसी भी वर्ष के फरवरी महीने में उसकी अब तक की सबसे अधिक बिक्री है। लगातार दूसरे महीने दोहरे अंक की मजबूत वृद्धि ब्रांड में ग्राहकों के निरंतर भरोसे को दर्शाती है। किया इंडिया के वरिष्ठ उपाध्यक्ष (बिक्री एवं विपणन) अतुल सूद ने कहा, ''हम केवल बाजार के रुझानों पर प्रतिक्रिया नहीं दे रहे हैं, बल्कि नवाचार, प्रीमियम डिजाइन, उन्नत प्रौद्योगिकी और ग्राहकों को बेहतर मूल्य प्रदान करने पर ध्यान केंद्रित कर उन्हें नया आकार दे रहे हैं।''



## हीरो मोटोकॉर्प ने राइड सेफ इंडिया के साथ सबके लिए सड़क सुरक्षा को बढ़ावा दिया

**हिसार।** हीरो मोटोकॉर्प दुनिया की सबसे बड़ी मोटरसाइकिल और स्कूटर निर्माता कंपनी ने हरियाणा पुलिस और राहगिरी फाउंडेशन के साथ मिलकर गुरुग्राम में शीराइड्सफ़ॉर सेफ्टी वुमंस नाइट रैली का आयोजन किया। इस रैली को डॉ. अर्पित जैन, पुलिस उपायुक्त, डॉ. राजेश मोहन, उपायुक्त (ट्रैफिक पुलिस) और हीरो मोटोकॉर्प के वाइस प्रेसिडेंट, ग्लोबल बिजनेस एंड प्रोडक्ट प्लानिंग, संजय भान ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। स्टेशन हाउस ऑफिसर सुश्री सोनिया तथा महिला पुलिस बल ने भी इस अवसर पर शुभकामनाएं देते हुए इस मुहिम का समर्थन किया। इस रैली में 150 महिला राइडर्स ने भाग लिया और यह सड़कों पर सुरक्षा, आत्मविश्वास तथा समावेशन का एक शक्तिशाली उत्सव था।

# पश्चिम एशिया में गहराते संकट के बीच शेयर बाजारों में गिरावट की आशंका

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



- गिरावट इस बात पर निर्भर, संघर्ष कितने समय तक चलता है
- विदेशी निवेशकों के रुख से भी निवेशकों की धारणा प्रभावित होगी

पश्चिम एशिया में बढ़ते संकट के कारण सोमवार को शेयर बाजारों में नकारात्मक प्रतिक्रिया देखने को मिलेगी।

हालांकि, बाजार में गिरावट इस बार पर निर्भर करेगी कि यह संघर्ष कितने समय तक चलता है। विश्लेषकों ने यह बात कही। अमेरिका और इजराइल ने शनिवार को ईरान पर हमला किया था। ईरानी सरकारी मीडिया ने रविवार सुबह पुष्टि की कि इस हमले में ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई मारे गए हैं। भू-राजनीतिक स्थिति के अलावा, व्यापक आर्थिक आंकड़ों की घोषणा, वैश्विक बाजार के रुझान और विदेशी निवेशकों के रुख से भी निवेशकों की धारणा प्रभावित होगी। होली के अवसर पर मंगलवार को शेयर बाजार बंद रहेंगे। स्वस्तिका इन्वेस्टमार्ट लिमिटेड के शोध प्रमुख संतोष मीणा ने कहा, ''पश्चिम एशिया में बढ़े भू-राजनीतिक तनाव के बाद निवेशकों का उत्साह और भी कम हो गया है। मीणा ने कहा, ''भारत जैसी तेल आयातक अर्थव्यवस्था के लिए कच्चे तेल की ऊंची कीमतें मुद्रास्फीति, राजकोषीय संतुलन और ब्याज दरों में कटौती की उम्मीदों के लिए जोखिम पैदा करती हैं। यह बाहरी झटका बाजार के लिए एक तकनीकी रूप से कमजोर क्षण में आया है।''

*कच्चे तेल की ऊंची कीमतें प्रभावित करेगी बाजार को : मीणा ने कहा कि भू-राजनीतिक अनिश्चितता और कच्चे तेल की ऊंची कीमतों के बीच सोमवार को बाजार गिरावट के साथ खुल सकते हैं।*

### बाजार नकारात्मक प्रतिक्रिया देगा

जियोजीत इन्वेस्टमेंट्स लिमिटेड के मुख्य निवेश रणनीतिकार वी के विजयकुमार ने कहा, ''बाजार बहुत नकारात्मक प्रतिक्रिया देगा। यदि कच्चे तेल की कीमत लंबे समय तक ऊंची रहती है, तो हमारे व्यापार संतुलन और भुगतान संतुलन पर असर पड़ेगा, क्योंकि हम अपनी तेल जरूरतों का लगभग 85 प्रतिशत आयात से पूरा करते हैं।''

## मारुति की फरवरी में कुल बिक्री 7.32 प्रतिशत बढ़ी

**नई दिल्ली।** देश की सबसे बड़ी वाहन कंपनी मारुति सुजुकी इंडिया (एमएसआई) की फरवरी में कुल बिक्री 7.32 प्रतिशत बढ़कर 2,13,995 इकाई हो गई। इससे पिछले साल फरवरी में कंपनी ने 1,99,400 वाहन बेचे थे। पिछले महीने घरेलू बाजार में उसकी कुल यात्री वाहनों की बिक्री थोड़ी बढ़कर 1,61,000 इकाई हो गई, जबकि फरवरी, 2025 में यह 1,60,791 इकाई थी। ऑल्टो और एस-प्रेसो वाले मिनी कार खंड की बिक्री मामूली बढ़कर 10,238 इकाई हो गई, जो एक साल पहले इसी महीने में 10,226 इकाई थी। बलेनो, सेलेरियो, डिजायर, इग्निस, स्विफ्ट और वैगनआर जैसे कॉम्पैक्ट कार खंड की बिक्री पिछले महीने घटकर 66,386 इकाई रह गई, जो फरवरी, 2025 में 72,942 इकाई थी।

# जीएसटी संग्रह फरवरी में 8.1% से बढ़कर 1.83 लाख करोड़ रुपए

- आयात से प्राप्त राजस्व में वृद्धि रिकॉर्ड की गई
- घरेलू बिक्री में सुधार से बढ़ोतरी में मुख्य योगदान रहा

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली




सकल माल एवं सेवा कर (जीएसटी) संग्रह फरवरी में सालाना आधार पर 8.1 प्रतिशत बढ़कर 1.83 लाख करोड़ रुपये से अधिक हो गया। आयात से प्राप्त राजस्व में उच्च वृद्धि और घरेलू बिक्री में सुधार का इस बढ़ोतरी में मुख्य योगदान रहा।

इस दौरान सकल घरेलू राजस्व 5.3 प्रतिशत बढ़कर लगभग 1.36 लाख करोड़ रुपये रहा, जबकि आयात से सकल राजस्व 17.2 प्रतिशत बढ़कर 47,837 करोड़ रुपये पर पहुंच गया। कुल शुद्ध जीएसटी संग्रह 1.61 लाख करोड़ रुपये से अधिक रहा, जो पिछले साल की इसी अवधि की तुलना में 7.9 प्रतिशत अधिक है। कुल रिफंड 10.2 प्रतिशत बढ़कर 22,595 करोड़ रुपये रहा। शुद्ध उपकर राजस्व 5,063 करोड़ रुपये रहा, जो पिछले साल फरवरी में 13,481 करोड़ रुपये था। सितंबर, 2025 से लगभग 375 वस्तुओं पर जीएसटी दरों में कटौती की गई थी। साथ ही पांच, 12, 18 और 28 प्रतिशत के चार कर स्लैब को मिलाकर पांच और 18 प्रतिशत के दो स्लैब बनाए गए थे।

### जीएसटी राजस्व मजबूत बना हुआ

ग्रांट थॉर्नटन भारत के भागीदार मनोज मिश्रा ने कहा कि चालू वर्ष में अब तक कुल संग्रह 8.3 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 20.27 लाख करोड़ रुपये तक पहुंच गया है। ये आंकड़े बताते हैं कि उच्च आधार के बावजूद जीएसटी राजस्व मजबूत बना हुआ है।

## रेगुलेटेड इंस्टीट्यूशन होने के कारण खुद को रेगुलेट नहीं कर सकता

# एनएसई का आईपीओ खुद के प्लेटफॉर्म पर नहीं होगा सूचीबद्ध

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

- आईपीओ दूसरे प्लेटफार्म पर सूचीबद्ध किया जा सकता है

नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) जब पब्लिक होगा, तो वह अपने शेयर अपने प्लेटफॉर्म पर लिस्ट नहीं करेगा। ऐसा इसलिए क्योंकि भारतीय नियम इसकी इजाजत नहीं देते हैं। यह बात एनएसई के मैनेजिंग डायरेक्टर (एमडी) और चीफ एग्जीक्यूटिव ऑफिसर (सीईओ) आशीष चौहान ने कही है।

चौहान ने कहा, 'यह भारत का एक नियम है, और हमें इसका पालन करना होगा।' उन्होंने समझाया कि एक रेगुलेटेड इंस्टीट्यूशन होने के नाते एनएसई खुद को रेगुलेट नहीं कर सकता है। इसलिए उसे किसी दूसरे एक्सचेंज पर लिस्ट होना होगा। भारत के रेगुलेटरी फ्रेमवर्क के तहत, कॉनफ्लिक्ट-ऑफ-इंटरेस्ट कारणों से स्टॉक एक्सचेंजों को अपने प्लेटफॉर्म पर खुद को लिस्ट करने की इजाजत नहीं है।

### इनवेस्टमेंट बैंकों को पिच के लिए किया इनवाइट

*एनएसई ने इनवेस्टमेंट बैंकों को एक रिक्वेस्ट फॉर प्रपोजल जारी किया है। इसमें उन्हें आईपीओ में रोल के लिए पिच करने के लिए इनवाइट किया गया है। ब्लूमबर्ग की एक रिपोर्ट में मामले से जुड़े लोगों के हवाले से कहा गया है कि एक्सचेंज मार्च 2026 के मध्य तक आईपीओ के लिए एडवाइजर चुनने का प्लान बना रहा है। एनएसई ने फरवरी महीने की शुरुआत में नॉन-इंडिपेंडेंट डायरेक्टर और एलआईसी के पूर्व एमडी तबलेश पांडेय की अध्यक्षता में आईपीओ कमेटी बनाई थी। साथ ही लिस्टिंग प्रोसेस की देखरेख के लिए रॉथ्सचाइल्ड एंड कंपनी को एक इंडिपेंडेंट एडवाइजर अपॉइंट किया था।*




### एनएसई में अभी 1,95,000 शेयरहोल्डर

एनएसई में अभी लगभग 195,000 शेयरहोल्डर हैं, जिनके पास कुल मिलाकर एक्सचेंज का 100 प्रतिशत हिस्सा है। चौहान ने आईपीओ को काफी हद तक प्रोसिजरल बताया, जिसका मकसद मौजूदा शेयरहोल्डर्स को लिक्विडिटी उपलब्ध कराना है, न कि विस्तार के लिए फंडिंग जुटाना। एक्सचेंज अपने ग्रोथ प्लान को पूरा करने के लिए काफी प्रॉफिट में है।

### प्रस्ताव में ऑफर फॉर सेल रहेगा

एमडी ने आगे कहा कि एक्सचेंज को अपने आईपीओ का ड्राफ्ट रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस तैयार करने और फाइल करने में कुछ महीने लगेंगे, जिसके बाद सेबी डॉक्यूमेंट को रिव्यू करेगा और आगे की मंजूरी देगा। प्रस्तावित आईपीओ में केवल ऑफर फॉर सेल (ओएसएस) रहेगा, जिसमें मौजूदा निवेशक शेयरों को बिक्री के लिए पेश करेंगे। इसलिए एक्सचेंज को कोई नई कैपिटल हासिल नहीं होगी।

**सूचना**

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्पले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

# दुबई हवाई अड्डे पर सिंधू व कोच सुरक्षित, स्थित तनावपूर्ण व डरावनी

एजेंसी ⏭ दुबई

दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधू ने रविवार को दुबई हवाई अड्डे पर स्थिति को 'तनावपूर्ण और डरावना' बताया क्योंकि जहां खाड़ी क्षेत्र में बढ़ते तनाव के बीच वह और उनके इंडोनेशियाई कोच रुके हुए थे और उसके पास एक धमाका हुआ। ईरान के मिसाइल हमलों के बाद खाड़ी देशों के कुछ हिस्सों में धमाकों की खबरें आई हैं जिसमें संयुक्त अरब अमीरात भी शामिल है। इसके बाद कई विमान कंपनियों को या दो अपनी उड़ानें रद्द करनी पड़ी या मार्ग बदलना पड़ा।

## शनिवार से दुबई में फंसी हुई सिंधू व कोच

सिंधू को तीन मार्च से शुरू होने वाली ऑल इंग्लैंड ओपन बैडमिंटन चैंपियनशिप में हिस्सा लेना है और वह शनिवार से अपने इंडोनेशियाई कोच इरवांस्याह आदि प्रतामा के साथ दुबई में फंसी हुई हैं क्योंकि क्षेत्र में मिसाइल हमलों के बीच वायुक्षेत्र को बंद किया गया है। सिंधू ने बताया, ''जैसे ही हमारा विमान दुबई में उतरा तो हमारे नियंत्रण से बाहर की चीजें होने लगीं। थोड़ी देर बाद वायु क्षेत्र बंद कर दिया गया और पिछले कुछ घंटे बहुत तनाव वाले रहे। हम ऊपर से इंटरसेप्शन की आवाजें सुन सकते थे।''उन्होंने कहा, कुछ घंटों बाद दुबई हवाई अड्डे पर हम जहां छिपे हुए थे उसके बहुत पास एक धमाका हुआ।

## कई विमान कंपनियों ने उड़ाने रद्द की या मार्ग बदला

### घटना की पुष्टि की कहा, बाल-बाल बचे

सिंधू के इंडोनेशियाई कोच इरवांस्याह आदि प्रतामा ने भी घटना की पुष्टि करते हुए कहा कि वह बाल-बाल बचे। इरवांस्याह ने कहा, ''हवाई अड्डे पर धमाका हुआ था इसलिए हम इस समय यहीं फंसे हुए हैं। उन्होंने हमें होटल में रखा है। हम ठीक हैं लेकिन फिर भी थोड़ी चिंता है। हम ऑल इंग्लैंड के लिए जाना चाहते हैं। मुझे उम्मीद है कि हम आज उड़ान ले पाएंगे क्योंकि सिंधू का मैच बुधवार को है।'





### एयर इंडिया ने अपनी सभी सेवा रद्द की

एयर इंडिया ने खाड़ी देशों के बड़े स्थलों के लिए अपनी सभी सेवा रद्द करने का ऐलान किया है जबकि दुबई अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे ने वायु क्षेत्र पाबंदियों की वजह से संचालन अनिश्चित समय के लिए रोक दिया है। इस बीच विश्व बैडमिंटन महासंघ (बीडब्ल्यूएफ) ने कहा कि वह बैडमिंटन इंग्लैंड के साथ पश्चिम एशिया में चल रही भूराजनैतिक स्थिति से पैदा होने वाली यात्रा चुनौतियों पर करीब से नजर रख रहा है।

### सिंधू ने दूतावास का आभार जताया

सिंधू ने इस मुश्किल समय में मदद के लिए दुबई में भारत के महावाणिज्य दूत का भी शुक्रिया अदा किया। उन्होंने कहा, ''हम सब अब सुरक्षित हैं और दुबई हवाई अड्डे के स्टाफ और दुबई अधिकारियों की लगातार कोशिशों की वजह से हमें अधिक सुरक्षित जगह पर ले जाया गया है।''

### खिलाड़ियों की सुरक्षा सबसे बड़ी प्राथमिकता

बीडब्ल्यूएफ ने बयान में कहा, ''सभी खिलाड़ियों, अधिकारियों और सहयोगी स्टाफ की सुरक्षा और भलाई हमारी सबसे बड़ी प्राथमिकता है।'' बीडब्ल्यूएफ ने कहा कि वह खिलाड़ियों के आगमन में देरी की स्थिति में प्रतियोगिता कार्यक्रम की समीक्षा और संभावित आपात स्थिति के लिए तैयार है। भारत के अधिकतर खिलाड़ी पहले ही बर्मिंघम पहुंच चुके हैं लेकिन सिंधू सहित कुछ खिलाड़ी बदलते भूराजनैतिक संकट से प्रभावित हैं।

### सभी जोड़ी बर्मिंघम पहुंच चुकी, उन्नति भारत में

सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की शीर्ष पुरुष युगल जोड़ी, पुरुष एकल खिलाड़ी लक्ष्य सेन, युवा आयुष शेट्टी, गायत्री गोपीचंद और त्रीसा जॉली की महिला युगल जोड़ी बर्मिंघम पहुंच चुके हैं। मालविका बंसोड़ भी पहुंच गई हैं लेकिन उन्नति हुड्डा अब भी भारत में हैं क्योंकि नयी दिल्ली से बर्मिंघम के लिए उनकी सीधी उड़ान आखिरी समय में रद्द हो गई थी।

## खबर संक्षेप



### जयसूर्या श्रीलंका टीम के मुख्य कोच का पद छोड़ेंगे

**कोलंबो।** सनथ जयसूर्या ने टी20 विश्व कप में श्रीलंका के खराब प्रदर्शन के बाद टीम के मुख्य कोच का पद छोड़ने का फैसला किया है। सह मेजबान श्रीलंका सुपर आठ चरण में अपने सभी मैच हार गया। ग्रुप चरण में टीम को जिम्बाब्वे से हार मिली जबकि उसने ऑस्ट्रेलिया तथा कमजोर माने जाने वाले ओमान और आयरलैंड के खिलाफ जीत दर्ज की। निवार को पाकिस्तान के खिलाफ श्रीलंका की हार के बाद जयसूर्या ने संवाददाताओं से कहा, ''मेरा अनुबंध जून में खत्म हो रहा है लेकिन मैं उससे पहले चला जाऊंगा। पद छोड़ने के अपने फैसले को लेकर मैं श्रीलंका क्रिकेट से बात करूंगा।''एकदिवसीय विश्व कप 1996 में श्रीलंका की खिताबी जीत के दौरान टूर्नामेंट के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी रहे जयसूर्या ने कहा, ''हमें बेहतर करना चाहिए था, मुझे दुख है और मैं प्रशंसकों से माफी मांगता हूं।'' उन्होंने कहा कि वानिंदु हसरंगा, मथीशा पथिराना और कुसाल मेंडिस की चोटों से श्रीलंका को काफी नुकसान हुआ।

### लुकाकू के गोल से नेपोली का जीत इंतजार खत्म

**मिलान।** रोमेलु लुकाकू ने शनिवार को यहां हेलास वेरोना के खिलाफ मैच की आखिरी किक पर सत्र का अपना पहला गोल किया जिससे



नेपोली का जीत का इंतजार खत्म हुआ। सत्र से पूर्व लगी जांघ की गंभीर चोट के कारण अब तक सत्र में सिर्फ 41 मिनट खेलने वाले लुकाकू ने इंजरी टाइम के छठे मिनट में गोल करके नेपोली को अंक तालिका में अंतिम स्थान पर चल रहे हेलास वेरोना पर 2-1 से जीत दिलाई। लुकाकू ने अपना पिछला गोल पिछले साल 23 मई को किया था जिसके बाद कुछ महीने उनके लिए बहुत बुरे बीते। जांघ में चोट लगने के कुछ समय बाद सितंबर 2025 में 58 साल की उम्र में उनके पिता का अचानक निधन हो गया। यह नेपोली की सभी प्रतियोगिताओं में चार मैच में पहली जीत थी। गत सीरी ए चैंपियन टीम अभी लीग तालिका में तीसरे स्थान पर है और शीर्ष पर चल रहे इंटर मिलान से 14 अंक पीछे है जिसने जिनोआ को 2-0 से हराया।

### चंडीगढ मैराथन में 3500 धावकों ने भाग लिया

**चंडीगढ।** इथियोपिया के ओल्बाना एन येडेट और मेस्केरम तेस्फाये फिकाडू ने चंडीगढ इंटरनेशनल



मैराथन में क्रमशः पुरूष और महिला वर्ग में फुल मैराथन जीती जबकि 3500 धावकों ने इसमें भाग लिया। हाफ मैराथन (21 किलोमीटर) में भारत के हरमनजोत सिंह और इथियोपिया की टीसेहे डेसालेन ने क्रमशः पुरूष और महिला वर्ग में खिताब जीते। दस किलोमीटर में साहिल कपूर ने पुरूष वर्ग में और सोनिया ने महिला वर्ग में जीत दर्ज की।

## लगातार तीसरी बार 5 मार्च को सेफा में होगी भारत-इंग्लैंड की भिड़ंत

# 'संकटमोचक' संजू के दम पर वेस्टइंडीज को हराकर भारत सेमीफाइनल में पहुंचा


⏭ विंडीज को 5 विकेट से हराया

⏭ बुमराह ने 2 विकेट झटके, तिलक वर्मा ने 15 गेंदों पर 27 रन बनाए

एजेंसी ⏭ कोलकाता

संजू सैमसन ने 'संकटमोचक' की भूमिका निभाते हुए नाबाद 97 रन बनाये जिसकी मदद से भारत ने 'क्वार्टर फाइनल' की तरह रहे टी-20 विश्व कप के सुपर आठ मुकाबले में रविवार को वेस्टइंडीज को पांच विकेट से हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया जहां पांच मार्च को उसका सामना इंग्लैंड से होगा। दूसरे सेमीफाइनल में चार मार्च को दक्षिण अफ्रीका की टक्कर न्यूजीलैंड से होगी। वेस्टइंडीज ने पहले बल्लेबाजी के लिये भेजे जाने पर चार विकेट पर 194 रन बनाये। खचाखच भरे ईडन गार्डंस पर भारत के फॉर्म में चल रहे सभी बल्लेबाज नाकाम रहे लेकिन संजू ने संभवतः अपने कैरियर की सबसे यादगार पारी खेलकर वेस्टइंडीज के जीत के अश्वमेधी अभियान में नकेल कसी। अभिषेक शर्मा ( 11 गेंद में 10 रन) एक बार फिर न सिर्फ बल्ले से नाकाम रहे बल्कि उन्होंने दो कैच भी टपकाये जबकि ईशान किशन भी दस रन बनाकर आउट हो गए।

संजू मैन आफ द मैच रहे




कप्तान सूर्यकुमार यादव ने 16 गेंद में 18 और तिलक वर्मा ने 15 गेंद में 27 रन बनाये। वहीं हार्दिक पंड्या 14 गेंद में 17 रन ही बना सके। वहीं संजू ने 50 गेंद की पारी में 12 चौके और चार छक्के लगाये और सलामी बल्लेबाज के रूप में उतरकर 'फिनिशर' की भूमिका निभाकर लौटे। भारत ने चार गेंद बाकी रहते जीत दर्ज की। संजू ने 19वें ओवर में रोमारियो शेफर्ड को स्क्वेयर लेग में छक्का लगाया और अगली गेंद पर चौका जड़ दिया। इसके साथ ही इस मैदान पर 2016 टी-20 विश्व कप जीतने वाली कैरेबियाई टीम टूर्नामेंट से बाहर हो गई। जीत के बाद स्टैंड से ' मां तुझे सलाम' और 'चक दे इंडिया' जैसे गानों के बीच सैमसन घुटने के बल बैठे, हेलमेट उतारा और ईश्वर को याद किया। भारतीय टीम ने खड़े होकर उनका अभिवादन किया। संजू ने तीसरे विकेट के लिये सूर्यकुमार के साथ 58 रन की साझेदारी की। इसके बाद तिलक के साथ 26 गेंद में 42 रन जोड़े। संजू के लिये यह काफी भावुक पल रहा होगा जो टीम में भीतर बाहर होते रहे हैं। पहले ईशान किशन की वापसी के कारण वह बाहर हुए। फिर नामीबिया के खिलाफ मैच में अभिषेक शर्मा के बीमार होने पर उन्हें जगह मिली।

**वेस्टइंडीज-195/4 (20)**

| खिलाड़ी | रन |
|---|---|
| शाइ होप बो वरूण | 32 |
| चेस का सूर्यकुमार बो बुमराह | 40 |
| शिमरोन का सैमसन बो बुमराह | 27 |
| शेरफान का सैमसन बो पंड्या | 14 |
| रोवमैन पॉवेल नाबाद | 34 |
| जैसन होल्डर नाबाद | 37 |

अतिरिक्त : 11 रन
योगः 20 ओवर में चार विकेट पर 195 रन
विकेट पतनः 1-68, 2-102, 3-103, 4-119
गेंदबाजीः अर्शदीप 4-0-43-0, पंड्या 4-0-40-1, अक्षर 4-0-35-0, बुमराह 4-0-36-2, वरूण 4-0-40-1

**भारत-199/5 (19.2)**

| खिलाड़ी | रन |
|---|---|
| अभिषेक का हेटमायेर बो हुसैन | 10 |
| संजू सैमसन नाबाद | 97 |
| ईशान का हेटमायेर बो होल्डर | 10 |
| सूर्यकुमार का रदरफोर्ड बो जोसेफ | 18 |
| तिलक का हेटमायेर बो होल्डर | 27 |
| हार्दिक का होल्डर बो जोसेफ | 17 |
| शिवम दुबे नाबाद | 8 |

अतिरिक्त : 12 रन
योग : 19.2 ओवर में पांच विकेट पर 199 रन
विकेट पतन : 1-29, 2-41 , 3-99, 4-141, 5-179
गेंदबाजीः हुसैन 2-0-22-1, फोर्डे 3-0-22-0, होल्डर 4-0-38-2, मोती 2-0-18-0, शेफर्ड 2.2-0-34-0, जोसेफ 4-0-42-2, चेस 2-0-18-0

ऑस्ट्रेलिया ने भारत को हराकर श्रृंखला क्लीन स्वीप की

# हीली ने शतक से वनडे क्रिकेट को कहा अलविदा

एजेंसी ⏭ होबार्ट



कप्तान एलिसा हीली ने 158 रन की पारी खेलकर शानदार अंदाज में वनडे क्रिकेट को अलविदा कहा जिससे ऑस्ट्रेलिया ने रविवार को यहां तीसरे और आखिरी महिला एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में विश्व चैंपियन भारत को 185 रन से हराकर श्रृंखला 3-0 से क्लीन स्वीप की।

पैंतीस साल की हीली का यह अंतिम वनडे मैच था जिनके 158 रन और बेथ मूनी के नाबाद 106 रन की मदद से ऑस्ट्रेलिया ने बल्लेबाजी का न्योता मिलने के बाद सात विकेट पर 409 रन का बड़ा स्कोर बनाया। इस 410 रन के बड़े लक्ष्य का पीछा करते हुए भारतीय टीम 45.1 ओवर में 224 रन पर ऑल आउट हो गई और तीन मैचों की सीरीज 0-3 से गंवा बैठी। हीली छह मार्च से भारत के खिलाफ पर्थ में एकमात्र गुलाबी गेंद का टेस्ट खेलने के बाद अपने शानदार अंतरराष्ट्रीय करियर को अलविदा कह देंगी। हीली ने 126 वनडे मैचों में 3777 रन बनाए हैं जिसमें आठ शतक और 19 अर्धशतक शामिल हैं। ऑस्ट्रेलिया ने फीबी लिचफील्ड (14) का विकेट जल्दी खो दिया लेकिन हीली और जॉर्जिया वोल (52 गेंद पर 62 रन) ने दूसरे विकेट के लिए 134 रन की साझेदारी करके पारी को संभाला। हीली और मूनी ने भी तीसरे विकेट के लिए 145 रन की साझेदारी करके ऑस्ट्रेलिया को विशाल स्कोर तक पहुंचाने में अहम भूमिका निभाई। अपना 126वां मैच खेल रही हीली ने आठवां एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय शतक जड़ा जिसमें उन्होंने 27 चौके और दो छक्के मारे।

### राणा ने छटके दो विकेट

भारत के लिए स्नेह राणा (66 रन पर दो विकेट) ने दो विकेट लिए। श्री चरणी (106 रन पर दो विकेट) ने भी दो विकेट चटकाए लेकिन एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय में 100 से अधिक रन लुटाने वाली सिर्फ तीसरी गेंदबाज बनीं। भारत ने लक्ष्य का पीछा करते हुए लगातार अंतराल पर विकेट गंवाए।

### मंधाना खाता भी नहीं खोल पाई

उप कप्तान और फॉर्म में चल रही स्मृति मंधाना खाता भी नहीं खेल सकीं और दूसरे ओवर में आउट होने वाली पहली खिलाड़ी रहीं। जिसके बाद प्रतिका रावल (27) और जेमिमा रोड्रिग्स ( 42) ने दूसरे विकेट के लिए 54 रन जोड़े। लेकिन आठवें ओवर में प्रतिका के आउट होने के बाद मुश्किलें बढ़ गईं।

पूर्व कप्तान सविता पूनिया ने निजी कारणों से लिया नाम वापस

# महिला विश्व कप क्वालीफायर हॉकी के लिए 20 सदस्यीय टीम घोषित



एजेंसी ⏭ हैदराबाद

अनुभवी गोलकीपर और पूर्व कप्तान सविता पूनिया ने निजी कारणों से महिला विश्व कप क्वालीफायर से नाम वापस ले लिया है जबकि हॉकी इंडिया ने रविवार को मिडफील्डर सलीमा टेटे की कप्तानी में 20 सदस्यीय टीम घोषित की।

■ प्रतियोगिता 8 मार्च से 14 मार्च तक हैदराबाद में खिली जाएगी

एफआईएच हॉकी विश्व कप 2026 क्वालीफायर आठ से 14 मार्च तक हैदराबाद में होना है। मेजबान भारत, इंग्लैंड, स्कॉटलैंड, कोरिया, इटली, उरुग्वे, वेल्स और ऑस्ट्रिया अगस्त में बेल्जियम और नीदरलैंड में होने वाले एफआईएच हॉकी विश्व कप 2026 के तीन क्वालीफिकेशन स्थानों के लिए चुनौती पेश कर रहे हैं। टीम को दो पूल में बांटा गया है जिसमें इंग्लैंड, कोरिया, इटली और ऑस्ट्रिया पूल ए में हैं जबकि मेजबान भारत, स्कॉटलैंड, उरुग्वे और वेल्स को पूल बी में रखा गया है। सूत्रों के मुताबिक सविता ने पारिवारिक कारणों से ब्रेक लिया है। एक सूत्र ने बताया, 'सविता टूर्नामेंट से पहले राष्ट्रीय शिविर का हिस्सा नहीं थीं क्योंकि उन्होंने पारिवारिक वजहों से नाम वापस ले लिया था। इसलिए उनके नाम पर विचार करने का कोई कारण नहीं था।'' अनुभवी सलीमा टीम की अगुआई करती रहेंगी। बंसरी सोलंकी और बिचू देवी खारीबाम गोलकीपिंग की जिम्मेदारी साझा करेंगी।

### टीम इस प्रकार है

गोलकीपरः बंसरी सोलंकी, बीचू देवी खारीबम। डिफेंडरः सुशीला चानू पुखरामबम, निक्की प्रधान, मनीषा चौहान, उदिता, इशिका चौधरी। मिडफील्डरः नेहा, सलीमा टेटे, सुनीता टोप्पो, साक्षी राणा, वैष्णवी विट्ठल फाल्के, रुतजा ददासो पिसल, दीपिका सोरेंग। फारवर्डः नवनीत कौर, इशिका, लालरेमसियामी, ब्यूटी डुंगडुंग, बलजीत कौर और अन्नू।

## अफ्रीका ने सुपर-8 में लगाई जीत की हैट्रिक, जिम्बाब्वे को 5 विकेट से हराया, ग्रुप-1 की टॉपर

**नई दिल्ली।** आईसीसी टी20 विश्व कप 2026 के अपने आखिरी सुपर-8 मैच में साउथ अफ्रीका ने जिम्बाब्वे को 5 विकेट से हरा दिया। इस जीत के साथ ही साउथ अफ्रीका की टीम सुपर-8 के पहले ग्रुप में तीनों मैच जीतकर 6 अंकों के साथ टेबल टॉपर बनी है। दिल्ली के अरुण



जेटली क्रिकेट स्टेडियम में खेले गए इस मैच में जिम्बाब्वे ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 153 रन का स्कोर खड़ा किया था। इसके जवाब में साउथ अफ्रीका ने 17.5 ओवर में 154 रन बनाकर मैच को अपने नाम कर लिया। इस जीत के साथ सेमीफाइनल में साउथ अफ्रीका की किस टीम से टक्कर होगी ये भी तय हो गया है। साउथ अफ्रीका सेमीफाइनल में ग्रुप-2 में दूसरे स्थान पर रहने वाली न्यूजीलैंड से भिड़ेगी। साउथ अफ्रीका और न्यूजीलैंड के बीच पहला सेमीफाइनल मैच 4 मार्च को कोलकाता के ईडन गार्डन्स क्रिकेट स्टेडियम में खेला जाएगा। हालांकि, मिडिल ऑर्डर में डेवाल्ड ब्रेविस ने 18 गेंद में 42 रनों की पारी खेलकर बाजी को पलट दिया। अपनी इस पारी में ब्रेविस ने 4 छक्के और 2 चौके भी लगाए. इसके अलावा साउथ अफ्रीका के लिए रायन रिकेल्टन ने 31 और जॉर्ड लिंडे की नाबाद 30 रनों की पारी भी उपयोगी रही।

चेक गणराज्य के डेविड नवारा को बराबरी पर रोका

# गुकेश को प्राग शतरंज महोत्सव में नवारा ने बराबरी पर रोका

एजेंसी ⏭ प्राग (चेक गणराज्य)

विश्व चैंपियन डी गुकेश का पहली जीत का इंतजार जारी रहा जब यहां प्राग अंतरराष्ट्रीय शतरंज महोत्सव के चौथे दौर में उन्हें चेक गणराज्य के डेविड नवारा ने बराबरी पर रोक दिया। नीदरलैंड के जोर्डन वान फोरेस्ट ने उज्बेकिस्तान के नोदिरबेक याकुबोएव को हराकर चार मैच में तीसरी जीत के साथ बढ़त बना ली है लेकिन गत चैंपियन भारत के अरविंद चिदंबरम को जर्मनी के विन्सेंट केमर के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा। दस खिलाड़ियों की इस प्रतियोगिता की दो अन्य बाजियां ड्रॉ रहीं जो अमेरिका के हेन्स मोके नीमैन और ईरान के परहम माघसूदलू तथा स्पेन के डेविड एंटोन गुइजारो और उज्बेकिस्तान के नोदिरबेक अब्दुसत्तोरोव के बीच खेली गईं। प्रतियोगिता में अब जब पांच दौर का खेल बाकी है तब वान फोरेस्ट तीन अंक के साथ शीर्ष पर हैं।

■ भारत के गुकेश को अभी पहली जीत का इंतजार



### दिव्या के डेढ़ अंक

*अब्दुसत्तोरोव और नवारा के ढाई अंक हैं जबकि उनसे आधा अंक पीछे याकुबोएव, केमर और गुइजारो हैं। चिदंबरम, गुकेश, नीमैन और माघसूदलू के डेढ़ अंक हैं। इस बीच चैलेंजर वर्ग में विश्व कप विजेता दिव्या देशमुख ने शीर्ष पर चल रही चेक गणराज्य की वेनक्लाव फिनेक को बराबरी पर रोका जबकि सूर्य शेखर गांगुली ने मेजबान देश के स्टीफन हर्बेक से ड्रॉ खेला। दिव्या के डेढ़ जबकि गांगुली का एक अंक है। फिनेक के तीन अंक हैं।*

टीम पूरी क्षमता से प्रदर्शन करने में नाकाम रही : आगा

# हमने दबाव में सही फैसले नहीं लिए: पाक कप्तान

एजेंसी ⏭ पाल्लेकल (श्रीलंका)

पाकिस्तान के कप्तान सलमान अली आगा का कहना है कि उन्होंने टी20 विश्व कप में दबाव में सही फैसले नहीं लिए और वे अपनी पूरी क्षमता से प्रदर्शन करने में नाकाम रहे। पाकिस्तान ने अपने आखिरी सुपर आठ चरण के मैच में सह मेजबान और पहले ही बाहर हो चुकी श्रीलंका को पांच रन के मामूली अंतर से हराया। लेकिन यह जीत उन्हें सेमीफाइनल में पहुंचाने के लिए काफी नहीं थी। आगा ने मैच के बाद प्रेस कांफ्रेंस में कहा, ''अगर आप पूरा टूर्नामेंट देखें तो हमने उम्मीद से कम प्रदर्शन किया है। 20 ओवर के मैच में हमने 18 ओवर बहुत अच्छे से खेले और दूसरी टीम को दो ओवर अच्छे से खेलने दिए गए। लेकिन आखिरी तीन ओवर में रणनीति पर अच्छी तरह अमल नहीं किया।



### हर मैच जरूरी होता है

कप्तान ने कहा, ''हर मैच जरूरी होता है क्योंकि अगर आप एक मैच हार जाते हैं तो ऐसा लगता है कि आप टूर्नामेंट से बाहर हो जाते हैं। इसलिए मुझे लगता है कि जब आप दबाव में होते हैं तो आपको अच्छे फैसले लेने होते हैं।'' आगा को लगता है कि पाकिस्तान के लिए समय की जरूरत है कि वे दबाव की स्थितियों में अपने खेल में सुधार करें।

### टूर्नामेंट में दबाव ज्यादा होता है

आगा ने कहा, ''और यही बात मैंने उनसे कही, जब हम दबाव में हों तो हमें बेहतर फैसले लेने होंगे। क्योंकि असल में आप दबाव में गलतियां करते हैं। और आईसीसी टूर्नामेंट में, दबाव ज्यादा होता है क्योंकि आप दुनिया की सबसे अच्छी टीमों के खिलाफ खेल रहे होते हैं।''

### गेंदबाजी बेहतर पर क्रियान्वयन में चूके

आगा ने कहा, ''हमने पहले इससे भी बेहतर गेंदबाजी की है। हमारी गेंदबाजी इकाई काफी बेहतर है। लेकिन हम ठीक से कार्यान्वयन करने में चूक गए। ''पाकिस्तानी के कप्तान ने खराब प्रदर्शन की पूरी जिम्मेदारी ली।

### हार के लिए हम जिम्मेदार थे

कप्तान ने कहा, ''हम इसकी पूरी जिम्मेदारी लेंगे। क्यों नहीं? क्योंकि हम टीम चुनने में शामिल थे और खिलाड़ियों के लिए हम जिम्मेदार थे। मैं जिम्मेदारी लूंगा और मुझे यकीन है कि कोच भी लेंगे। उन्होंने कहा कि दबाव की स्थितियों में फैसले लेना पाकिस्तान के लिए एक बड़ी समस्या थी जिसे आईसीसी टूर्नामेंट में बेहतर नतीजों के लिए सुलझाना होगा।




# महासंग्राम से 'महासंकट की दस्तक'



**एआई की नजर में जंग की विभीषिका:** हरिभूमि ने एआई से मिडिल ईस्ट की जंग के भविष्य की तस्वीर बनवाई, जिसके परिणाम बेहद डरावने है, पहली तस्वीर में हाहाकार और दूसरी में सर्वनाश दिखाया है

**1** जलडमरूमध्य बंद होने से कच्चे तेल की सप्लाई प्रभावित होगी और कीमतें बढ़ेंगी

**2** विमानों ने पिछले 24 घंटों में ईरान में अलग-अलग जगहों पर 1,200 से अधिक हथियार गिराए

**3** ईरान बीते 47 वर्षों से लगातार अमेरिका को मौत का नारा देकर लगातार भड़का रहा था

*ईरान, अमेरिका और इजराइल की यह जंग लंबे समय तक चलती है तो दुनिया के सामने कई तरह की चुनौतियां होंगी। हरिभूमि अपने पाठकों को इनसे रूबरू कराने का प्रयास कर रहा है।*

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

ईरान, इजराइल और अमेरिका के बीच मौजूदा सैन्य संघर्ष ने दुनिया को एक अभूतपूर्व वैश्विक संकट के मुहाने पर लाकर खड़ा कर दिया है। 28 फरवरी 2026 को अमेरिका के 'ऑपरेशन एपिक फ्यूरी' और इजराइल के 'लायन्स रोर' के तहत ईरान पर हुए हमलों के बाद स्थिति बेहद गंभीर हो गई है। इसका सबसे बड़ा संकट वैश्विक ऊर्जा सुरक्षा पर मंडरा रहा है। हॉर्मुज जलडमरूमध्य, जहां से दुनिया का लगभग 20-30% तेल गुजरता है, ईरान द्वारा बंद किए जाने की धमकी से कच्चे तेल की कीमतें 100 प्रति बैरल डॉलर के पार जाने का जोखिम है। भारत जैसे देशों के लिए यह 'दोहरी मार' है, क्योंकि भारत की तेल आपूर्ति का बड़ा हिस्सा इसी मार्ग से आता है और शिपिंग लागत पहले ही 50% तक बढ़ चुकी है। सामरिक दृष्टि से, यह केवल तीन देशों की जंग नहीं रही, बल्कि इसमें लेबनान (हिजबुल्ला), यमन (हुथी) और इराक के मिलिशिया गुटों के शामिल होने से पूरा मध्य-पूर्व 'प्रॉक्सी वॉर' की आग में झुलस रहा है। यदि यह संघर्ष लंबा खिंचता है, तो यह वैश्विक मंदी, शरणार्थी संकट और अंतरराष्ट्रीय कूटनीतिक ध्रुवीकरण (जैसे रूस-चीन की भूमिका) का कारण बन सकता है, जो विश्व शांति के लिए सीधा खतरा है। मतलब साफ है कि महासंग्राम से महासंकट की दस्तक मानी जा रही है।

## इजराइल ने बताई हमले की पूरी कहानी, वीडियो भी जारी किया

सबसे पहले बात करते हैं खामेनेई और उनके ठिकाने को कैसे निशाना बनाया गया। आईडीएफ ने रविवार को दावा किया कि ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई को मध्य तेहरान में उनके नेतृत्व परिसर के भीतर मार गिराया गया। आईडीएएफ ने दावा किया कि यह कार्रवाई इसराइल के खिलाफ दशकों से जारी आतंक के एक लंबे अध्याय का अंत है। खामेनेई को अमेरिका और इजराइल की संयुक्त कार्रवाई में मार दिया गया। इसे 46 साल के धर्मशासन में एक बड़ा मोड़ माना जा रहा है। वहीं, तेहरान की ओर से की गई जवाबी कार्रवाई के कारण पश्चिम एशिया के कई हिस्सों में तनाव और संघर्ष बढ़ गया है। अपने आधिकारिक बयान में आईडीएफ ने हमले की परिस्थितियों का विवरण दिया और कहा, वायु सेना सैन्य खुफिया की सटीक जानकारी के आधार पर और सैन्य खुफिया के सहयोग से मध्य तेहरान में उस नेतृत्व परिसर पर हमला किया।

## ईरान ने की राष्ट्रपति ट्रंप को मारने की कोशिश: अमेरिका



अमेरिका और इस्राइल के संयुक्त हवाई हमलों में ईरान के सुप्रीम लीडर अयातुल्ला सैयद अली खामेनेई की मौत हो गई है। कल तड़के सुबह इजराइल ने ईरान के कई शहरों और सैन्य ठिकानों पर ताबड़तोड़ हमले किए। ये हमले ईरान के मिलिट्री बेस, एयरफील्ड और सरकारी स्थानों को निशाना बनाकर किए गए। रविवार भी ईरान में हमलों का दौर जारी है। इसी बीच संयुक्त राष्ट्र में अमेरिका ने बड़ा दावा किया। अमेरिकी राजदूत माइक वाल्ट्ज ने कहा कि ईरानी सरकार ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को सीधे और प्रॉक्सी के माध्यम से मारने की कोशिश की। यूएन सुरक्षा परिषद में माइक वाल्ट्ज ने कहा कि ईरान 47 वर्षों से लगातार 'अमेरिका को मौत' का नारा दे रहा है और इजराइल को समाप्त करने की कोशिश कर रहा था। उन्होंने ईरान पर अमेरिका और इस्राइल के खिलाफ हमले करने, यूएन चार्टर का उल्लंघन करने और मिडिल ईस्ट में शांति के लिए खतरा पैदा करने का आरोप लगाया। वॉल्ट्ज ने कहा कि ईरान ने ट्रंप को मारने के प्रयास किए और खुद को पीड़ित बताते हुए अपनी कार्रवाइयों को छिपाने की कोशिश की। उन्होंने स्पष्ट किया कि ईरान की गतिविधियां अमेरिका, उसके सैनिकों, बेस, सहयोगियों और दुनिया भर के पार्टनर्स के लिए खतरा हैं।

### संयुक्त राष्ट्र में अमेरिका का बचाव

अमेरिकी-इस्राइल ऑपरेशन को लेकर अमेरिका ने यूएनएससी में कहा कि यह यूएन चार्टर के आर्टिकल 51 के तहत, देश और उसके सहयोगियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए वैध कदम है। वाल्ट्ज ने यह भी बताया कि ईरानी लोग इन हमलों पर शिकायत नहीं कर रहे, बल्कि जश्न मना रहे हैं।

## डराने वाले 10 तरह के संकट

- **ऊर्जा संकट :** हॉर्मुज जलडमरूमध्य बंद होने से कच्चे तेल की कीमतों में भारी उछाल
- **वैश्विक मुद्रास्फीति :** ईंधन महंगा होने से परिवहन लागत बढ़ेगी, जिससे दुनिया भर में खाद्य और आवश्यक वस्तुओं के दाम बढ़ेंगे
- **शिपिंग और व्यापार :** समुद्री मार्ग असुरक्षित होने से शिपिंग इंश्योरेंस और माल ढुलाई के समय में भारी वृद्धि
- **प्रॉक्सी वॉर का विस्तार :** हिजबुल्ला और हुथी विद्रोहियों द्वारा इजराइल व अमेरिकी ठिकानों पर हमलों में तेजी
- **क्षेत्रीय अस्थिरता :** यूएई, सऊदी अरब और कतर जैसे खाड़ी देशों के तेल बुनियादी ढांचों पर हमले का खतरा
- **परमाणु खतरा :** ईरान के परमाणु कार्यक्रमों पर सीधे हमलों से परमाणु प्रसार की नई होड़ या रेडियोधर्मी जोखिम
- **भारत पर प्रभाव :** 88% तेल आयात पर निर्भर भारत के लिए चालू खाता घाटा बढ़ने और रुपये के कमजोर होने का संकट
- **निवेश को झटका :** इजराइल में काम कर रही भारतीय कंपनियों (जैसे अडानी का हाइफा पोर्ट) के बिजनेस पर संकट
- **शरणार्थी समस्या :** मध्य-पूर्व में व्यापक युद्ध से यूरोप और पड़ोसी देशों की ओर बड़े पैमाने पर पलायन
- **राजनयिक ध्रुवीकरण :** रूस, चीन और पश्चिमी देशों के बीच तनाव बढ़ने से 'शीत युद्ध' जैसी स्थिति का फिर से पैदा होना

### निर्यातकों के सामने ये भी चिंताएं

# संकट का दिखा असर, चिंता में भारत के चावल निर्यातक, शिपमेंट अटके

पेमेंट में भी देरी ने बढ़ाई चिंता इसके अलावा निर्यात भी घट रहा है



### होर्मुज स्ट्रेट के दोनों ओर 150 जहाज फंसे

शिपिंग डेटा के अनुसार, होर्मुज स्ट्रेट के दोनों ओर सैकड़ों जहाज रुक गए हैं। कम से कम 150 टैंकर जिनमें कच्चे तेल और तरलीकृत प्राकृतिक गैस (एलएनजी) ले जाने वाले जहाज शामिल हैं। जलडमरूमध्य से आगे खाड़ी के खुले समुद्र में लंगर डाले खड़े हैं। इसके अलावा, इस समुद्री मार्ग के दूसरी ओर भी दर्जनों जहाज स्थिर स्थिति में हैं।

ईरान वॉर टेंशन का असर दिखने लगा है। मिडिल ईस्ट में बढ़ी इस टेंशन का असर भारतीय चावल निर्यातकों पर दिखने लगा है और एक्सपोर्टर शिपमेंट में रुकावट और पेमेंट में देरी का सामना करने को मजबूर हो रहे हैं। पहले से ही इस जंग का आशंका के बीच परेशानियां बढ़ती नजर आने लगी थीं। रिपोर्ट के मुताबिक, हरियाणा में चावल एक्सपोर्टर ईरान पर अमेरिका और इज़राइली के हमलों के बाद ईरान और अफगानिस्तान जाने वाले शिपमेंट में पेमेंट में देरी और रुकावट का सामना कर रहे हैं। राइस एक्सपोर्टर्स एसोसिएशन के स्टेट यूनिट प्रेसिडेंट सुशील कुमार जैन ने कहा कि इस जंग का चावल के ट्रेड पर असर शुरू हो चुका है। जो शिपमेंट ईरान या ईरान के सबसे बड़े पोर्ट बंदर अब्बास के रास्ते अफगानिस्तान जा रहे थे, वे अटक गए हैं। उन्होंने कहा कि जब तक हालात ठीक नहीं हो जाते, ये शिपमेंट रुके रहेंगे और इसका असर मार्केट पर पड़ेगा, जिससे पेमेंट में भी देरी हो सकती है। हालांकि, जैन के मुताबिक, इसके पूरे असर का अंदाजा लगाना अभी जल्दबाजी होगी, क्योंकि यह इस बात पर निर्भर करेगा कि लड़ाई कितने समय तक चलती है। भारत के कुल सालाना चावल निर्यात में करीब 35 फीसदी हिस्सा हरियाणा से होता है। करनाल के एक राइस मिलर नीरज कुमार की मानें, तो शनिवार से लड़ाई शुरू होने के बाद अनिश्चितता की स्थिति है। एक दिन के अंदर व्यापार पर असर दिखा है, जिससे बासमती के रेट में लगभग 4-5 रुपए प्रति किलोग्राम की गिरावट आई है और ये 400-500 रुपए प्रति क्विंटल होती है। ऐसा ही असर बीते साल जून 2025 में ईरान-इजराइल संघर्ष के दौरान दिखा था। एक्सपोर्टर युद्ध के दौरान जहाजों के लिए इंश्योरेंस कवरेज की कमी को लेकर भी परेशान हैं, उनका रिस्क बढ़ जाता है। सऊदी अरब के बाद ईरान भारत का दूसरा सबसे बड़ा बासमती चावल मार्केट है।

### वेस्ट एशिया संकट: मप्र के 700 से ज्यादा यात्री यूएई में फंसे

# किसी ने कहा- दवा खत्म हुई तो किसी ने कहा हम परीक्षा नहीं दे पाएंगे



जंग से मिडिल ईस्ट में हालात बिगड़ने लगे हैं, जिसका असर अब पंजाब के लोगों पर भी दिख रहा है। एयरस्पेस बंद होने से संयुक्त अरब अमीरात के शारजाह इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर कई पंजाबी यात्री फंस गए हैं। बठिंडा की प्रिंसिपल नीरू गर्ग ने एयरपोर्ट से वीडियो जारी कर बताया कि उनके पास बीपी और शुगर जैसी जरूरी दवाइयां खत्म हो चुकी हैं और हालात लगातार मुश्किल होते जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि उन्होंने भारत सरकार से मदद की अपील की थी, लेकिन अभी तक कोई ठोस प्रबंध नहीं हुआ। पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष के बीच उड़ानों के रद्द होने से मध्य प्रदेश के 700 से ज्यादा लोग संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) में फंस गए हैं। रविवार को ट्रैवल एजेंट्स संगठन ने बताया कि फंसे लोगों में मप्र के दो पूर्व विधायक भी शामिल हैं।

### कहां कितने भारतीय फंसे

- ईरान में फंसे छात्र: 1,200
- हवाई अड्डों पर फंसे यात्री: 400
- पूरे खाड़ी में: लगभग 80 लाख

## कथा सुनाने गए पंडितजी दुबई में फंसे



ईरान और इजरायल के बीच चल रहे युद्ध के कारण जोधपुर के 120 श्रद्धालु दुबई में फंस गए हैं। ये सभी लोग बड़ा रामद्वारा सूरसागर के संत अमृतराम महाराज की कथा सुनने के लिए दुबई गए थे। महाराज की 24 से 28 फरवरी तक दुबई में कथा थी, जो सेवन सीज होटल में थी। सभी लोग 23 फरवरी को दुबई गए थे। वहीं कथा 28 फरवरी को खत्म हुई तो वे वापस आने वाले थे। जोधपुर के मंडोर और सूरसागर के माली समाज के करीब 100 लोग शामिल होने गए थे। कथा शनिवार को समाप्त होने के बाद सभी आबुधाबी एयरपोर्ट पहुंचे। वहां पहुंचने के बाद उन्हें उड़ान रद्द होने की सूचना मिली। इसके बाद पुलिस ने उन लोगों को वापस होटल भेज दिया। वहीं दुबई में फंसे लोगों ने केंद्रीय सरकार से तत्काल मदद की मांग की है।

## बॉलीवुड के कई सितारे फंसे,पीएम से गुहार



दुबई में इस वक्त कई बॉलीवुड और फिल्मी जगत के सितारे फंसे हुए हैं। एक्ट्रेस सोनल चौहान ने भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से उन्हें वापस घर पहुंचाने की अपील की थी। वहीं, ईशा गुप्ता ने भी बताया कि वो यूएई में हैं लेकिन वहां की डिफेंस सिस्टम के कारण सुरक्षित हैं। खुद को फिल्म क्रिटिक कहने वाले कमाल आर खान भी दुबई में अपने परिवार के साथ रहते हैं। उन्होंने एक्स पर इस गंभीर स्थिति में रहने पर रिएक्ट किया है। केआरके ने लिखा है कि दुबई में मिसाइलों और ड्रोन के धमाकों की तेज आवाज के कारण मेरा परिवार पूरी रात सो नहीं पाया। शहर के लिए यह बहुत ही खतरनाक स्थिति है।




हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक देवेन्द्र सिंह बाल्यान द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सैंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035 से प्रकाशित। सम्पादक : डॉ.हिमांशु द्विवेदी। आरएनआई नं 69631/1998, फोन : 011-40451115/16, 40451109